खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम : 25°C

लखनऊ, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 332 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 9 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कश्मीरियों को बंदूक से डरा रही भाजपा : महबूबा मुफ्ती पेज 2



मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी के दफ्तर में जमा कराई खेल टाइम्स



अहिंसा गांधी का शास्त्र, भारत की पहचान व नई पीढ़ी की चुनौती सम्पादकीय



अमेरिका में शटडाउन हुआ लागू, सरकारी कामकाज ठप पेज 12

# मुजफ्फरनगर: हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार, छह की मौत

## एक की हालत गंभीर, करनाल से अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार जा रहा था परिवार

शाह टाइम्स संवाददाता

■ अर्टिगा कार में चालक के अलावा परिवार के छह लोग थे सवार, मृतकों में मां-बेटा सहित 3 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल



**तितावी (मुजफ्फरनगर)।** बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अर्टिगा कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। कार चालक को नींद की झपकी आने पर सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मां- बेटा सहित तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें 5 की मौके पर मौत हो गई और एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक की हालत गंभीर है।

हरियाणा के करनाल जिले के फरीदपुर के रहने वाले महेंद्र जुनेजा कैंसर से पीड़ित थे। 22 सितम्बर को हार्ट फैल होने से महेंद्र की मौत हो गई थी। बुधवार को उनकी अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए सभी परिवार के लोग दो कारों में सवार होकर करनाल से हरिद्वार जा रहे थे। एक कार में सवार महेंद्र की पत्नी, एक बेटा, दो बहनें, एक -शेष पृष्ठ दो पर

### मृतकों के नाम

महेंद्र की पत्नी मोहिनी (45), बड़ा बेटा पीयूष (22), जीजा राजेंद्र (60) निवासी पानीपत, बहन विम्मी (50), छोटी बहन अंजू (46) और ड्राइवर शिवा (24) शामिल हैं।

### ड्राइवर रात को हिमाचल से आया था

हादसे में जान गंवाने वाला ड्राइवर शिवा पुत्र विनोद भी करनाल के फरीदपुर गांव का ही रहने वाला था। उसके 2 छोटे भाई अरुण और मोहित हैं। शिवा की 3 साल पहले दिल्ली की काजल से शादी हुई थी। उसका एक डेढ़ साल का बेटा रोनित है। परिवार ने बताया कि शिवा मंगलवार रात को हिमाचल में स्थित ज्वालाजी के दर्शन करके लौटा था। वह बुधवार को हरिद्वार नहीं जाना चाहता था, लेकिन कार मालिक ने आकर कहा कि बुकिंग हो चुकी है, इसलिए जाना पड़ेगा। इसके बाद शिवा घर से चला गया।

# घुसपैठियों से चुनौती मिल रही, सतर्क रहना होगा: मोदी

■ कहा: संघ के पास डेमोग्राफी में बदलाव रोकने का रोडमैप

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आरएसएस के शताब्दी समारोह में बुधवार को कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता नहीं दिखाई। चाहे प्रतिबंध लगे, या साजिश हुई हो। सभी का मंत्र रहा है कि जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है।

उन्होंने इस मौके पर आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक जो लगातार देश सेवा में जुटे हैं। समाज को सशक्त कर रहे हैं, इसकी भी झलक इस डाक टिकट में है। मैं इसके लिए देश को बधाई देता हूं। डाक टिकट पर श्राष्ट्र सेवा के 100 वर्ष (1925-2025) लिखा है। सिक्के पर एक तरफ 100, सत्यमेव जयते और भारत/इंडिया लिखा है। दूसरी तरफ, भारत माता और संघ कार्यकर्ताओं की आकृति उकेरी गई है। पीएम ने कहा कि डटकर मुकाबला करना है। दूसरे देशों पर -शेष पृष्ठ दो पर

## चैतन्यानंद के कॉलेज से सेक्स टॉय व पोर्न सीडी मिली

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी जिस कॉलेज में पढ़ाता था। उसके कैंपस से पुलिस को एक सेक्स टाय और पांच पोर्न सीडी मिली हैं। दिल्ली पुलिस बुधवार को चैतन्यानंद को लेकर कैंपस में छापेमारी करने गई थी। तलाशी के दौरान पुलिस को अश्लील सामग्री के अलावा प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और ब्रिटेन के एक अन्य नेता के साथ कथित तौर पर स्वामी की जाली तस्वीरें भी मिलीं। एक दिन पहले पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की थी।

## कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 15.50 रुपये बढ़ गए हैं। वहीं 14.12 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले इस साल मार्च के बाद लगातार छह बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1,580 रुपये की बजाय 1,595.50 रुपये का मिलेगा।

## सितम्बर में GST संग्रह 9.1% बढ़कर 1,89,017 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** जीएसटी के तहत कुल राजस्व संग्रह सितम्बर 2025 में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1,89,017 करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि सितम्बर 2024 में सकल जीएसटी राजस्व 1,73,240 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल से सितम्बर तक कुल जीएसटी राजस्व संग्रह पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही की तुलना में 9.8 फीसदी बढ़कर 11,93,431 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सितम्बर में कुल जीएसटी रिफंड 40.1 प्रतिशत बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया।

## केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले दिया तोहफा

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 % बढ़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ 49 लाख कर्मचारी, 68 लाख पेंशनर्स को फायदा, एक जुलाई से लागू, तीन महीने का एरियर मिलेगा

■ 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की भी मिली मंजूरी, गेहूं का एमएसपी 160 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने दिवाली और दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। यह इजाफा एक जुलाई से लागू होगा। कर्मचारियों को 3 महीने का एरियर मिलेगा। यह फैसला बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया।

अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो जाएगा। इसका लाभ 49.2 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। इससे केंद्र सरकार के खजाने पर 10,084 करोड़ रुपये का भार आएगा। मार्च महीने में महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। तब यह 7 साल में सबसे कम इजाफा था। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच होती है, लेकिन उस वक्त बढ़ोतरी सिर्फ 2 प्रतिशत की गई थी। महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, डीए दिया जाता है। डीए की दरें ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (एआईसीपीआई) के आधार पर तय होती हैं, और यह हर 6 महीने में अपडेट होती है। कैबिनेट बैठक में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी गई है। इसमें से 7 गृह मंत्रालय के अंतर्गत आएंगे। वहीं 50 विद्यालयों को राज्य सरकार संभालेगी। इनमें से 20 स्कूल उन जिलों में खोले जाएंगे जहां पहले से कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गेहूं की एमएसपी 160 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। वहीं रबी सीजन 2026-27 में सरकार 297 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का अनुमान लगा रही है। रबी सीजन 2026-27 के दौरान अनुमानित खरीद 297 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है और प्रस्तावित एमएसपी पर किसानों को भुगतान की जाने वाली राशि 84,263 करोड़ रुपये है। कैबिनेट ने एनएच-715 पर कालिबोर-नुमालिगढ़ के बीच 86 किलोमीटर लंबे रास्ते को फोर-लेन बनाने की मंजूरी दी। ये हाईवे तेजपुर और झांजी को जोड़ता है। फिलहाल, इस पर कुछ दूरी दो लेन की है। इस पर 6,967 करोड़ रुपये खर्च आएगा। बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिली है, जिसपर 1,500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले दो फेज पूरे हो चुके। जिस पर सरकार ने कुल 2,388 करोड़ रुपये खर्च किए थे और 721 अनुदान जारी किए थे। थर्ड फेज के तहत 401 रिसर्चर को 6 साल तक सपोर्ट। इसमें 192 रिसर्च फेलोशिप, 106 अनुदान और 103 रिसर्च मैनेजमेंट शामिल है।

# जस की तस रहेगी लोन की ईएमआई

## आरबीआई ने रेपो रेट 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा

■ जीएसटी में सुधारों से महंगाई पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी की तीन दिन चली बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी।

तमाम बाजार विश्लेषकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती के दावों के बीच अनुमान जताया गया था कि आरबीआई एमपीसी इस बार नीतिगत दरों को स्थिर रखेगी। आरबीआई के इस फैसले से जस की तस रहेगी लोन की ईएमआई। आरबीआई गवर्नर ने बुधवार को नीतिगत दरों को बरकरार रखने का ऐलान करते हुए बताया कि अनुकूल मानसून, कम मुद्रास्फीति और मौद्रिक नरमी से आर्थिक वृद्धि की संभावना मजबूत बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी के फैसलों का एलान करते हुए कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से महंगाई पर मजबूत असर पड़ेगा। इसके साथ ही उपभोग और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया।

## यूपीआई लेनदेन पर शुल्क का प्रस्ताव नहीं

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से लेनदेन पर शुल्क लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि फिलहाल यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव आरबीआई की ओर से नहीं है। लोन पर स्मार्टफोन खरीदने के बाद उसकी किस्त न भर पाने की स्थिति में बैंक को फोन लॉक करने का अधिकार देने के बारे में पूछे जाने पर आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यह अभी परीक्षणाधीन है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# एनसीआरबी रिपोर्ट: देश में सात प्रतिशत बढ़ा क्राइम




**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने मंगलवार को देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोर्ट सार्वजनिक की। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में देश में कुल 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए। ए 2022 की तुलना में 7.2 फीसदी ज्यादा हैं।

देशभर में महिलाओं पर 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान (5,078 केस) का पहला स्थान है। हत्या के मामले में यूपी (3,206 केस) सबसे आगे है। वहीं, देशभर में बड़े क्राइम जैसे हत्या, दुष्कर्म और लूट के मामलों में कमी देखी गई है। हालांकि इनमें दुष्कर्म के केस सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। दूसरे नंबर पर हत्या और तीसरे पर लूट के केस दर्ज हुए। इस रिपोर्ट के मुताबिक राज्यों में हत्या और अपहरण के मामलों में उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे ऊपर हैं। यानी गंभीर अपराधों की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में इन दोनों राज्यों में सबसे अधिक है। इसके अलावा, सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में भी यूपी टॉप पर है, जो राज्य में बढ़ती ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं को दर्शाता है। देशभर में साइबर क्राइम के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में कुल 86,420 केस दर्द किए गए। साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। देश में सबसे कम साइबर क्राइम सिक्किम में दर्ज किए गए। 2023 में बच्चों के खिलाफ अपराधों की दर 39.9 प्रति एक लाख बाल जनसंख्या रही, जो 2022 में 36.6 थी। इन मामलों में अपहरण (79,884, 45 फीसदी) और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध (67,694, 38.2 फीसदी) सबसे प्रमुख रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### अतीक का बेटा अली अहमद झांसी जेल में स्थानांतरित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में केंद्रीय कारागार नैनी में पिछले 38 महीने से बंद अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को बुधवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झांसी जेल में ट्रांसफर कर दिया गया। प्रयागराज के प्रॉपर्टी डीलर से पांच करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में अली अहमद 30 जुलाई 2022 से नैनी जेल के हाई सिक्योरिटी सेल में बंद था। उसका नाम उमेश पाल हत्याकांड में भी आया है। बुधवार को नैनी जेल प्रशासन को देर रात शासन से ट्रांसफर का आदेश मिला, जिसके बाद सुबह करीब आठ बजे भारी पुलिस बल के साथ अली को झांसी के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सख्त सुरक्षा प्रबंध किए गए। बताया जा रहा है कि 17 जून को डीआईजी जेल के औचक निरीक्षण में अली के बैरक में 1100 रुपये नकद मिले थे, जिसके बाद जेलकर्मियों पर कार्रवाई हुई थी। इसी के चलते अली को अन्य जेल में शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया तेज हुई थी।

### जुबीन गर्ग मौत में नामजद आरोपियों को हिरासत में भेजा

**गुवाहाटी।** विश्व विख्यात गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में दर्ज एफआईआर में नामजद दो आरोपियों श्यामक. ानु महंत और सिद्धार्थ शर्मा को बुधवार को एक अदालत ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया । एसआईटी ने दोनों आरोपियों को मंगलवार देर रात दिल्ली में गिरफ्तार किया गया और आज सुबह गुवाहाटी स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए उन्हें 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया।

# कश्मीरियों को बंदूक से डरा रही भाजपाः मुफ्ती

## कहाः लोगों को जबरन राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीडीपी प्रमुख ने 15 युवाओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की


■ पुलिस स्कूल की जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में राष्ट्रगान के दौरान खड़े न होने के आरोप में 15 युवाओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में लोगों को जबरन, यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष मुफ्ती ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है। जब मैं स्टूडेंट थी, तो हम अपनी इच्छा से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन अब यह दबाव डालकर करवाया जा रहा है। यह सरकार की विफलता है। दरअसल, 30 सितम्बर की शाम श्रीनगर के टीआरसी फुटबब्ल मैदान राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान वहां मौजूद 15 युवक खड़े नहीं हुए। मामला सामने आने पर पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया था। महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को श्रीनगर में मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट (एमईटी) स्कूल का दौरा किया। मुफ्ती ने मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट स्कूल के मैदान का दौरा करने के बाद कहा कि पुलिस इस जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही है, जिससे स्थानीय लोगों और युवाओं को खेल का मैदान खोना पड़ सकता है। हमारे खेल मैदान छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं डीजीपी से आग्रह करती हूं कि इस मैदान को बचाया जाए। इसके अलावा उन्होंने चटाबल इलाके के डेयरी फार्म मैदान का भी दौरा किया। यहां स्थानीय लोग लंबे समय से इसे सार्वजनिक खेल मैदान के रूप में बचाए रखने की मांग कर रहे हैं। यह मैदान दशकों से खेलों के लिए इस्तेमाल हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी मन की बात में पुलवामा की नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना की थी। इसलिए सेना को भी चाहिए कि यह मैदान युवाओं से न छीना जाए।

# उप्र में मृतक आश्रित कोटे में अब उच्च पद पर नहीं मिलेगी नौकरी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समूह ग और घ के पद पर कार्यरत कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मौत होने पर उसके आश्रित को उसी श्रेणी से उच्च पदों पर नौकरी नहीं दी जाएगी।

प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (चौदहवां संशोधन) नियमावली-2025 जारी कर दी है। नियमावली के नियम 5 (1) में इसका प्रावधान कर दिया गया है। अब मृतक सरकारी सेवक जिस समूह में मृत्यु के समय कार्यरत था, उसके आश्रित को उस समूह से उच्चतर वर्ग में नौकरी नहीं दी जाएगी। नौकरी पाने के दौरान यदि उसे टाइपिंग नहीं आती है, तो उसे एक साल में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट करना सीखना होगा। अनुकंपा पर नौकरी पाने वाला यदि एक साल में टाइपिंग नहीं सीख पाता है तो उसे चतुर्थ श्रेणी के पद पर कर दिया जाएगा और वह तय समय में कार्यभार ग्रहण नहीं करता है, तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परिधि में आने वाले पदों या पूर्व में इसमें आने वाले या फिर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से भर्ती होने वाले पदों पर आश्रितों को अनु. कंपा पर नौकरी नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल प्रेमलता बनाम राज्य सरकार व अन्य में 5 अक्तूबर 2021 में पारित आदेश के आधार पर यह फैसला किया गया है।

# योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के विरोध में सिख समाज ने दिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** महाराष्ट्र के मौलाना द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ बुधवार को प्रदेश के 45 जिलों से आए सिख समाज के प्रतिनिधियों ने लखनऊ में धरना देकर विरोध दर्ज कराया।

इस दौरान लखनऊ की पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया भी साथ मे थी। परिवर्तन चौक पर धरना दे रहे सिख समाज ने मौलाना के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। गुरु गोविन्द सिंह सेवा समिति उप्र के महामंत्री सरदार परवीन्दर सिंह एडवोकेट ने कहा की सिख समाज सभी धर्मो का सम्मान करता है एवं राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहता है। महाराष्ट्र के मौलाना के द्वारा जिस प्रकार से मुख्यमंत्री के विषय में निष्कृष्ट शब्दों का उपयोग किया गया है, वह अत्यन्त निन्दनीय है व असहनीय है। उन्होंने कहा कि उप्र का सिख समाज एकत्र होकर आज यहां यह संदेश देना चाहता है कि मुख्यमंत्री जो कि सिख गुरुओ के प्रति गहरी श्रद्धा एवं आस्था रखते है एवं संत प्रवृत्ति के है। ऐसे कर्म योगी के विषय में कोई भी अनैतिक कार्य सिख समाज बर्दाश्त नही करेगा एवं स्वयं ढाल बनकर खड़ा होगा। कानपुर से आए हुए उत्तर प्रदेश सिख फाउण्डेशन के अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा एवं सरदार खीन्दर सिंह रिन्कू तथा गुरुविन्दर वासू एवं राजेन्द्र सिंह नीटा ने मुख्यमंत्री के द्वारा सिख समाज के लिए किए गए कार्यो के विषय में विस्तार से बताया। बहराइच गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया ने मुख्यमंत्री को सनातन धर्म रक्षक बताया एवं उनके लिए सदैव खड़े रहने की बात कही।

## आरएसएस ने देश को फायदा पहुंचाने वाला कोई काम नहीं किया

# संघ के सौ साल पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ कहाः इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) 100 साल का हो चुका है, लेकिन अपनी स्थापना से अब तक उसने कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे देश को फायदा हुआ है।

कांग्रेस ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया पर एक बयान में संघ पर अंग्रेजों का मुखबिर होने का आरोप लगाया और कहा कि इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया है। पार्टी ने कहा कि संघ का आज शताब्दी वर्ष है लेकिन इन सौ वर्षों में इस संगठन ने एक भी काम ऐसा नहीं किया जिससे देश को नुकसान छोड़ कोई फायदा पहुंचाया हो। पार्टी ने संघ को देश को बांटने वाला संगठन बताया और कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान उसके नेता न जेल गए और न ही अंग्रेजों ने उस पर कभी प्रतिबंध लगाया था। कांग्रेस ने तीखा हमला करते हुए कहा कि 1942 में अंग्रेजों के खिलाफ शुरू हुए भारत छोड़ो आंदोलन में जब पूरा देश जेल जा रहा था, तब संघ इस आंदोलन को दबाने में अंग्रेजों की मदद कर रहा था। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस संगठन का एक भी नेता आजादी की लड़ाई में जेल नहीं गया और महात्मा गांधी, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे देशभक्तों और क्रांतिकारियों को अराजक कहकर ब्रिटिश शासन के पक्ष में काम करता रहा। पार्टी ने संघ पर यह भी आरोप लगाया कि उसने संविधान निर्माण के लिए अपने एक भी प्रतिनिधि को संविधान सभा में नहीं भेजा था इसलिए शुरु से ही वह (संघ) संविधान को नकारता रहा है।

### संघ बताए, सौ साल में दलितों, पिछड़ों का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं किया : संजय सिंह

**लखनऊ।** आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरएसएस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि आरएसएस में राष्ट्रीय शब्द लगा होने के बावजूद, यह संगठन देश की 85 प्रतिशत आबादी (दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों) का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं करता है। बुधवार को सांसद संजय सिंह ने पूछा कि 100 सालों के इतिहास में एक भी दलित, पिछड़ा या आदिवासी आरएसएस का प्रमुख क्यों नहीं बना। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि आज तक एक भी महिला को भी संघ का प्रमुख क्यों नहीं बनाया गया। उन्होंने आरएसएस पर मनुवादी व्यवस्था और जातीय भेदभाव तथा छुआछूत की व्यवस्था में विश्वास रखने का आरोप लगाया और कहा कि यह संगठन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और उनके संविधान के खिलाफ है। उन्होंने जनता से ऐसे संगठनों से सावधान रहने की अपील की। संजय सिंह ने आरएसएस के आजादी के आंदोलन में योगदान पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस सच्चाई को देश की जनता को जानना बहुत जरूरी है।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 117332
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 145120
प्रति किलो



# झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स भी उछला



**मुंबई।** मौद्रिक नीति और सुधारों पर रिजर्व बैंक के बयान के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई और लगातार आठ कारोबारी सत्रों की गिरावट से उबरता हुआ बीएसई का संसेक्स लगभग 716 अंक उछल गया।

केंद्रीय बैंक ने आज बैंकिंग में सुधार और ऋण उठाव को बढ़ावा देने के लिए कई प्रस्तावों की घोषणा की। इससे निजी बैंकों के शेयरों में अच्छी खासी तेजी देखी गई। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक और यात्री वाहनों के कारोबार को अलग करने के लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा के बाद उसके शेयरों में 5.54 प्रतिशत का उछाल देखा गया। संसेक्स 715.69 अंक (0.89 प्रतिशत) की तेजी के साथ 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.20 अंक यानी 0.92 प्रतिशत चढ़कर 24,836.30 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी इसी तरह की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.10 प्रतिशत बढ़ गया। एनएसई में निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक 1.97 प्रतिशत और फार्मा का 1.30 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। स्वास्थ्य समूह, रियलिटी, ऑटो, आईटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में भी निवेशक लिवाल रहे। सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर को छोड़कर अन्य सभी में तेजी रही। एनएसई की जिन 3,159 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,199 में बढ़त में और 875 गिरावट में बंद हुए जबकि अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततघ अपरिवर्तित रहे। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 5.54 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक में 3.45 प्रतिशत, ट्रेंट में 3. 31 प्रतिशत, सनफार्मा में 2.58 फीसदी और एक्सिस बैंक में 2.43 फीसदी की तेजी रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.77 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.48 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1. 33 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1. 26 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.20 प्रतिशत, इटनरनल का 1.06 प्रतिशत, टाइटन का 1.04 प्रतिशत और आईटीसी का 1.01 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। टीसीएस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। सबसे अधिक 1.10 फीसदी की गिरावट बजाज फाइनेंस में देखी गई। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.97 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.86 फीसदी और टाटा स्टील का 0.71 फीसदी टूट गया।

# सोना-चांदी के दाम ऑलटाइम हाई पर

**मुंबई।** सोने-चांदी के दाम एक अक्टूबर को एक बार फिर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,983 रुपये बढ़कर 1,17,332 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले ये 1,15,349 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत भी 2,686 रुपये महंगी होकर 1,45,120 पर पहुंच गई। कल ये 1,42,434 रुपये पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 41,170 रुपये बढ़ी है। 31 दिसम्बर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,17,332 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 59,103 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,45,120 रुपये प्रति किलो हो गई है। 1.55 लाख रुपये तक जा सकता है सोना गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डालर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपये में यह लगभग 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम होगा।

# बुनियादी बचत खातों पर भी मिलेगी डिजिटल बैंकिंग की सुविधा

**मुंबई।** बुनियादी बचत बैंक खातों पर भी अब न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के बिना डिजिटल बैंकिंग की सुविधा मिलेगी।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में कहा किबुनियादी बचत बैंक खाताधारकों को न्यूनतम बैलेंस न रखने के लिए कोई शुल्क लगाए बिना दी जाने वाली सेवाओं में डिजिटल बैंकिंग (मोबाइल/इंटरनेट बैंकिंग) को भी शामिल करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में जारी बयान में कहा गया है कि बुनियादी बचत खातों पर कुछ बुनियादी सुविधाएं बिना किसी शुल्क के मिलती हैं। मौजूदा परिस्थितियों में लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका विस्तार करने की योजना है ताकि वित्तीय समावेशन बढ़ सके।

इसके अलावा, आम लोगों की सुविधा के लिए बैंकों में दो आंतरिक ओम्बुड्समैन की प्रणाली को मजबूती प्रदान कर शिकायत निवारण को ज्यादा प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही, रिजर्व बैंक ओम्बुड्समैन योजना में भी बदलाव किए जाएंगे और इसमें ग्रामीण सहकारी बैंकों को भी शामिल किया जाएगा।

### चौहान ने बढ़े एमएसपी पर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि दलहन मिशन और रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुए इजाफे से खेती और किसानों के कल्याण पर खासा असर पड़ेगा। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि वह देश के किसानों की ओर से इन निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। ये फैसले देश की खाद्य, पोषण सुरक्षा और किसान कल्याण और कृषि पैदावार के क्षेत्र में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने किसान हित को सर्वोपरि मानते हुए संसाधनों एवं योजनाओं को समग्र रुप से जोड़ने की दिशा बनाई है और यह किसानों के प्रति मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता को दर्शाता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुजफ्फरनगर...**जीजा और ड्राइवर की मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। हादसा बुधवार सुबह 6 बजे के करीब पानीपत-खटीमा हाईवे 709 एडी पर जयत्रिदेव फेमिली ढाबा (तितावी) के सामने हुआ। हादसा इतना भीषण था कि अर्टिगा कार संख्या एचआर 97ए-4097 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के बाद चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अर्टिगा का अगला हिस्सा ट्रक में फंस गया। मो. हिनी, पीयूष, राजेंद्र, विम्मी और ड्राइवर शिवा की मौके पर मौत हो चुकी थी। अंजू और हार्दिक गंभीर रूप से घायल थे। मृतक करनाल के फरीदपुर और पानीपत के रहने वाले थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। एम्बुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को तुरंत बघरा सीएचसी ले जाया गया। यहां से अंजू को मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया जहां अस्पताल में अंजू ने भी दम तोड़ दिया। हार्दिक की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिवार के लोग उसे पानीपत के लिए निजी अस्पताल में लेकर आए हैं। दूसरी गाड़ी ब्रेजा को ड्राइवर संदीप चला रहा था। इस गाड़ी में महेंद्र का भाई आत्मप्रकाश, सुरेंद्र, बहन मंजू और उसका साला बाबू था। हादसे के बाद इन लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। महेंद्र की सेनेटरी की दुकान थी-महेंन्द्र के भाई राजेंद्र ने बताया कि भाई महेंद्र जुनेजा की पिछले 7 साल से पानीपत में सेनेटरी स्टोर की दुकान है। उसके 2 बेटे- पीयूष और हार्दिक हैं। पीयूष ने 12वीं करने के बाद कॉलेज में एडमिशन लिया था। हादिक 10वीं क्लास में था। पिता के बीमार होने के बाद दोनों भाई दुकान संभालते थे। एसएसपी संजय वर्मा और जिलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। एसएसपी ने बताया की हादसे में हरियाणा के करनाल जिले के रहने वाले 6 लोगों की मौत हुई है।

**घुसपैठियों से..** आर्थिक निर्भरता, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र जैसी चुनौतियों से हमारी सरकार तेजी से निपट रही है। स्वयंसेवक होने के नाते मुझे खुशी है कि संघ ने इसके लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है। घुसपैठियों से बड़ी चुनौती मिल रही है। हमें इससे सतर्क रहना है। पीएम ने कहा कि विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर किया। स्वयं सेवक सबसे आगे खड़े थे। यह केवल राहत नहीं राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का काम था। 1956 में अंजार के भूकंप में भी स्वयं सेवक राहत बचाव में जुटे थे। गुरुजी ने लिखा था कि किसी दूसरे के दुख को दूर करने खुद कष्ट उठाना निस्वार्थ हृदय का परिचायक है। उन्होंने कहा, 1962 के युद्ध के समय स्वयं सेवकों ने सीमा पर जवानों की मदद की। 1971 के युद्ध के बाद में देश में आए लोगों को सहायता दी। 1984 के दौरान सिख दंगों के पीड़ितों की मदद की।

# खेत में काम करने से मना किया, तो किसान ने दो किशोरों को मार डाला फिर पत्नी और बच्चियों संग दी जान

■ बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में दिल दहला देने वाली घटना

**बहराइच।** बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में बुधवार सुबह एक ग्रामीण ने दो किशोरों को खेत में लहसुन की बोवाई के लिए बुलवाया, सभी ने लहसुन की बोवाई से इन्कार किया, तो धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद खुद को परिवार सहित कमरे में बंद कर आग के हवाले कर दिया। फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

इस अग्निकांड में दंपती व दो बेटियों समेत चार लोग जिंदा जल गए, चार मवेशियों की भी झुलसकर मौत हुई है। गांव निवासी विजय कुमार खेती बाड़ी और पशुपालन का काम करता था। बुधवार सुबह खेत में लहसुन की बोवाई के लिए विजय ने गांव निवासी सूरज यादव (14)पुत्र लच्छी राम और सनी वर्मा (13) पुत्र ओमप्रकाश को घर बुलवाया। दोनों ने नवरात्र का अंतिम दिन होने के चलते घर पर काम अधिक होने की बात कह कर खेत में काम करने से इन्कार कर दिया। इसी बात से गुस्साए विजय ने अपने घर के आंगन में धारदार हथियार से दोनों की हत्या कर दी। इसके बाद विजय ने खुद को पत्नी व बेटियों सहित कमरे के अंदर बंद कर घर में आग लगा ली। आग लगने पर कमरे में बंद लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया।

गांव के लोग दौड़े, लेकिन आंगन में लहूलुहान दो लाशों को देखकर सभी के होश उड़ गए। उधर कमरे के अंदर आग की लपटों से घिरे लोग चीख चिल्ला रहे थे। सूचना पर फायर ब्रिगेड और रामगांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। रामगांव थाना अध्यक्ष ने बताया कि सूरज यादव और सनी वर्मा की धारदार हथियार से हत्या की गई है। कमरे के अंदर से विजय यादव उसकी पत्नी और दो बेटियों के शव निकाले गए हैं। उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकार महसी मौके पर पहुंचे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भगवा लव ट्रैप : सीओ सिविल लाइन ने एसएसपी को सौंपी जांच रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वर्ष 2019 में हुए दंगे-बलवे के बाद युवा सेवा समिति के अध्यक्ष रहे बदर अली द्वारा कई ऐसे काम किए जा रहे हैं जिससे समाज में द्वेष फैलाने के आरोप लग रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि संस्था की ओर से अनैतिक और असमाजिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। गौरतलब है कि 5 माह पूर्व फायजा नामक छात्रा ने थाना मेडिकल में एक मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें उसकी छवि खराब करते हुए भगवा लव ट्रैप के नाम का विवादित कैंपेन के माध्यम से देश और समाज का सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया गया था। मामले में चली जांच पड़ताल के बाद पिछले हफ्ते थाना मैडिकल पुलिस ने दो आरोपियों फिरोज और कासिम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया लेकिन इसी बीच मामले में सीओ सिविल लाइन के यहां चल रही जांच में एक बड़ा खुलासा सामने आया है। जांच अनुसार युवा सेवा समिति के अध्यक्ष थाना देहलीगेट निवासी बदर

**बदर अली सहित कई पर लगे हैं साम्प्रदायिकता फैलाने के आरोप**

अली और उनके भाई शादाब अली पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर समाज में द्वेष फैलाने और भगवा लव ट्रैप के नाम पर हिंदू और मुसलमान के बीच नफरत फैलाने जैसे आरोप के साथ इस काम का मास्टरमाइंड बताया गया है। आरोप है कि बदर अली के सोशल मीडिया के पेज पर अपलोड पोस्ट अनुसार, हिन्दू लड़कों के साथ चली गई या रह रही मुस्लिम युवतियों को लोभ लालच देकर या उनका माइंड वॉश करके इस्लाम में उनका धर्म संपरिवर्तन कराया जाने के लिए एक मिशन चल रहा है। मिशन से जुड़ी पोस्ट को भगवा लव ट्रैप जैसा विवादित नाम दिया गया है जिसको आगामी चुनाव से जोड़ते हुए शहर सहित बाहर के शहरों के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किया जाता है। सूत्रों की माने तो जांच के दौरान पूछताछ में बदर अली और शादाब अली ने भगवा लव ट्रैप कैंपेन चलाना और उससे पोस्ट को सोशल मीडिया पर वायरल और शेयर करना कुबूल किया है। मामले में सीओ ने एसएसपी विपिन टाडा को रिपोर्ट सौंप दी है जिसमे बदर अली और शादाब अली के भगवा लव ट्रैप के अपराध को थाना मेडिकल वाले मुकदमे में समायोजित करके दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्यवही करने की बात कही गई है।

आरोप है कि इसी प्रकार की अनैतिक व अवैध गतिविधयों की आड़ में एकत्रित किए गए संस्था कोष में करोड़ों रुपये का गबन और फ्रॉड करने के मामले में अधिवक्ता शमीम चौधरी द्वारा बदर अली व उनके साथियों के विरुद्ध दर्ज कराए गए लगभग आधा दर्जन मुकदमे मेरठ न्यायालय में चल रहे हैं। दर्ज मुकदमों में से एक में अपने खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर बदर अली हाईकोर्ट से तीन हफ्तों का स्टे लेकर आए हैं। स्टे लाने के बाद से शमीम चौधरी को मुकदमे वापस करने के लिए धमकी मिल रही। धमकियां से संबंधित एक रिकॉर्डिंग के आधार पर बदर अली




























# आज दहन होगा 35 फिट ऊंचा रावण का पुतला

## हिन्दू कालेज के मैदान में लगेगा विशाल मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आज दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया जाता है। रावण के साथ उसके भाई कुम्भकरण तथा बेटे मेघनाथ के पुतलों को दहन किया जायेगा। जिसकी तैयारी चल रही है। हिन्दू कालेज रोड पर वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है।

गुरूवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा है। हर साल की तरह इस बार भी रामलीला मैदान में रावण, कुम्भकरण तथा मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जायेगा। इस बार रावण का 35 फिट जबकि मेघनाथ व कुम्भकरण का तीस-तीस फिट का पुतला जलाया जायेगा। इसके लिये तैयारी चल रही है। पुतलों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उधर इस त्यौहार पर रामलीला मैदान में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने के लिये आते है। यहां लगी दुकानों से मिट्टी के बर्तन की जमकर खरीदारी की जाती है। यहां की ढोलक की खूब बिकती है। दुकानों को सजाने का काम शुरू कर दिया गया है। दिन की शुरूआत होते ही यहां लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो जायेगी। जो सांय होते होते एक विशाल समुह में बदल जायेगी। उधर मेले को लेकर प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी है। हिन्दू कालेज रोड पर जाम की समस्या से न जूझना पड़ इसके लिये रूट डायवर्ट कर दिया गया है। दोपहर दो बजे से इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। ताकि यहां मेले देखने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मेले में सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल तैनात किया जायेगा। ताकि महिलाओं व युवातियों की सुरक्षा चाकचौबंद रहे। सादी वर्दी में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। जो अराजकतत्वों पर नजर रखेंगे। आज लगने वाले इस विशाल मेले की ख्याती दूर दूर तक है। यहां रिश्तेदारियों में आकर लोग मेले देखने आते है। मेले में भीड़ का आलम यह रहता है कि यहां वाहन तो दूर पैदल निकलना भी दूभर हो जाता है। इसके अलावा बड़ा बाजार में भी खासी रोनक रहती है। लोग चांट पकौड़ी का आनंद लेते है।

### हिन्दू कालेज रोड पर नहीं चलेंगे वाहन



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में प्रभारी मंत्री का स्वागत करते शिक्षक विधायक डा. ढिल्लो व जिपं अध्यक्ष ललित तंवर।

# एएसएम में धूमधाम से मना दशहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर**। एएसएम कालेज जगुवा खुर्द में दहशरे का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने राम, लक्षमण, सीता, हनुमान तथा रावण की भूमिका पर सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा धूमधाम से मना। इस दौरान यहां छात्र छात्राओं द्वारा भगवान की भूमिका निभाई गयी। जिनमें राम द्वारा रावण का वध किया गया। प्रधानाचार्य चारू वार्ष्णेय ने सभी छात्र छात्राओं को दशहरे का महत्व समझाया जबकि प्रबंधक विरेन्द्र कुमार गुप्ता ने त्यौहार की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मीनू चौधरी, अमिता शर्मा भी मौजूद रहीं।




मंडी धनौरा। नगर में पथ संचलन निकालतीं मां दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति।

# दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति ने निकाला पथसंचलन

## जगह-जगह हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। बुधवार का दिन नगरवासियों के लिए गौरव और जोश से भरा रहा। विश्व हिंदू परिषद के प्रकल्प दुर्गावाहिनी एवं मातृशक्ति के बैनर तले शौर्य पथ संचलन निकाला गया, जिसने नगर के वातावरण को भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से गुंजायमान कर दिया। शौर्य संचलन गांधी विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गांधी विद्यालय में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सैदनंगली पालिका अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी ने कहा हिंदू नारी जब-जब संकट आता है, दुर्गा बनती है, काली बनती है और सनातन धर्म की रक्षा करती है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल से हेमंत सरस्वत, अशोक सैनी, विपिन शर्मा, कुशल शर्मा, भूपेश त्यागी आदि पदाधिकारी भी मौजूद रहे। नगर में निकला यह पथ संचलन सिर्फ शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि नारी सम्मान, धर्म रक्षा और संस्कृति के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश बनकर सामने आया

# विकास कार्यों में गुणवत्ता पर दें ध्यान

## प्रभारी मंत्री मलिक ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा** प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्य गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिये। लाप. रवाही किसी भी हाल में सहन नहीं की जायेगी।

कलक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने विकास कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में जो भी विकास कार्य कराये जा रहे है वह तेज गति से हो तथा पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिये। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो को गति दी जाये तथा समय रहते सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले। उन्होंने कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। सभी विकास कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा पर बोलते कहा कि शिकायत लेकर थाने आने वाली महिलाओं व युवतियों की बात पूरी प्रमुखता से सुनी जाये। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को प्रमुखता से दिलाया जाये। इससे पूर्व जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छा देकर उनका स्वागत किया गया जबकि गार्ड आफ ऑनर भी दिया गया। इस अवसर पर डीएम निधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो, हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में छात्र की मौत

## परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बाइकों की भिड़ंत में छात्र की मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र में गजरौला हसनपुर मार्ग पर मनौटा पुल और दीपपुर गेट के बीच दो बाईकों की भिड़ंत में बीएससी के छात्र 25 वर्षीय रोहित पुत्र होशियार सिंह निवासी शेरगढ़ की मौत हो गई। वह अपने पिता को सिहाली जागीर छोड़कर हसनपुर कोचिंग के लिए आ रहा था। जबकि सलमान पुत्र दिलशाद निवासी धनारी पट्टी जनपद संभल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक रोहित के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



परिजनों ने बताया कि मृतक रोहित बीएससी का छात्र था। वह दो भाई दो बहनों में सबसे छोटा था। छात्र की मौत से भाई मोहित बहन शिवानी मौनी तथा मां बीना का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# भागवत कथा से दूर होते हैं जीवन के कष्ट

## ब्लाक प्रमुख ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गंगेश्वरी के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने अपने गांव अगरौला कला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। ब्लॉक प्रमुख स्वयं गांव में पहुंचे और इस धार्मिक आयोजन के प्रति अपनी आस्था और समर्थन व्यक्त किया। आयोजन समिति के अनुसार यह कथा क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देगी। कथा के शुभारंभ के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी के साथ कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय ग्रामवासी मौजूद रहे।इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से महिपाल सिंह प्रधान, मनोज चौहान, हरदेव सिंह नेताजी, चंद्रभान राणा, मास्टर कैलाश सिंह, मनोज लाइनमैन, मुंशी जी, धर्म सिंह जी, फूल सिंह ज्ञानी, भगत जी, सुभाष चौहान,



ओमवीर सिंह, और राहुल सिंह सहित कई अन्य सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित थे। सभी ग्रामवासियों ने ब्लॉक प्रमुख का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके आगमन से कथा के शुभारंभ में चार चांद लग गए हैं। इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ कमाने का संकल्प लिया। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और एकता का माहौल बना रहा है।

# पुल निर्माण के लिए मिट्टी परीक्षण का काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय व तृतीय को जोड़ने के लिए 91 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल के लिए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने पिलर आदि बनाने से पूर्व परीक्षण हेतु मिट्टी संग्रहीत की। मिट्टी के परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद पुल निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

सितम्बर 2024 में औद्योगिक क्षेत्र का जिम्मा सम्भालने के बाद यूपीसीडा द्वारा इस पुल को एक बड़े प्रोजेक्ट के रूप में देखा जा रहा है। इस पुल के निर्माण से औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय व तृतीय आपस में जुड़ जाएंगे, इससे एक फैज से दूसरे फैज की ओर जाने में भी सबूलियत होगी। उद्योगों से जुड़े वाहन भी एक स्थान से दूसरे स्थान पर चले जा सकेंगे, साथ ही शहर के लोगों को भी यदि तिगरी अथवा धनौरा मार्ग पर जाना होगा तो वह इस पुल से आ जा सकेंगे, इससे उन्हें शहर में घूमकर ज्यादा समय और ज्यादा दूरी नहीं तय करनी होगी। इस बारे में जेई धर्मेंद्र कुशवाह ने बताया कि इस पुल का काम गाजियाबाद की सेतु निगम को सौंपा गया है। उन्हीं के दौरान कार्यदायी संस्था को काम किया गया। पुल के पिलर खड़ा करने के लिए मिट्टी परीक्षण के लिए नमूने लेने शुरू कर दिए हैं। मिट्टी परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद यहां पर पिलर निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

### औद्योगिक क्षेत्र टू व थ्री को जोड़ेगा यह पुल

# युवक ने मां कालका की दंडावत यात्रा की

## बहन का स्वास्थ्य ठीक होने की कामना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी माना एवं ज्योति शर्मा के पुत्र कार्तिकेय शर्मा ने दंडवत यात्रा की। परिवार जनों का कहना है कि कार्तिक की बहन सृष्टि का स्वास्थ्य खराब होने पर कार्तिक ने मां कालका से कामना की थी कि अगर उसकी बहन का स्वास्थ्य सही हो जाये तो वह अपने घर से प्राचीन मां कालका मंदिर शाहपुर कला तक दंडवत यात्रा करेगा। जिसके बाद कार्तिक की बहन सृष्टि का स्वास्थ्य धीरे-धीरे ठीक हो गया। और आज श्री रामनवमी पूजन के उपरांत कार्तिक शर्मा एवं भूमि शर्मा ने दंडवत यात्रा प्रारंभ की। जोकि नगर के मोहल्ला कायस्थान से होकर मेन बाजार रहरा अड्डा होती हुई शाहपुर कला गांव के प्राचीन मां कालका मंदिर पर संपन्न हुई। मान्यता है कि मां कालका माता से जो भी कोई सच्चे मन से माता का ध्यान लगाकर कामना करता है उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दौरान यात्रा में कार्तिक शर्मा एवं भूमि शर्मा मुख्य रहे। तो वहीं डोली शर्मा, ज्योति शर्मा, रमा, वैष्णवी, शगुन आदि मौजूद रहे।

# मेघनाथ के तीर से मूर्छित हुए लक्ष्मण

## भगवान हनुमान उठा लाये संजीवनी पर्वत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा** श्रीधार्मिक रामलीला में प्रभु राम और विभीषण संवाद का मंचन किया गया। जबकि राम ने लंका पर आक्रमण किया। मेघनाथ के शक्ति तीर से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते है। उनके लिये भगवान हनुमान पूरा संजीवनी पर्वत उठा लाते है।

हिन्दू इंटर कालेज के मैदान में चल रही श्रीधार्मिक रामलीला में सबसे पहले भगवान राम और विभीषण संवाद का मंचन किया गया। इसके बाद भगवान श्रीराम लंका जाने के लिये समुद्र से रास्ता मांगा गया। यहां उनकी सेना द्वारा राम सेतु का निर्माण किया गया। भगवान राम ने सेना के साथ रावण की लंका पर आक्रमण किया। इस दौरान लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच भयानक युद्ध होता है। यहां मेघनाथ अपने शक्ति तीर से लक्ष्मण को मूर्छित कर देते है। जिससे राम शोक में डूब जाते है। तब भगवान हनुमान पूरा संजीवनी पर्वत ही उठा लाते है। इस मौके पर विमल कुमार टंडन, करूणेश गोयल, शार्दुल अग्रवाल, राकेश वर्मा, कुंवर विनीत अग्रवाल, कपिल शर्मा, अंश अग्रवाल, करण रघुवंशी, हेमंत कुमार, नीरज माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# मां सिद्धिदात्री की पूजा के साथ नवरात्र सम्पन्न

## भक्तों ने कन्याएं जिमाई, लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नवमीं पर माता के भक्तों ने मां दुर्गा के आखिरी स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर उनसे मनौतियां मांगी। कन्याओं को जिमाकर उनका आशीर्वाद लिया गया। इसी के साथ नवरात्र का समापन हो गया।

बुधवार को मां दुर्गा के भक्तों द्वारा नवमीं पूजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। कन्याओं को भोजन कराया गया तथा उन्हें उपहार भेंट किये गये। मान्यता है कि जो भी भक्त उनकी सच्चे मन से आराधना करता है उसकी सांस्कारिक, इच्छाएं, लौकिक परलौकिक कामनाएं पूर्ण होती है। इनकी पूजा अर्चना से ही सिद्धियों को प्राप्त किया जाता है। यही कारण है कि इन्हे मनुष्य के साथ सिद्ध, गंधर्व, यश्र, देवता यहां तक की असुर भी पूजते है। आज घरों में भक्तों द्वारा कन्याओं के लिये हलवा, पूरी, छोले, चावल आदि का पकवान बनाया गया। उन्होंने कन्याओं को भोजन कराया तथा पैर छूकर आशीर्वाद लिया। जय माता के नारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। देवी मंडपों में महिलाओं द्वारा माता के भजन कीर्तन किये गये। जिससे सारा माहौल भक्तिमय हो गया। लोगों ने सांय के समय माता की आरती उतारी तथा उनसे परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मां सिद्धिदात्री के पूजन के साथ ही नवरात्र का समापन हो गया। इस बार बड़ों के साथ छोटे बच्चों ने भी नवरात्र पर व्रत रखकर माता की आराधना की।

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जनपद अमरोहा**

प्रकीर्ण फौजदारी वाद सं.- 439/2025
धारा 125 (3) सीआर०पी०सी०
थाना गजरौला

शिवा पुत्र दीपक निवासी मौहल्ला टीचर्स कालोनी गजरौला थाना गजरौला जिला अमरोहा। .....प्रार्थी

**बनाम**

दीपक पुत्र लल्लू सिंह निवासी मौहल्ला टीचर्स कालोनी गजरौला थाना गजरौला जिला अमरोहा। ......विपक्षी

**नोटिस**

आप विपक्षी दीपक के विरुद्ध प्रार्थी शिवा की ओर से वाद सं० 750/2021 अन्तर्गत धारा 125 द०प्र०सं० में न्यायालय द्वारा पारित निग्रय दिनांकित 16.11.2021 के अनुपालन में आपके द्वारा प्रार्थी शिवा के भरण पोषण के लिए दिनांकित 16.11.2021 से दिनांक 15.04.2025 तक की बकाया धनराशि अंकन 1,02,500/- रुपये वसूल करने हेतु आपके विरुद्ध आवे. दन पत्र अन्तर्गत धारा 125 (3) सीआर०पी०सी० प्रस्तुत किया गया है। अतः आप अग्रिम तिथि 07-11.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दाखिल करना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियत तिथि 07.11.2025 को आपकी उक्त धनराशि प्रार्थी को प्रदान करना सुनिश्चित करें। यदि इस बाबत आपको कोई आपत्ति है तो उक्त तिथि पर स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति दाखिल करना सुनिश्चित करें। अन्यया आपके विरुद्ध उक्त धनराशि की वसूली हेतु वसूली वारंट जारी कर दिया जायेगा।

मुहर अदालत के आज दिनांक 23/9/25 को जारी किया गया है।

प्रधान, न्यायाधीश परिवार न्यायालय अमरोहा

# बुराई के प्रतीक रावण का पुतला बनकर तैयार

## महादेव मन्दिर पर आज होगा दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा त्योहार पर दहन करने के लिए बड़े उल्लास के साथ रावण का पुतला बनाया जा रहा है।

श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर श्री शिव महामंडल रामलीला समिति द्वारा रामलीला का सुंदर मंचन करवाया जा रहा है। 2 अक्टूबर को रावण का दहन किया जायेगा। इसके लिए रावण का पुतला कुशल कारीगर द्वारा बनवाया जा रहा है। नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी राजू रावत रावण के पुतले को बना रहे है। दशहरा पर रावण का पुतला बनाना सिर्फ एक परंपरा ही नहीं बल्कि परिवार और समाज को जोड़ने वाली गति है। राजू रावत द्वारा लकड़ी व बांस की फ्रेम तैयार करने के बाद लकड़ी की लंबी बल्लीयों से पुतले का ढांचा तैयार किया गया। बड़ी सावधानी के साथ देख-देख में रावण के पुतले को बनाया जा रहा है। कारीगर राजू रावत ने बताया कि वह 50 साल से रावण के पुतले को बना रहा है। उसके बाप दादा भी रावण के पुतले को बनाते थे। उन्होंने बताया कि अब इस दौर में इस काम को सीखने के लिए को तैयार नहीं है। राजू रावत ने बताया कि हसनपुर के अलावा वह आदमपुर उझारी व सैदनगली में हो रही रामलीला के लिए वह रावण के पुतलों को बना रहे हैं।

# अंगद का पैर नहीं हिला सकी रावण की सेना

## रामलीला में लक्ष्मण शक्ति का हुआ मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर की रामलीला बुधवार की रात एक बार फिर भक्तिभाव और रोमांच से सराबोर रही। श्री रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव में अंगद-रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति जैसे रोमांचक प्रसंगों का मंचन किया गया।

मंच पर जब अंगद ने रावण की सभा में जाकर अपना पैर जमाया और रावण सहित समस्त दरबारियों को उसे हिलाने की चुनौती दी तो दर्शक दीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठी। वहीं लक्ष्मण शक्ति के प्रसंग में लक्ष्मण के घायल होने का दृश्य इतना भावपूर्ण



रहा कि वातावरण गंभीर हो उठा और दर्शक भाव-विभोर हो गए। कलाक. ारों की संवाद अदायगी और अभिनय ने ऐसा माहौल बनाया कि मानो वास्तव में त्रेता युग के दृश्य सामने जीवित हो उठे हों। रामलीला महोत्सव में इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इनके साथ ही जगअवतार त्यागी, ओमकार गर्ग, राजेंद्र सिंघल, पवन गुप्ता, अवनीश कुमार, कपिल अग्रवाल, शरद गर्ग, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजू बादशाह, सुनील प्रजापति, दिवेश तंवर, अक्षय अग्रवाल, अमरजीत कोहली, मिंटू सिंह और पारस सहित नगर के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भाजपा जिला महामंत्री को हत्या की धमकी

## पुलिस अधीक्षक से की मामले की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर पंचायत सैदनगली की अध्यक्ष डॉक्टर अनुकृति चौधरी के देवर एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक को 21 सितंबर को उनके मोबाइल पर अज्ञात कॉल करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई थी। अभिनव कौशिक के मुताबिक उन्हें सड़क एक्सीडेंट में मारने की धमकी दी गई है। अभिनव कौशिक के मुता. बिक उनके पास धमकी भरी कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। उनका कहना है कि वह राजनीतिक व्यक्ति है। इसलिए उन्हें शंका है की राजनीतिक भावना के कारण उनके व परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रमुख सचिव गृह विभाग पुलिस महानिद. ेशक पुलिस अधीक्षक अमरोहा को भी मामले से अवगत कराया है पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार चरम पर : अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार का रवैया तानाशाही का हो गया है और उसके इशारे पर पुलिस प्रशासन निर्दोषों को प्रताड़ित और अपमानित कर रहा है।

लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है और भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। कानून का राज खत्म हो गया है तथा पुलिस को राजनैतिक विरोधियों को परेशान करने का हथियार बना दिया गया है। अखिलेश यादव ने आगरा में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के साथ पुलिस के व्यवहार को निन्दनीय बताया और कहा कि पीडीए की एकता से घबराकर भाजपा सरकार पुलिस को आगे कर समाजवादियों के साथ दुर्व्यवहार करवा रही है। पुलिस द्वारा समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल को रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को सीधे यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि वह अपनी हार देखकर हताश है। सरकार लोगों को नजरबंद कर रही है और पीडीए पर पाबंदियां लगाई जा रही हैं, लेकिन इससे कुछ हासिल नहीं होगा। पीडीए अब जाग चुका है और चेतन समाज बंदिशें बर्दाश्त नहीं करेगा। यह एकजुट होकर प्रभुत्ववादियों को हराने, हटाने और अपनी सरकार बनाने के लिए वचनबद्ध है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में अन्याय और अत्याचार बढ़ रहे हैं, भ्रष्टाचार और लूट हर विभाग में व्याप्त है और बजट का बंदरबांट किया जा रहा है। आम जनता त्रस्त है, गरीब, किसान और नौजवान बेबस हैं तथा किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ अब जनता स्वयं विभिन्न मंचों पर आवाज उठा रही है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा के अहंकार, कुशासन और अन्याय को हमेशा के लिए खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हटेगी तभी लोगों को न्याय मिलेगा और भ्रष्टाचार से मुक्ति मिल सकेगी।



## अखिलेश ने गांधी व शास्त्री की जयंती पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंग्रेजों से मुक्ति के बाद जिस आज़ाद भारत का सपना देखा था, उसमें ग्राम स्वराज की परिकल्पना थी, अंत्योदय पर बल था, सामाजिक न्याय और सद्भाव था तथा श्रम शक्ति का सम्मान था। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही देश प्रगति कर सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया था। किसान का बेटा ही सीमाओं पर जाकर देश की रक्षा करता है। इन महापुरुषों का जीवन देशवासियों के लिए सदैव अनुकरणीय रहेगा! समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विजयादशमी पर्व पर देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश देता है और यह भी सिखाता है कि अहंकार और अत्याचार का परिणाम सदैव बुरा होता है। बुराई और असत्य के मुकाबले हमेशा सत्य की ही जीत होती है।

# पुलिस ने किए तीन लुटेरे मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** 28 सितंबर को महोली क्षेत्रान्तर्गत हाईवे पर कैब चालक से वैगनआर लूट ली गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर महोली कोतवाली पुलिस ने महोली पिसावा मार्ग पर ग्राम चड़रा के निकट नाकेबंदी की। यहां पर पुलिस ने कार लुटेरे को रोकने का प्रयास किया।

तभी कार सवार बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस टीम ने भी फायरिग की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपों की पहचान बरेली जनपद के भोजीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम अभयपुर केशवपुर निवासी जफरुद्दीन खान पुत्र कासिम खान के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास से लूटी गई कार बरामद की है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पर 25000 रुपए का इनाम घोषित था। इधर पुलिस ने महोली कोतवाली क्षेत्र के पताबोझ मोड़ से बरेली जनपद के भोजीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम वैकुंठापुर निवासी आसिफ खान पुत्र कपूर खान तथा अरबाज खान पुत्र नन्हे खान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक फोन, दो अवैध तमंचा मय कारतूस के व एक बांका बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला ग्रामीण का शव

**सीतापुर।** मिश्रित कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसौली निवासी जोधे पुत्र गोबरे उम्र 50 वर्ष मंगलवार को घर से निकले थे। लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटे। उनके घर वापस न आने पर परिजन उन्हें तलाशने निकल पड़े। इसी बीच गांव के बाहर एक खेत में लगे आम के पेड़ पर उन्होंने जोधे का शव फांसी के फंदे पर लटके देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। इधर परिजन घटना को हत्या बता रहे हैं। परिजनों के मुताबिक, मंगलवार मृतक दोपहर जोधे का गांव के ही कुछ लोगों संदीप और कुलदीप से सिलाई के पैसों को लेकर विवाद हुआ था। परिजनों का आरोप है कि विवाद के दौरान उन लोगों ने जोधे के साथ मारपीट भी की थी। इसके बाद वह घर से निकल गए और देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजन और ग्रामीण उनकी तलाश में जुटे तो गांव से करीब एक किलोमीटर दूर मेढई के खेत में उनका शव आम के पेड़ से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी होते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस का कहना है कि मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया गया है।

# योगी सरकार का किसान पंजीकरण अभियान तेज

## अब तक 50% से अधिक कार्य पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में किसानों के पंजीकरण अभियान में तेजी आ गई है। प्रदेश के सभी जनपदों में अब तक 50 प्रतिशत से अधिक किसान पंजीकरण कार्य पूरा हो चुका है।

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल 2026 से पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त केवल उन्हीं किसानों को मिलेगी जिन्होंने पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार प्रदेशभर में किसान रजिस्ट्रेशन को प्राथमिकता दे रही है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया है कि प्रत्येक गांव में कम से कम एक शिविर अनिवार्य रूप से लगाया जाए। 16 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्रतिदिन ये शिविर चलेंगे, जिनमें किसानों को मौके पर पंजीकरण और विवरण अपडेट कराने की सुविधा दी जाएगी। इस कदम से न केवल किसानों का पंजीकरण आसान होगा, बल्कि पीएम किसान योजना की पात्रता सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी। रामपुर, बिजनौर और हरदोई जैसे जिलों ने इस अभियान में बेहतर प्रदर्शन दिखाया है। कई जिलों ने 55 प्रतिशत से अधिक पंजीकरण कार्य पूरा कर लिया है। प्रदेश स्तर पर अभियान की मानीटरिंग लगातार की जा रही है और सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समयसीमा में पूर्ण पंजीकरण सुनिश्चित करें। योगी सरकार का यह कदम किसानों को योजनाओं का लाभ सीधे दिलाने और उनकी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में निर्णायक प्रयास माना जा रहा है।

# सभी स्वदेशी उत्पादों को ही खरीदें : अचिन मेहरोत्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी लालबाग चौराहे पर जाकर एकत्र हुए। यहां पर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए स्वदेशी जन जागरण यात्रा का आयोजन किया। यात्रा लाल बाग चौराहे से आंख अस्पताल चौराहे तक की गई।

इस मौके पर अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डा. राजीव कुमार ने कहा कि दीपावली पर सभी समान स्वदेशी ही खरीदेंगे। स्वदेशी जागरण मंच के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संयोजक अनुपम श्रीवास्तव ने कहा की नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी के आह्वान का हम स्वागत करते हैं, जहां प्रधानमंत्री ने कहा है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री भी राष्ट्र की सच्ची सेवा है। 1991 से अपनी स्थापना के बाद से ही स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी अपनाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा कर रहा है। मंच का दृढ़ विश्वास है कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिभर आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक अमित कुमार सिह ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के वर्तमान परिस्थितियों में जहां वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं भुगतान प्रणालियों और वैश्विक मुद्राओं को हथियार बनाया जा रहा है। अमेरिका और अन्य देश अधिक से अधिक संरक्षण वादी बन रहे हैं और टैरिफ दीवारों को अन्यायपूर्ण गैर टैरिफ दरों का उपयोग करके वैश्विक निर्यात को अवरुद्ध किया जा रहा है। स्वदेशी जागरण मंच के संरक्षक माननीय अचिन मेहरोत्रा ने कहा की कुछ देशों विशेष रूप से चीन द्वारा अतिरिक्त क्षमताओं के आधार पर माल डंप किया जा रहा है। हमारे विनिर्माण को खत्म करने का षडयंत्र किया जा रहा है। ऐसे ही स्वदेशी राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है जय स्वदेशी। हम अमेरिका द्वारा 50 फीसदी का टैरिफ लगाएं जाने का विरोध करते हैं और अपने देशवासियों से अपील करते हैं कि वह ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें। सहसंयोजक भगवती गुप्ता ने कहा कि इस तरह का जन जागरण अभियान अभी सीतापुर के विभिन्न कोनों में आयोजित होंगे और स्वदेशी वस्तुओं की सूची के साथ और विदेशी वस्तुओं की सूची के साथ समाज को विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए आग्रह करेंगे। कार्यक्रम में अमित श्रीवास्तव, रामकुमार शुक्ला, अनूप विश्वकर्मा, उत्तम पांडेय, सुरेश भारती आदि शामिल रहे।




- जागरण मंच ने निकाली जागरूकता यात्रा
- लालबाग से आंख अस्पताल तक निकली यात्रा

## जेल में हमले के बाद गायत्री प्रजापति की हालत स्थिर

**लखनऊ।** खनन मंत्री रहते भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति पर बीते दिन शाम के समय जेल में हमला हुआ था। सिर में चोट लगने के बाद उन्हें पहले जेल अस्पताल और फिर गंभीर स्थिति देखते हुए केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उनकी हालत को अब स्थिर और गैर चिताजनक बताया है। यह हमला जेल में ही सफाई कर रहे एक बंदी विश्वास ने किया था, जो शातिर अपराधी है और कई मामलों में सजा काट रहा है। जेल अधीक्षक बृजेंद्र सिह के अनुसार, बंदी ने अलमारी की लोहे की पटरी से वार किया जिससे प्रजापति के सिर और हाथ में चोट आई और पांच टांके लगाने पड़े। वहीं परिजनों का कहना है कि हमला कैंची से किया गया और यह पूरी तरह साजिश के तहत हुआ। समाजवादी पार्टी और परिजनों ने इसे षडयंत्र बताते हुए जांच की मांग की है। प्रजापति की पत्नी और अमेठी की विधायक महाराजी प्रजापति ने कहा कि उनके पति पर हमला जेल प्रशासन की लापरवाही और सोची-समझी योजना का हिस्सा है। गायत्री प्रजापति कभी राजीव गांधी के करीबी रहे और बाद में मुलायम सिह यादव के विश्वासपात्र माने गए। उन्हें पहले शिवपाल यादव के साथ लोक निर्माण विभाग में राज्य मंत्री बनाया गया और फिर खनन मंत्री का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया। खनन मंत्री रहते उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे, जिसके बाद उन्हें जेल जाना पड़ा। पिछले करीब आठ वर्ष से वह जेल में बंद हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-584-25-1(Advertising-Out Of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.10.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.10.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PYGS-OSD-504-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.10.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PYGS-OSN-492-24-3 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PFM-OSN-531-24-1(Advertising-On Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-116-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-118-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-120-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-117-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-548-25-2 (Advertising-Out Of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-BSB-RCR-114-25-2 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-RCR-111-25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AY-RCR-112-25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LK0-AYC-RCR-113-25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PRG-RCR-115--25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3032/25


# मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई

## मोबाइल प्रयोगशाला ने 36 जिलों में की सख्त जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** त्योहारों से पहले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई की है।

आयुक्त डा. रोशन जैकब के निर्देश पर प्रदेश के 36 जिलों में 29 और 30 सितम्बर को चलाए गए विशेष अभियान में मोबाइल प्रयोगशाला (एफएसडब्ल्यू) द्वारा प्रमुख मंडियों और बाजारों में खाद्य पदार्थों की सघन जांच की गई। जांच में मानक के अनुरूप न मिलने वाले पदार्थों को जब्त और नष्ट किया गया। दो दिन के इस अभियान में विभाग ने 1688 निरीक्षण किए और 667 स्थानों पर छापेमारी की। कुल 779 नमूने संग्रहित किए गए, जिनमें घी के 88, पनीर के 124, खोया के 67, खाद्य तेल के 137, बेसन के 147 और अन्य पदार्थों के 216 नमूने शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान 157 कुंतल से अधिक खाद्य सामग्री जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये से अधिक बताई गई। इसके अतिरिक्त लगभग 1170 किलोग्राम मिलावटी खाद्य सामग्री नष्ट की गई, जिसका मूल्य लगभग 2 लाख 40 हजार रुपये आंका गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल प्रयोगशाला के माध्यम से बाजारों में न केवल खाद्य पदार्थों की जांच की गई, बल्कि लोगों को मिलावट से बचाव और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। अभियान का मकसद उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना और मिलावटखोरी पर सख्ती से रोक लगाना है। आयुक्त डा. रोशन जैकब ने सभी सहायक आयुक्तों और अभिहित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी दशा में मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए खाद्य पदार्थों की जांच की जाए और मिलावटखोरों पर बिना किसी ढिलाई के कार्रवाई की जाए। सरकार ने इसे अत्यंत संवेदनशील और शीर्ष प्राथमिकता का विषय बताते हुए अधिकारियों को हर स्तर पर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

### सन्दना में नियमों को ताक पर रखकर चल रहे हैं अवैध अस्पताल

**सीतापुर।** प्रदेश सरकार ने बिना रजिस्ट्रेशन व बिना डिग्री के चल रहे क्लिनिक व अस्पतालो को बंद करने के निर्देश दे रखे हैं। लेकिन संदना क्षेत्र का तो हाल ही अलग है। सरकार इस फरमान का यहां कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है।

## नवरात्रि में उमड़ा आस्था का सैलाब, देवी मंदिर बने शक्ति और विकास के केंद्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पावन धरती पर इस वर्ष शारदीय नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं रही, बल्कि आस्था, परंपरा और नारी शक्ति का विराट स्वरूप बनकर सामने आई। पूरे प्रदेश में देवी मंदिरों और शक्तिपीठों पर श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ा। नौ दिनों के भीतर दो करोड़ से अधिक भक्तों ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई। योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रयासों से प्राचीन धरोहरों को नए स्वरूप में प्रस्तुत किया गया और आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर भक्तों को सहज अनुभव मिला। सबसे बड़ा आकर्षण मीरजापुर का विध्यवासिनी धाम रहा। यहां इस बार पचास लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। प्रतिदिन चार से पांच लाख भक्तों की भीड़ ने आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। सरकार द्वारा विध्याचल कारिडोर के निर्माण और व्यवस्थाओं ने भीड़ प्रबंधन को आसान बना दिया।

# वृद्धजन दिवस पर पेंशन में बड़ा बदलाव

## अब लाभ सीधे खाते में पहुंचेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं में बड़ा बदलाव करने की घोषणा की। इस बार की थीम ÞAdvantAge60% Sakriya, Saksham aur Sashaktß रही, जिसका मकसद यह दिखाना था कि साठ वर्ष की उम्र के बाद भी जीवन सक्रिय भागीदारी, योगदान और संतुष्टि का सशक्त चरण है।

मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि योगी सरकार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने बताया कि अब पात्र वरिष्ठजनों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ स्वत: उनके बैंक खाते में सीधे मिलेगा। इसके लिए किसी कार्यालय का द्वार या फार्म भरने जैसी झंझट खत्म कर दी गई है। यह कदम बुजुर्गों को सुविधा, सम्मान और आथिक सुरक्षा देने की दिशा में बड़ा कदम है। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपलब्धि सम्मान और श्रवण कुमार सम्मान भी प्रदान किए गए। सम्मानित हुए डा. अतुल रस्तोगी, न्यायमूति (सेवानिवृत्त) कमलेश्वर नाथ, 102 वर्षीय श्रीमती हंसी देवी, डा. कमला डी. सिह, डा. सविता मित्तल, श्री एम. सी. शर्मा और श्री निर्मल कुमार। सीएमएस आरडीएसओ शाखा के बच्चों ने दादा-दादी गीत प्रस्तुत किए और वरिष्ठजनों की सेवा के लिए शपथ ली।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# लखनऊ में सहारा शहर पर कब्जे की कार्रवाई

वीरेश तरार

**लखनऊ।** समाजवादी दौर में कभी सहारा श्री की शान और ट्रांस गोमती इलाके की शोभा माना जाने वाला 130 एकड़ में फैला सहारा शहर अब प्रशासनिक शिकंजे में है। जिस परिसर में कभी फिल्म, खेल और राजनीति की नामचीन हस्तियों का जमावड़ा लगता था, वही इलाका अब पुलिस और प्रशासन की तैनाती के बीच विवादों और सीलिग की कार्रवाई का गवाह बना हुआ है।

करीब सैंतालीस वर्षों तक लखनऊ की सरज़मीं पर सहारा का परचम लहराता रहा, यहाँ क्रिकेट से लेकर फिल्मी दुनिया तक की पहचान बनी और बड़े आयोजनों की रौनक सजती रही। सहारा का नाम खेल जगत में उस दौर में क्रिकेट की नीली वर्दी का पर्याय था। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय मैचों में खिलाड़ियों की जर्सी पर चमकता हसरह्न का टैग इसी साम्राज्य की देन हुआ करता था। सहारा शहर में आलीशान सुविधाएँ बनीं जो अपने समय में किसी सपनों के नगर से कम नहीं थीं, संगमरमर के महल, स्विमिंग पूल, तरण ताल, पांच हज़ार की क्षमता वाला भव्य हाल, निजी स्टेडियम, अतिथिगृह, अस्पताल, झीलनुमा जलमहल और हेलिपैड तक। मुंबई की फिल्मी हस्तियों की कोई शादी या क्रिकेट सितारों का कोई बड़ा कार्यक्रम हो, सहारा शहर हमेशा आकर्षण का केंद्र रहा। यही वजह थी कि सहारा साम्राज्य लखनऊ की पहचान और ताक़त का पर्याय बना। लेकिन अब परिदृश्य बदल चुका है। नगर निगम का कहना है कि यह भूमि 1994 में निगम ने लाइसेंस डीड पर दी थी, जिसका 1997 में ही निरस्तीकरण नोटिस जारी हो गया था। निगम का आरोप है कि शर्तों का पालन नहीं किया गया और भूमि का वाणिज्यिक उपयोग अनुचित ढंग से हुआ। इसी आधार पर नगर निगम ने हाल में सीलिग की कार्रवाई शुरू की है। पूरे क्षेत्र को पुलिस, पीएसी और विशेष बलों की मौजूदगी में सील किया गया है, केवल एक द्वार अस्थायी रूप से खुला रखा गया है। सहारा समूह को सामग्री हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। सहारा समूह का कहना है कि उन्होंने इस परियोजना में अरबों रुपये निवेश किए हैं और विकास कार्य अधूरे नहीं छोड़े। समूह का तर्क है कि कानूनी विवादों, सेबी के हस्तक्षेप और प्रशासनिक खींचतान के चलते विकास अटका। वहीं नगर निगम का दावा है कि भूमि को मूल स्वरूप में लाना जरूरी है। उधर, सहारा समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी 88 प्रमुख संपत्तियां अडानी प्रापर्टीज को बेचने की अनुमति मांगी है, जिसमें लखनऊ का यह सहारा शहर भी शामिल है। सवाल यह है कि कभी राजनीति, खेल और फिल्म जगत का गौरव केंद्र रहा सहारा शहर आगे किस रूप में सामने आएगा। क्या यह परिसर सार्वजनिक उपयोग या हरित क्षेत्र में बदला जाएगा, क्या इसका पुनविकास किसी नए मालिक के हाथों होगा, या फिर यह सहारा साम्राज्य के ढहते साम्राज्य का प्रतीक भर बनकर रह जाएगा। फिलहाल, लखनऊ की धरती पर सहारा शहर का अतीत और वर्तमान एक साथ खड़े होकर वक्त की करवट का मूक साक्षी बना हुआ है।

- ढहती शान की गवाही दे रहा 130 एकड़ का साम्राज्य

# पुलिस ने सात चोरों को पकड़ा

**■ पांच लाख का कॉपर बरामद, मोजर बेयर कंपनी से की थी चोर**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित मोजर बेयर कम्पनी से व्हाईट कॉपर का कीमती सामान चोरी करने वाले 7 चारों को थाना सूरजपुर पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। अभियुक्त बंद पड़ी कंपनियों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में माहिर है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से 5 लाख रुपए का व्हाईट कॉपर, घटना में प्रयुक्त पिकअप बुलेरो व इनोवा कार बरामद किया है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मोजर बेयर कम्पनी से व्हाईट कॉपर का कीमती सामान चोरी करने वाले अभियुक्त गणेश पटेल पुत्र कांजी पटेल, इनामुल्लाह पुत्र मौ. हुसैन, बबलू पुत्र इस्लाम खान, रहमत अली पुत्र लियाकत अली, शरातुल्ला पुत्र हिदायतुल्ला, सलामुल्ला पुत्र शमशाद तथा योगेश पुत्र राजवीर को आशियाना आर्चिड्स गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्तों द्वारा बन्द पड़ी मोजर बेयर कम्पनी में दीवार कूदकर उक्त सामान चोरी की गयी, जिसमें अभियुक्तों द्वारा कॉपर का कीमती सामान चोरी किया गया। अभियुक्त उक्त सामान को चोरी करने के बाद बेचने के लिए पिकअप बुलेरो महिन्द्रा गाड़ी में भरकर ले जा रहे थे तथा मौके पर अभियुक्त अपनी अन्य कार इनोवा टोयोटा से आये थे। उन्होंने बताया कि एक सूचना के आधार पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी चोरी की माल सहित की गई है।

## घर में घुसकर युवक पर चाकू से हमला

**नोएडा।** नयागांव में मंगलवार दोपहर घर में घुसकर तीन लोगों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित अख्तर हुसैन ने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर की दोपहर करीब ढाई बजे वह कमरे पर था। तभी गांव निवासी रिजवान, इबरार और उसका भाई इसरार जबरन घर में घुस आए। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला कर दिया। एक चाकू युवक के गले पर लग गया। इससे लहूलुहान हालत में वह जमीन पर गिर गया।

आरोपी उसे मरा समझकर भाग गए। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। होश में आने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर तीन लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# न्यू नोएडा के लिए तय होगी मुआवजा दर

**डीएम के साथ प्राधिकरण करेगा बैठक, 209 वर्ग किमी में बसना है नया शहर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** न्यू नोएडा के लिए 80 गांवों को अधिसूचित किया जा चुका है। यहां निर्माण के लिए प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी इसका नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की जाएगी। सवाल ये है कि यहां किसानों को किस दर से मुआवजा दिया जाए। इसके लिए डीएम के साथ नोएडा प्राधिकरण की एक बैठक होगी। इस बैठक में मुआवजा दर तय की जाएगी। बता दे यहां जमीन किसानों से आपसी सहमति के आधार पर ली जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण एक सलाहकार कंपनी का चयन भी कर चुका है।

प्राधिकरण ने बताया कि न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहण के लिए क्राइटेरिया तय होना बेहद जरुरी है। इसी के लिए डीएम के साथ बैठक होगी। मसलन इन गांवों की जेवर एयरपोर्ट से कितनी दूरी है। यहां जमीन की उपयोगिता क्या है। इसके अलावा कई ऐसे गांव है जो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के नजदीक है। बुलंदशहर के गांवों का सर्किल रेट क्या है। इन सभी को मिलाकर एक निर्णय लिया जाएगा। इन बातों का ध्यान रखकर और हाल ही में नए शहर को बसाने में किसान हितों का ध्यान रखते हुए ही मुआवजा की दर तय की जाएगी।

**गांवों के प्रधानों से की जा रही बातचीत:** न्यू नोएडा करीब 209 वर्ग किमी का बसाया जाना है। इसके लिए ईस्टर्न पेरिफेरल्स एक्सप्रेस के साथ जहां जीटी रोड अलग होती है। सबसे पहले वहां से लगे गांव की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया जाए। इस गांव में जोखा बाद, सांवली भी आता है। इन गांवों के प्रधान से बातचीत की गई। यहां आपसी समझौते के आधार पर जमीन किसानों से खरीदी जाएगी। इसके अलावा जोखा बाद और ग्राम सांवली में ही डीएनजीआईआर (न्यू नोएडा) का अस्थाई कार्यालय बनाया जाएगा।

**पहले फेज में 15 गांव शामिल:** सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। ऐसे में किसानों के साथ भी आज पहली बैठक की गई।

**इन चार फेज में बसेगा शहर:** न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा।

2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विक. सित करने का प्लान है।

## शहीद सुरेश भाटी के नाम पर होगा गोलचक्कर

**नोएडा।** डाढ़ा गोल चक्कर का नाम शहीद सुरेश सिंह भाटी के नाम पर रखने की मांग को लेकर तीन अक्टूबर को होने वाले धरने को फिलहाल स्थगित कर दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर वायदा खिलाफी होती है तो शहीद की पत्नी एक महीने के बाद आमरण अनशन पर बैठेंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने वार्ता के दौरान ग्रामीणों को उनकी मांग पूरी करने का आश्वा. सन दिया।

सदर तहसील के डाढ़ा गांव के पवन भाटी ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को पत्र देकर डाढ़ा गोल चक्कर से हायर कंपनी को जोड़ने वाली 60 मीटर रोड और गोल चक्कर का नाम शहीद सुरेश भाटी के नाम पर रखने की मांग की थी। प्राधिकरण ने ऐसा नहीं किया। शहीद की पत्नी सरोज देवी ने वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए तीन अक्टूबर को धरने पर बैठने की घोषणा की थी।

# फ्लैट में लगी आग, 15 साल का बेटा फंसा

**■ मम्मी-पापा दुकान पर गए थे, पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर निकाला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग में 15 साल का लड़का फंस गया। पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, घर में रखा कॉस्मेटिक का सामान जलकर राख हो गया।

आग बुधवार सुबह बजे बिल्डिंग के पांचवें फ्लोर पर लगी। घर में बेटा अकेला था। उसके मम्मी-पापा दुकान पर गए थे। शुरुआती जांच में एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगनी बताई जा रही है। बिसरख थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन गार्डन सोसाइटी की है।

वृंदावन गार्डन सोसाइटी की में हरीश कालरा का अपना मकान है। वह बिल्डिंग के पांचवें फ्लोर पर रहते हैं। हरीश कालरा ने बताया कि घर से 3-4 किलोमीटर दूर मेरी कॉस्मेटिक की दुकान है। बुधवार को पूजा करने के बाद करीब 10 बजे मैं और मेरी पत्नी दुकान पर चले गए। 11 बजे सूचना मिली कि घर में आग लग गई है। हम लोग वहां से आए तो देखा घर से आग लपटें और धुआं निकल रहा था। मेरे बेटे को पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर बाहर निकाल लिया था। घर में कॉस्मेटिक का सामान रखा था। उसी वजह से आग ज्यादा से ज्यादा फैलती चली गई।

**आग की लपटें देख पहुंचे पड़ोसी:** पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे फ्लैट से धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं। धुआं देखकर हम लोगों ने शोर मचाया। मौके पर जाकर घर का दरवाजा खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। काफी देर तक दरवाजा पीटते रहे।

इसके बाद हम लोगों ने दरवा. जा तोड़ दिया। पूरे मकान में धुआं भरा था। आग की लपटें उठ रही थी। उसमें फंसे बच्चे को किसी तरह बाहर निकाला। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक फ्लैट में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया था।

**आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं:** आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन शुरुआती जांच में एसी में शॉर्ट सर्किट को वजह बताया जा रहा है। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और आग बुझाई गई।

आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि शाहबेरी स्थित एक फ्लैट में आग लगने की सूचना मिली। आग को फायर ब्रिगेड की मदद से बुझा दिया गया है। फ्लैट के अंदर एक रूम में कॉस्मेटिक का सामान रखा हुआ था, जो जल गया है। फ्लैट के मंदिर में दीपक जल रहा था, जिससे आग लगना प्रतीत हो रहा है।

## गाली-गलौज के विरोध पर मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के दूबली गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट हुई है। इस घटना में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस-केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, दूबली गांव निवासी सुनील ने शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार को वह अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी गांव के सोनू, मोंटी, मोनू और सीमा नामक महिला ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने आई सुनील की बहन सपना और बेटे विकास के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस घटना में सुनील, सपना और विकास घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एक नजर

### रावण ने नहीं माना कुंभकरण का प्रस्ताव हुआ मेघनाथ का वध

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के तत्वाधान में हरि भक्ति कला ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला का भव्य मंचन नोएडा स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस भक्ति और सांस्कृतिक आयोजन का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक पंकज शर्मा द्वारा किया गया। रामलीला की प्रस्तुति में कुंभकरण वध, मेघनाथ वध, सुलोचना सती, नारांतक वध तक की लीलाओं का सुंदर और प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत कुंभकरण को निंद्रा से जगाने से हुई, तत्पश्चात कुंभकरण ने रावण की संधि करने के लिए समझाया परन्तु रावण ने अस्वीकार कर दिया और श्रीराम और कुंभकरण युद्ध में कुंभक का वध हुआ, मेघनाद अपनी शक्ति अर्जित करने के लिए निकुंभला देवी के मंदिर में पूजा करने हेतु निकला परन्तु वहां पर लक्ष्मण जी ने हनुमान एवं सेना सहित जाकर उसके हवन को खंडित कर दिया और मेघनाद का वध कर दिया, सुलोचना को मेघनाद की भुजा ने आकर सारा हाल बताया, पति की मृत्यु से आहत सुलोचना अपने पति का शीश लेना रामदल में पहुंची, रावण ने नृतक को युद्ध के लिए भेजा परन्तु सुग्रीव पुत्र दधिबल ने उसका भी वध कर दिया।

### ऑटो रिक्शा ने टीचर को टक्कर मारी, गंभीर रूप से घायल को आईसीयू में कराया भर्ती

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा में एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने बाइक सवार शिक्षक को टक्कर मार दी। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के कलूपुरा गांव के पास हुई इस घटना में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कलूपुरा गांव निवासी प्रदीप शर्मा स्थानीय स्कूल में शिक्षक हैं। बुधवार सुबह प्रदीप अपनी स्प्लेंडर बाइक से स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान भीकनपुर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के भाई अजय शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने ऑटो रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### वाहनों के चालान से भरी सरकारी झोली, एक माह में तीन करोड़ की वसूली

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिले में कमियों के साथ और नियमों का उल्लंघन कर दौड़ रहे वाहनों पर परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम की कार्रवाई लगातार जारी है। पिछले माह यानी अक्तूबर में सिर्फ 27 दिनों के भीतर 2905 वाहनों के चालान किए गए हैं। जिनसे करीब एक करोड़ रुपये से अधिक जुर्माना वसूला गया है। परिवहन विभाग के अनुसार पूरे महीनेभर में या आकड़ा 3 हजार तक पहुंच गया, जिससे कुल एक करोड़ से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया। बता दें, परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम रोजाना अवैध रूप से दौड़ रहे वाहनों पर लगातार कार्रवाई करती रहती है, ताकि सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके और हर प्रकार के वाहन चालक सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। जिन वाहनों के चालान किए उनमें से या तो वह ओवरलोड थे, या फिर उनकी अवधि समाप्त हो चुकी थी, फिर भी चलन में पाए गए।

### कई साल से कोशिश के बाद भी नोएडा डिपो को नहीं मिला एसी प्रतीक्षालय

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** मोरना स्थित नोएडा डिपो में कई साल की को. शिश के बाद भी एसी प्रतीक्षालय नहीं शुरू हुआ है। अभी चारों ओर से खुला प्रतीक्षालय है, जिसमें यात्रियों के लिए सर्दी और गर्मी से बचने की सुविधा नहीं है। अधिकारियों के अनुसार प्रतीक्षालय के लिए प्रयास किया जा रहा है। नोएडा डिपो में रोजाना बड़ी संख्या में यात्री पहुंचते हैं। यात्रियों को बसों का इंतजार भी करना पड़ता है लेकिन उनके लिए सुविधाजनक प्रतीक्षालय नहीं है। डिपो में काफी पुराना एक प्रतीक्षालय है, जिसमें सुविधाएं नहीं है। प्रतीक्षालय एक छोटे हॉल की तरह है, जो चारों ओर से खुला हुआ है। ऐसे में सर्दी और गर्मियों में यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। छिजारसी निवासी मोनू ने कहा कि बस के इंतजार की स्थिति में दिन में तेज हवा चलने पर प्रतीक्षालय में धूल के कारण परेशान होना पड़ता है। सेक्टर 11 निवासी संजीव ने कहा कि प्रतीक्षालय का बेहतर होना जरूरी है।

# भंगेल एलिवेटेड रोड अक्टूबर में जनता के लिए तैयार

**नोएडा।** दिवाली की तैयारियों के बीच नोएडावासियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। लंबे इंतजार के बाद भंगेल एलिवेटेड रोड जनता के लिए अगले 10 दिनों में खोलने की संभावना है। नोएडा प्राधिकरण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दोनों परियोजनाओं के उद्घाटन के लिए समय मांगा है। इस रोड के खुलने से शहर के कई इलाकों के बीच आवाजाही आसान होगी और ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी।

भंगेल एलिवेटेड रोड, दादरी-सूर. जपुर-छलेरा (डीएससी) मार्ग पर बनाया गया है। सेक्टर-41 आगाहपुर से लेकर फेज-2 नाले तक यह मार्ग सूर. जपुर, ग्रेटर नोएडा और दादरी की ओर आने-जाने वालों के लिए सुविधाजनक साबित होगा। जून 2020 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के निर्माण का अधिकांश काम पूरा हो चुका है। केवल लाइट लगाना और कुछ छोटे काम अंतिम चरण में बचे हैं।निर्माण के दौरान भुगतान को लेकर विवाद भी सामने आया। यूपी राज्य सेतु निगम ने नोएडा अथॉरिटी पर 150 करोड़ रुपये बकाया होने का आरोप लगाया। कई नोटिस भेजने के बावजूद उत्तर न मिलने पर निगम ने मामले को हाईकोर्ट में ले जाने का फैसला किया। निगम ने कोर्ट से मध्यस्थ नियुक्त करने की मांग की है। सुनवाई अक्टूबर में होने की संभावना है।

**अधूरे पड़े काम और अतिरिक्त धन की मांग:** भुगतान विवाद के चलते एलिवेटेड रोड के नीचे सर्विस रोड और नालियों का निर्माण अधूरा पड़ा है। सेतु निगम ने कहा कि बढ़े खर्च के कारण इन कार्यों को पूरा करना संभव नहीं है। इसके लिए नोएडा अथॉरिटी से 25 करोड़ रुपये अतिरिक्त धन की मांग की गई है।

# नोएडा पुलिस ने मिशन शक्ति पांच के तहत बहादुर और समाजसेवी महिलाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5 के तहत बुधवार को गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने उन महिलाओं को सम्मानित किया जो समाज में बहादुरी का कार्य करने, दिशा से भटके लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने, अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में मदद करने और महिलाओं को शिक्षित करने में जुटी हैं। इस मौके पर लगभग 50 महिलाओं को आज सम्मानित किया गया।



अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि समाज सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने, पीड़ित महिलाओं की मदद करने, अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में मदद करने सहित विभिन्न सामाजिक कार्य करने वाली बहादुर महिलाओं कोआज सम्मानित किया गया है । जिसमें मुख्य रूप से रीना भाटी, ममता शर्मा, नीलम भाटी, सपना नागर, पूनम, साधना, सरोजिनी रानी, सुनीता, कौशल, बिना, दीपेश, मिथिलेश, गीता, नीतू, बबीता, दीपिका, मनु, शैली, सीमा,शकुंतला देवी, सुनीता, चंद्रा, रेखा शर्मा, वंशिका गुप्ता, समीम बानो, दीक्षा बंसल, दीपा देवी, जयंती, अनुष्का यादव, लगनी देवी, राधा देवी, ममता यादव, पूजा अवाना, मीनाक्षी त्यागी, स्वीटी त्यागी, पारुल, शिवानी नागर, दिशा नागर, चंचल भाटी आदि को सम्मानित किया गया है ।

उन्होंने बताया कि महिलाओं का सम्मानित करने का उद्देश्य है कि इससे प्रेरित होकर अन्य महिलाएं भी समाज में अच्छा कार्य करें। जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले। उन्होंने सम्मान समारोह के दौरान मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे समाज में अच्छा कार्य करें, और अन्य महिलाओं को अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति है। उत्तर प्रदेश सरकार और गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने यह प्रण लिया है कि किसी महिला के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन स्त्री की सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट में हर बेटी, हर माता सुरक्षित हो।

# अंगद ने दी रावण को चुनौती हुआ मेघनाद व कुंभकरण का वध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्रीराम मित्रमंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन स्थल रामलीला मैदान सेक्टर-62 में दसवें दिन अंगद रावण से कहता है कि माता सीता को लौटा दो और प्रभु की शरण में आ जाओ लेकिन अहंकार वश रावण अंगद का उपहास उड़ाता है। तब अंगद अपना पैर रोपते हैं और कोई भी अंगद का पैर डिगा नहीं पाया।अंत में रावण उठता है और ज्योंही अंगद का पैर पकड़ने उठता है अंगद कहते हैं कि अगर पैर पकड़ने हैं तो श्रीराम के पकड़ो।रावण लज्जित होता है और अंगद रामदल में पहुंच जाते हैं। श्रीराम सेना लंका पर आक्रमण कर देती है।रावण अपने पुत्र मेघनाद को भेजता है।



मेघनाद लक्ष्मण पर शक्ति से प्रहार करता है और लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं।हनुमान जी सुषेन वैद्य को लाते हैं जो संजीवनी लाने को कहते हैं । हनुमान संजीवनी लेने जाते हैं जिसे देख दर्शक प्रसन्नता से झूम उठते हैं ।संजीवनी से लक्ष्मण की मूर्छा खुलती है।

अगले दृश्य में मूर्छा टूटने के पश्चात लक्ष्मण मेघनाथ का वध करने की प्रतिज्ञा लेते हैं और राम से आशीर्वाद ले कर मेघनाथ से पुन: युद्ध के लिए जाते हैं। वध करने की प्रतिज्ञा लेकर लक्ष्मण जिस समय युद्ध भूमि में जाते समय श्रीराम उनसे कहते हैं- ष्लक्ष्मण, रण में जाकर तुम अपनी वीरता और रणकौशल से रावण-पुत्र मेघनाद का वध कर दोगे, इसमें मुझे कोई संदह नहीं है। परंतु एक बात का विशेष ध्यान रखना कि मेघनाद का मस्तक भूमि पर किसी भी प्रकार न गिरे। क्योंकि मेघनाद एकनारी-व्रत का पालक है और उसकी पत्नी परम पतिव्रता है। ऐसी साध्वी के पति का मस्तक अगर पृथ्वी पर गिर पड़ा तो हमारी सारी सेना का ध्वंस हो जाएगा और हमें युद्ध में विजय की आशात्याग देनी पड़ेगी।

श्रीराम जी बात सुनकर लक्ष्मण अपनी सैना लेकर चल पड़े। रणभूमि में उन्होंने वैसा ही किया। युद्ध में अपने बाणों से उन्होंने मेघनाद का मस्तक उतार लिया, पर उसे पृथ्वी पर नहीं गिरने दिया। हनुमान उस मस्तक को रघुनंदन के पास ले आये।तत्पश्चात मेघनाथ की पत्नी सुलोचना अपने पति का सर लेने के लिए श्रीराम शिविर में जाती है राम को जब यह पता चलता है तो वह स्वयं सुलोचना की से मिलने निकल पड़ते हैं और सुलोचना को विधि के विधान से अवगत कराते हैं।

मेघनाथ के वध के पश्चात रावण कुंभकर्ण को जगाता है ।कुभकरण के पराक्रम से राम सेना में खलबली मच जाती है तब भगवान श्रीराम बाणों से उस पर प्रहार करते है और कुंभकरण का वध कर देते हैं ।

# होश में आए लक्ष्मण हुआ मेघनाद व कुंभकर्ण का वध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा बुधवार को रामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सतीश पाल अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण, महेंद्र प्रसाद ओएसडी नोएडा प्राधिकरण और देवेंद्र प्रताप सिंह ओएसडी द्वारा रामलीला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सीएम डी प्रिया गोल्ड कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद, डीसीपी ट्रैफिक डॉक्टर प्रवीन रंजन सिंह, डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, प्रदीप चौबे मुख्य अग्निशमन अधिकारी, प्रवीण कुमार सिंह एसीपी नोएडा, एसपी सिंह महाप्रबंधक सिविल, मौजूद रहे, वही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता कांग्रेस, पखुडी पाठक पूर्व विधायक प्रत्याशी नोएडा, रामकुमार तंवर महानगर पुर्व अध्यक्ष नोएडा, राज. कुमार चौधरी अध्यक्ष नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन आदि मौजूद थे। इस अवसर पर पंडित कृष्ण स्वामी ने विभीषण का रावण को समझाना तथा विभीषण का लंका छोड़ रावण की शरण में जाना, और समुद्र पर रामसेतु का निर्माण एवं रामेश्वर मंदिर की स्थापना युद्ध से पहले रावण को समझने के लिए अंगद को भेजना, रावण अगर संवाद एवं लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध होना लक्ष्मण को शक्तिमान हनुमान जी का संजीवनी लाना लक्ष्मण की मूर्छा जागृत होना मेघनाथ का युद्ध भूमि में वध होना एवं कुंभकरण का वध होने की लीला का मंचन हुआ।

# व्हाइट ऑर्किड सोसाइटी में एओए चुनावों पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित व्हाइट ऑर्किड सोसाइटी में हुए नए बोर्ड के चुनाव पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों ने चुनाव प्रकिया में मनमानी और धांधली का आरोप लगाते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार से जांच की मांग की है। इस सबके बीच चुनाव में इस वर्ष पूर्व बोर्ड के कुल नौ सदस्यों ने पुन: भाग लिया। कोई प्रत्याशी न होने के कारण सभी को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया। एओए अध्यक्ष अजय रुहेला, सचिव विकास कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष सुदीप कुमार डे को चुना गया। वहीं अनूप कुमार मिश्रा,सुनील कुमार वर्मा,सुधीर कुमार गोयल,ऐश्वर्य प्रकाश पांडे और गौरव सिंह को सदस्य चुना गया। एओए अध्यक्ष अजय रुहेला ने कहा कि सोसाइटी के विकास के लिए लगातार कार्य किए जाएंगे। वहीं, सुमित कुमार शर्मा ने आरोप लगाया है कि व्हाइट ऑर्किड सोसायटी में निवा. सियों के अधिकारों की अनदेखी कर एओए द्वारा मनमाने ढंग से काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा सोसायटी की एओए की जीबीएम को निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद संबंधित लोग हाईकोर्ट भी गए, लेकिन वहां पहले से ही रेजिडेंट्स ने कैविएट दायर कर रखी थी। हाईकोर्ट से लौटने के बाद एओए ने एक नया हथकंडा अपनाते हुए, जीबीएम के स्थान पर एजीएम घोषित कर दी और बैकडेट के फर्जी नोटिस बनाकर सोसायटी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया।निवासियों का आरोप है कि एओए खुलेआम ग्रेटर नोएडा जैसे आधुनिक शहर में जंगल राज चला रही है, पैसे का दुरुपयोग कर रही है और पारदर्शिता से बच रही है।

## प्रदेश अध्यक्ष ने दिया संगठन की मजबूती का संदेश

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर विधानसभा क्षेत्र के भवोकरा गांव में बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पहुंचे। उनके आगमन पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। गांव के मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार बनाए गए। चौधरी ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने का संद. ेश दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की ताकत कार्यकर्ता हैं और जनता तक सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इस दौरान जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रेमव. ीर प्रधान, जिला मंत्री विकास चोरोली, महामंत्री रोहित ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संजय रावत, मोहित चौधरी और भोले चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त उपस्थित रहे।

# तीन को होगी नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक

**■ यूनीफाइड पॉलिसी के अलावा 20 से अधिक प्रस्तावों को किया जाएगा शामिल**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 3 अक्टूबर को होगी। इस बैठक में 300 टीडीपी-टन प्रति दिन-क्षमता का कूड़ा निस्तारण प्लांट, यूनिफाइड पॉलिसी में बदलाव समेत 20 से अधिक प्रस्ताव रखे जाएंगे। बोर्ड बैठक सुबह साढ़े ग्यारह बजे सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में होगी। बैठक की अध्यक्षता औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन दीपक कुमार करेंगे। प्रस्ताव फाइनल करने को लेकर मंगलवार को बैठक होगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक तैयार प्रस्तावों में कुछ मुख्य हैं। इनमें अमिताभ कांत समिति के अंतर्गत बिल्डरों की तरफ से जमा पैसा और फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री का ब्योरा रखा जाएगा। बकाया नहीं देने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई को लेकर मार्गदर्शन मांगा जाएगा। तीनों प्राधिकरण के कामकाज में एकरूपता लाने के लिए बनी यूनिफाइड पॉलिसी में फिर से बदलाव किए जाएंगे।

**यूनीफाइड पॉलिसी में बदलाव:** अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग विभागों की स्कीम के लिए कहीं आवंटन राशि 90 दिन में जमा करना तो किसी में 60 दिन में जमा करने का जिक्र है। इनके अलावा कुछ काम में यूनिफाइड पॉलिसी के अंतर्गत संशोधन किए जाने हैं। नोएडा में 300 टीडीपी क्षमता का एक इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया जाएगा, जिससे बिजली, खाद और शोधित पानी मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि वाटर मीटर से शुल्क लिए जाने का प्रस्ताव बैठक में रखा जाएगा।

**एयरपोर्ट के लिए बजट:** जेवर में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए बजट जारी करने समेत अन्य प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखे जाएंगे। शहर में करीब ढाई साल से वाटर मीटर लगे हुए हैं लेकिन प्राधिकरण अभी यूनिट शुल्क तय नहीं कर सका है। अधिकारियों ने बताया कि यूनिट शुल्क तय करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# तौकीर के करीबी नफीस और उसके बेटे समेत आठ को भेजा जेल

■ **बवाल से पहले फैलाया था गलत संदेश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में बवाल के मामले में आरोपी डॉ. नफीस खां और उसके बेटे फरमान समेत आठ और आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि बुधवार को कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो आरोपी मुठभेड़ में पकड़े गए हैं।

मौलाना तौकीर रजा खां को फतेहगढ़ जेल भेजने के बाद से उसके गुर्गों की गिरफ्तारी की जा रही है। अब दाहिना हाथ पार्टी प्रवक्ता डॉ. नफीस, नफीस का बेटा फरमान समेत आठ आरोपी जेल भेजे गए हैं। नफीस और बेटे पर दंगा भड़काने की साजिश का आरोप है। इनके इशारे पर मस्जिदों में नमाज का वक्त बदला गया था।

एसपी सिटी दफ्तर में बुधवार को पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मौलाना की पार्टी के नेता डॉ. नफीस और उसके बेटे फरमान की भूमिका इस मामले में नफरत फैलाने की रही है। मौलाना



के साथ रहकर नफीस लगातार माहौल भड़काने का काम कर रहा था। आमतौर पर दिन में नमाज का वक्त साढ़े 12 बजे से पौने चार बजे तक रहता है। उस दिन नफीस आदि के भड़काने पर यह संदेश फैलाया गया कि नमाज का वक्त बदला गया है। यह वक्त सभी मस्जिदों में दोपहर एक बजे का कर दिया गया है। इसी संदेश से पुलिस को संदेह हो गया कि सभी लोगों को नमाज के बहाने एक साथ बुलाकर दंगा कराने की योजना है।

### बाहरी लोगों और अपराधियों को बुलाकर कराया बवाल

एसएसपी ने बताया कि जिले के अलग-अलग हिस्सों के साथ ही बंगाल व बिहार तक के लोग शहर में इस्लामिया मैदान पर कूच करने को बुलाए गए थे, यह बात तो गिरफ्तारी व बरामदगी से भी साफ हो चुकी है।

एसएसपी ने बताया कि नफीस का बेटा फरमान आईएमसी के सोशल मीडिया अकाउंट लगातार अपडेट कर भड़काऊ बयान व इस्लामिया मैदान में भीड़ के पुराने वीडियो डालकर लोगों को उकसा रहा था। इसी भड़काने पर नाबालिग लड़के और ग्रामीण शहर चले आए और जाने अनजाने में बवाल का हिस्सा बन गए।

### 10 मुकदमे, 125 नामजद, 81 आरोपी जेल भेजे

एसएसपी ने बताया कि अब तक 81 उपद्रवी सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं। पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर रही है। खासकर उन लोगों पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है, जिन्होंने भीड़ को भड़काने और एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई थी। एसएसपी ने बताया कि बवाल के बाद पुलिस ने अलग-अलग थानों में दस मुकदमे दर्ज किए थे। इनमें 125 नामजद और करीब तीन हजार अज्ञात उपद्रवी शामिल हैं। सात मुकदमों में मौलाना तौकीर रजा नामजद है, कुछ और मामलों में मौलाना व उसके साथियों का नाम खुल सकता है।

### तीन थानों से इनको भेजा गया जेल

एसपी सिटी मानुष पारीक और सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि सीबीगंज, कोतवाली और बारादरी थानों से बुधवार को आठ आरोपी कोर्ट में पेश कर जेल भेजे गए हैं। इनमें किला के कंघी टोला निवासी डॉ.नफीस, उसका बेटा फरहान खां, किला के मलूकपुर निवासी शान, बारादरी के रोहलीटोला निवासी नदीम पुत्र फारूख, किला के हुसैन बाग निवासी रिजवान, सैलानी निवासी अमान, काजीटोला निवासी ताजिम को जेल भेजा गया है। सीबीगंज पुलिस ने शाहज. हांपुर के थाना मदनापुर पंखाखेड़ा इस्लामनगर निवासी इकबाल उर्फ बुंदन व इदरीश को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। अन्य आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिशें दे रही हैं।

## एक नजर

## सीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** सीएम के चेहरे को जानवर के कान मुंह एडिट कर रील बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने एवं जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है

बताते चलें कि ग्राम कैमरिया थाना शीशगढ़ का निवासी आवाज जो बीएससी का छात्र है ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के चेहरे पर जानवर के कान ,मुंह एडिट करके रील बनाकर इंस्टाग्राम आई डी पर प्रसारित की थी साथ ही मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी हिंदू धर्म की भावनाओं को आहत करने वाला गाना भी प्रसारित किया था। इंस्टाग्राम आई के आधार पर पुलिस ने आरोपी अरबाज के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**सीएम के चेहरे को जानवर के कान मुंह एडिट कर इंस्टाग्राम पर चलाई थी रील**

## दूसरे समुदाय की भावनाएं आहत करने को वीडियो की वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सोशल मीडिया पर दूसरे समुदाय पर टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। माहौल गड़बड़ न हो इसके मद्देनजर पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखे हुए है, लेकिन शरारती तत्व अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे हैं।

**आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा**

बताया जाता है कि बीती 25 सितम्बर को थाना बहेड़ी के ग्राम जाम निवासी उवैस पुत्र बब्बू द्वारा सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम व फेसबुक पर वीडियो बनाकर शेयर की गयी है, जिससे दूसरे समुदाय की भावनायें आहत हो सकती हैं। पुलिस के मुताबिक वीडियो से शान्ति भंग होने पर उवैस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी युवक को 30 सितम्बर को नैनीताल हाईवे पर मुरचौड़ा रोड के पास से गिरफ्तार किया है और न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## संदिग्ध हालत में युवक की मौत पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में बुधवार को एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना को लेकर बस्ती में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

नगर की वेलदारान बस्ती के दर्शन सिंह अपनी पत्नी तुलसा देवी तीन साल की पुत्री के साथ रहते थे। बताया जाता है कि मंगलवार को पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था। सुबह करीब 4 बजे दर्शन सिंह के छोटे भाई अमित ने अपने बड़े भाई अमर सिंह को दर्शन सिंह द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना दी। जिसपर घर पहुंचे अमर सिंह को शव नीचे पड़ा मिला। जिसपर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक की पत्नी तुलसा देवी ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। भाई अमर सिंह ने जहां अपने मृतक भाई दर्शन सिंह का पोस्टमार्टम कराए जाने को लेकर पुलिस को तहरीर दी तो वहीं मृतक की पत्नी पोस्टमार्टम नहीं कराए जाने की जिद पर अड़ी थी। कई घंटे तक पुलिस के इस विवाद में उलझे रहने के बाद आखिर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना को लेकर बस्ती में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। बताया जाता है कि हाल ही में मृतक ने अपने एक प्लॉट का सौदा कई लाख में किया था, और बयाने में करीब दो लाख रुपये भी लिए थे। यह भी आरोप है कि पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। मृतक के बड़े भाई अमर सिंह ने भाई की हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

इस बारे में कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## अधिवक्ता के खेत में लगे पेड़ों को रंजिशन काटा, तहरीर दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव गुड़गांवा में अधिवक्ता उपेन्द्र पाल सिंह का खेत है। खेत पर करीब तीन सौ पेड़ पॉपुलर और यूकेलिप्टस के लगे हैं, इन पेड़ों की उम्र भी दो तीन साल हो चुकी थी। आरोप है कि अधिवक्ता के खेत के पड़ोसी महेन्द्र पाल और सरजू ने गुजरी रात में काट डाले। पेड़ काटे जाने से उसे करीब 70 हजार का नुकसान हुआ है।सूचना मिलने पर नगर की एडवोकेट कॉलोनी में रह रहे अधिवक्ता उपेन्द्र पाल सिंह बुधवार को अपने गांव पहुंचे और उन्होंने पेड़ो को कटा पाया, जिसपर उन्होंने इसकी शिकायत महेन्द्र पाल सिंह और सरजू से की, जिसपर वह आग बबूला हो गए, दोनों भाईयों ने अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी दी है। अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने कुछ दिनों पहले ही सरजू से यह खेत खरीदा था, जिसको लेकर उसका भाई महेन्द्र पाल रंजिश मानता है। अधिवक्ता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

## मिशन ग्लोबल एकेडमी में डांडिया एवं गरबा महोत्सव आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** मिशन ग्लोबल एकेडमी सिंधौरा (रिछा) में नवरात्रि के शुभ अवसर पर डांडिया एवं गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना एवं प्रबंधक जितिन सक्सेना के द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्राओं ने सर्वप्रथम मां दुर्गा की स्तुति प्रस्तुत की, तत्पश्चात डांडिया और गरबा के माध्यम से छात्राओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना ने कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व हमें मातृशक्ति का सम्मान करने की प्रेरणा देती है, आज महिलाएं प्रत्येक कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं, किसी पुरुष की पुरूषत्व की पहचान तब होती है जब महिलाएं उसकी उपस्थिति में सुरक्षित महसूस करें। विद्यालय के प्रबंधक जितिन सक्सेना ने भी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बी के कश्यप, निदेशक अमित देओल, उप प्रधानाचार्य मोबिन मलिक, राफिया मुख्तार, सिदरा खान, शाजिया नाज, काजल, नेहा, लता गंग. वार, रुचि मिश्रा, गीता कश्यप, कहकशां, अनम,जेबा, अनामिका सक्सेना, रामेंद्र पाठक, विपिन सिंह, हरीश कुमार, ऋषभ कुमार, मोहम्मद असलम, मुस्कान जमील, सत्यपाल, सुमित सागर, आशुतोष वर्मा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## अवैध रूप से पड्डे काट रहे तीन युवकों को दबोचा

■ **पड्डे का 95 किलो मांस व उपकरण किये बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** धोबी तालाब के पास चार दीवारी में अवैध रूप से पड्डे का मांस काटने वाले धंधेबाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना स्थल से पुलिस ने पड्डे का मांस और मांस काटने के उपकरण बरामद किये हैं। इस मामले में पुलिस ने पकड़े गए तीनों धंधेबाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

उ.नि. शिव कुमार मिश्र, का0 विकित सौलंकी, विशेष खोखर, अंकित कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि मोहल्ला सकलैन नगर में धोबी तलाब के पीछे बनी चार दीवारी में कुछ लोग अवैध तरीके से पड्डे काट रहे हैं। मुखबिर की इस सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो तालाब के किनारे बनी चार दीवारी में 03 लोग एक पड्डे को काटकर गिरा रहे थे और मौके पर मांस बिखरा हुआ था। इसपर पुलिस ने चार दीवारी को चारों तरफ से घेर लिया। इसके बाद जैसे ही पुलिस चार दीवारी में घुसी तो तीनों व्यक्ति पुलिस वालो को देखकर चाकू गड़ासा फेंककर भागने लगे, जिसपर पुलिस ने उन्हें चार दीवारी के अंदर ही पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्तियों ने अपने नाम शाकिर पुत्र आबिद हुसैन निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व थाना बहेडी, अय्यूब पुत्र छोटे निवासी मो0 टांडा कस्बा व थाना बहेड़ी, रफीक पुत्र सूखे निवासी मोहल्ला मोहम्मदपुर कस्बा व थाना बहेडी बताया है।

पुलिस ने मौके से 95 कि0ग्रा0 पड्डे का मांस, एक खोपडी रंग काला, छोटे-छोटे सिंग एवं पशु काटने की 02 अदद छुरी व 02 अदद गड़ासा बरामद किये हैं। तीनों व्यक्तियों से पड्डा काटने के सम्बंध में लाइसेंस मांगा गया तो नहीं दिखा सके। इस मामले में पुलिस ने पकड़े गए तीनों धंधेबाजों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

## दहेज में आल्टो कार व दो लाख न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

■ **पुलिस ने पति समेत पांच लोगों पर दर्ज किया मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ससुरालियों ने दहेज में आल्टो कार व दो लाख रूपये न मिलने पर एक विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे धक्के देकर घर से निकाल दिया। घटना के बाद विवा. हता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम रजपुरा निवासी शांति पत्नी रेशम सिंह का कहना है कि उसकी शादी अब से दो वर्ष पूर्व ग्राम सिरसा गौंटिया थाना पुलभट्टा जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड निवासी रेशम सिंह पुत्र लेखराज के साथ हुई थी। विवाहिता का कहना है कि शादी के कुछ समय बाद से उसका पति व ससुराल वाले दहेज में आल्टो कार और दो लाख की नकदी की मांग करने लगे। जब इस पर उसने असमर्थता जताई तो पति रेशम सिह, ससुर लेखराज, सास चमेली देवी, कृष्ण पाल, राजेन्द्र और गनेश ने उसे काफी मारा पीटा और फिर घर से निकाल दिया।

कहा कि अगर बिना कार और नगदी के वापस आई तो जान से मार देंगे। इसके बाद विवाहिता थाने पहुंच गई, और मामले की तहरीर पुलिस को दी।

जिस पर पुलिस ने पति रेशम सिह समेत ससुर लेखराज, सास चमेली देवी, देवर कृष्ण पाल, राजेन्द्र और गनेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## डीएम ने जनपद वासियों को दशहरा की दीं हार्दिक शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने विजयादशमी के पावन अवसर पर समस्त जनपद वासियों को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

डीएम ने इस पर्व को सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दशहरा केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि यह अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है, जो हमें जीवन में नैतिकता, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दशहरा हमें यह सिखाता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न प्रतीत हो, अंत में जीत सच्चाई, सदाचार और धर्म की ही होती है। भगवान श्रीराम द्वारा रावण के संहार का यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि अन्याय, अधर्म और अहंकार का अंत निश्चित है।

## स्वच्छता को लेकर नगर पालिका ने चलाया अनोखा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक अनोखा कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका नाम है 'कचरा लाओ, मिट्टी के दीये ले जाओ'। इस कार्यक्रम के तहत, लोग अपने घरों से प्लास्टिक का कचरा लाकर नगर पालिका से मिट्टी के दीये प्राप्त कर सकते हैं।



**'कचरा लाओ, मिट्टी के दीये ले जाओ'**

कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने के लिए प्रेरित करना है। लोग अपने घरों से प्लास्टिक का कचरा लाकर मिट्टी के दीये प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से नगर पालिका लोगों को 'लोकल फॉर वोकल' योजना के बारे में भी जागरूक कर रही है। कार्यक्रम के पहले दिन 52 किलोग्राम प्लास्टिक का संग्रहण किया गया और 2000 दीयों का वितरण किया गया।

नगर पालिका का लक्ष्य है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके, और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।

कार्यक्रम में एसबीएम/आईईसी प्रमुख सौरभ कुमार चौबे, लाल सिंह, नवनीत पांडे, प्रणव सिंह और समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अहमद हसन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया, और लोगों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें और शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।

यह कार्यक्रम न केवल शहर को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक करेगा। इस तरह के आयोजनों से शहर की स्वच्छता और सुंदरता में वृद्धि होती है, और लोगों को अपने शहर के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी जागृत होती है।

## कानून के खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्तः डीएम

■ **व्यापारियों और आमजन से की बातचीत, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए सख्त निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने बुधवार को जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया।

डीएम ने थाना किला, प्रेमनगर, बारादरी, कोतवाली कांकरटोला चौकी क्षेत्र और श्यामतगंज मार्केट में पैदल गस्त कर संवे. दनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

भ्रमण के दौरान डीएम ने भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, और आमजन से



संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित और सुचारू वातावरण मिले, जिसमें वे भयमुक्त होकर जीवन यापन कर सकें। इसके लिए जिला प्रशासन हर संभव कदम उठा रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शि. विर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (बहेड़ी) की टीम द्वारा सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य जांचें शामिल थीं। शिविर का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना था, जो स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, साथ ही सफाई मित्रों के योगदान को सम्मानित करना है। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें सफाई अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर और जागरूकता गोष्ठियां शामिल हैं। नगर पालिका परिषद बहेड़ी ने इस शिविर के आयोजन पर जोर दिया है, ताकि सफाई मित्रों को उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा सकें। इस तरह के आयोजनों से स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ती है और सफाई मित्रों के प्रति सम्मान भी बढ़ता है।

## बरेली बवालः पुलिस कार्रवाई पर आला हजरत खानदान ने जताया असंतोष

■ **कहा- मांगें पूरी नहीं हुईं तो उठाएंगे ठोस कदम**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में बवाल के बाद बने हालात पर आला हजरत खानदान ने चिंता जताई है। आला हजरत खानदान ने पुलिस की कार्रवाई पर अंसतोष जताते हुए कहा कि बेगुनाह मुसलमानों को परेशान किया जा रहा है। बेगुनाहों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग उठाई। मांगें पूरी न होने पर ठोस कदम उठाने की चेतावनी दी।

आई लव मोहम्मद के मुद्दे पर बरेली में 26 सितंबर के दिन बवाल और लाठीचार्ज के बाद बने हालात पर खानदान आला हजरत के लोगों ने चिंता जताई है। पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए कहा कि उनकी शासन-प्रशासन कोई नहीं सुन रहा है। यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वह लोग कोई ठोस निर्णय लेंगे। यह बयान खानकाह आलिया रजविया, खानकाह ताजुश्शरिया और परिवार के सभी सदस्यों की ओर से संयुक्त रूप से जारी किया गया है। आला हजरत दरगाह के प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खां की ओर से नबीरे आला हजरत मौलाना तौसीफ रजा खां ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि बरेली सुन्नी मुसलमानों का मरकज है। यहां से आई लव मोहम्मद के मुद्दे पर ज्ञापन देने की बात कही गई थी। पुलिस-प्रशासन के लोग तौकीर मियां को जाने देते। वह कुछ लोगों के साथ ज्ञापन ही तो देना चाहते थे। जो लोग साथ जा रहे थे, वह लाठी-लंडा लेकर नहीं जा रहे थे।

### साजिश के तहत किया गया पथराव

मौलाना तौसीफ ने कहा कि बरेली शरीफ में मुसलमान को मुसलमान होने की सामूहिक सजा दी जा रही है। बेगुनाह मुसलमानों पर तमंचे, पेट्रोल बम और तेजाब की बोतलों से हमले का झूठा इल्जाम पुलिस लगा रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा मार्केट के पास का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक बिल्डिंग की छत से कुछ लोग मुसलमानों और पुलिस पर पथराव करते नजर आ रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि मुसलमान और पुलिस पर पथराव एक साजिश के तहत किया गया।

### महिलाओं और बच्चों पर किए जा रहे जुल्म

उन्होंने कहा कि बरेली में बेगुनाह मुसलमानों को गिरफ्तार किया जा रहा है। मारपीट की जा रही है, खाने-पीने को नहीं दिया जा रहा है। बेग. नाह मुसलमानों के घरों पर बुलडोजर खड़े कर दिए गए है। तोड़फोड़ की अवैध कार्रवाई की जा रही है। दबिश के दौरान महिलाओं पर जुल्म किए जा रहे हैं। बच्चों से मारपीट की जा रही है। मस्जिद के इमामों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

मौलाना तौसीफ ने कहा कि बेगुनाह लोगों की गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए। बेगुनाहों पर दर्ज मुकदमे वापस लेकर उन्हें रिहा किया जाए। बुलडोजर कार्रवाई रोकी जाए।

### आला हजरत खानदान एक साथ आया

मसले को लेकर आला हजरत खानदान एक साथ आ गया है। इसमें खानदान के बुजुर्ग दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हीन रजा खां, काजी-ए-हिंदुस्तीन मुफ्ती असजद रजा खां कादरी, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा खां कादरी, बुजुर्ग मौलाना मन्नान रजा खां, मौलाना अंजुम रजा खां, मौलाना सिराज मियां, मौलाना अदनान रजा कादरी, मौलाना अब्दुल्ला रजा कादरी, मौलाना हन्नान रजा खां, इकान रजा खां ने जारी बयान के पक्ष में हस्ताक्षर किए।

## हाफिज अब्दुल अजीज मियां का एक रोजा उर्स संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** हाफिज अब्दुल अजीज मियां का एक रोजा उर्स आज संपन्न हुआ। इस मौके पर जहां सुन्नी जामा मस्जिद में एक जलसा हुआ वहीं अनेक मुरीदों ने मजार पर चादरपोशी की रस्म अदा की। फातहा ख्वानी कुरान ख्वानी गुलपोशी और चाद. रपोशी के बाद उर्स तमाम हुआ। इससे पूर्व हुए जलसे को खिताब कर करते हुए जामा मस्जिद के इमाम मौलाना खुर्शीद आलम मिस्बाही ने अकीदतमंदों को खिताब करते हुए हाफिज अब्दुल अजीज मियां की जिंदगी पर रौशनी डाली। उन्होंने कहा अल्लाह वालों की जिंदगी हमारे लिए सबक होता है हमें उनके नक्शे कदम पर चलकर अपनी जिंदगी को संवारना चाहिए। जलसे में शायरों ने अपने कलाम भी पढ़े। इस मौके पर हाफिज इरशाद अजहरी, हाफिज इरशाद नूरी, शमीम अहमद, रियाज अहमद, मुमताज भैय्ये आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# कांग्रेस के पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष सहित दर्जनों को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार, बरेली में गत शुक्रवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निष्पक्ष जानक. ारी प्राप्त करने हेतु कांग्रेसजनों का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को प्रात: 11:30 बजे बरेली पहुँचकर पुलिस उप-महानिरीक्षक से मिलकर निष्पक्ष जाँच की मांग करने वाला था।



किन्तु इसी संदर्भ में रामपुर से हमारे पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक संजय कपूर को देर रात जनपद पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। साथ ही मुझे, निक्कू पंडित को भी पूर्व विधायक के निवास पर नजरबंद कर दिया गया है। यह कार्रवाई स्पष्ट रूप से वास्तविक स्थिति को कांग्रेस हाईकमान तक पहुँचाने से रोकने के षड्यंत्र का हिस्सा है और भाजपा द्वारा आम जनता की आवाज दबाने की हिटलर शाही का प्रमाण है।

कांग्रेस पार्टी इस तानाशाही का दृढ़तापूर्वक लेकिन गांधीवादी तरीके से जवाब देती रही हैं।

आप प्रेस के मित्रों से निवेदन है कृपया लोकतंत्र की रक्षा हेतु अपना समर्थन दें। इस दौरान संजय कपूर ने कहा मुझे लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठाने और बरेली में हुई घटना की निष्पक्ष जाँच की मांग करने से रोका जा रहा है। भाजपा सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है और जन पक्षधर आवाजों को कुचलने पर उतारू है। यह कृत्य सीधा-सीधा लो. कतंत्र पर हमला है। मैं स्पष्ट कहना चाहता हूँ कि हम इस तानाशाही के आगे कभी झुकेंगे नहीं। कांग्रेस कार्यकर्ता सच्चाई और न्याय के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी, अध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा रामपुर में हमारे वरिष्ठ नेता संजय कपूर जी को रातों-रात हाउस अरेस्ट करना भाजपा की हिटलरशाही का प्रमाण है। यह जनता की आवाज को दबाने और विपक्ष को बे आवाज करने का प्रयास है। हम सब गांधीवादी तरीके से इसका जवाब देंगे कांग्रेस परिवार एकजुट है और किसी भी कीमत पर भाजपा के मंसू. बों को सफल नहीं होने देगा। इस तानाशाही का शालीनतापूर्वक लेकिन प्रभावी ढंग से प्रतिकार किया

शहर अध्यक्ष बाकर खां ने कहा कांग्रेस पार्टी पूरी शक्ति, एकता और शालीनता के साथ लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ी है।

हमारा संघर्ष न्याय, सच्चाई और आम जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए है। इस अवसर पर रवि टंडन, गुरबाज सिंह, अर्सलान खां, अजीव सिंह, कपिल चौधरी, शारिब खां, जयदीप दुबेदी, फरीद खां, आमिर, नोमान, मुमताज खां, कुरैशी, यासिर शाह खां, असलम, जावेद, शाहबेज खां, आशुतोष रस्तोंगी तथा अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# घर के सामने खड़े दो डंपरों व एक ट्रैक्टर से पांच बेट्री चोरी दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** दढ़ियाल चौकी क्षेत्र के गांव अकबराबाद में घर के सामने खड़े दो डंपरों व ट्रैक्टर से चोर ने पांच बेट्री चोरी कर ले गए चोर की गती विधी सी सी टी वी कैमरे मे कैद हो गई लेकिन चेहरे पर नकाब लगा होने के कारण चोर की पहचान नही हो सकी है।



अकबराबाद निवासी शाहिद खान पुत्र वकील खान व ट्रैक्टर स्वामी रमेश पुत्र होशियार सिंह, हामिद अली पुत्र जमा खान ने थाना पुलिस को दी तहरीर मे कहा कि घरके पास उसका दस टायर डंपर यूके,18,सीए 7927 खड़ा था।

वहीं दूसरा डंपर व ट्रैक्टर से मंगलवार की रात लगभग 1: 30, बजे के करीब अज्ञात चोर ने डंपरों व ट्रैक्टर से बेट्री चोरी कर लिए बुधवार की सुबह जब डंपरों के स्वामियों व ट्रैक्टर स्वामी ने अपने अपने वाहनों के पास जाकर देखा तो डंपरों व ट्रैक्टर से बैटरी गायब थे जब उन्होंने आसपास लगे सीसी टीवी केमरे देखा जिसमे चोर की हरकत कैद हो गई। लेकिन नकाब लगा होने के कारण चोर की पहचान नही हो सकी है डंपर मालि. को व ट्रैक्टर स्वामी ने बेट्री चोरी की तहरीर थाना टांडा मे पुलिस को दे दी गई है।

## मुख्यमंत्री के फोटो पर आपत्तिजनक वीडियो बनाने में किया गया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के ग्राम खौद कला के एक व्यक्ति द्वारा इंस्टाग्राम आईडी समीर अंसारी पता स्वार रामपुर से सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ के फोटो पर टिप्पणी कर ए.आई. के जरिये उनके चेहरे का इस्तेमाल करके आपत्तिजनक वीडियो व फोटो वायरल करने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में आरोपी मियां जान पुत्र असगर अली निवासी ग्राम खौदकला के द्वारा मुख्यमन्त्री के फोटो को वायरल करने से एक समुदाय में रोष व्याप्त के चलते व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत आरोपी मियां जान को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया जहा उसे जेल भेज दिया गया।

# आज दशहरा मेले का फीता काटकर उद्घाटन करेंगे मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वाला नगर में बुधवार कुंभकरण वध, मेघनाद वध, सुला. ेचना सती, अहिरावण वध आदि का मनोहर मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया।



जब कुंभकरण को गहरी नींद से जगाया जाता है और रावण सारा घटनाक्रम कुंभकरण को बताता है। इस पर कुंभकरण, रावण से कहता है कि श्रीराम नारायण के अवतार और सीता स्वयं मां जगदंबा हैं।

भगवान विष्णु ने राक्षसों का नाश करने के लिए अयोध्या में नर रूप में जन्म लिया है। इस पर रावण क्रोधित हो जाता है। यह देख कुंभकरण, श्रीराम के हाथों मरना उचित समझता है और युद्ध में लड़ने के लिए चला जाता है। श्रीराम-कुंभकरण में भयंकर युद्ध होता है। अंत में कुंभकरण मारा जाता है।

कुंभकरण वध के बाद मेघनाद युद्ध में जाता है। लक्ष्मण मेघनाथ के बीच में भयंकर युद्ध होता है। बाद में लक्ष्मण मेघनाद का वध कर देते है। सुलोचना मेघनाथ का सिर गोद में रखकर सती हो जाती हैं।

दर्शक मनमोहक लीला देख अति उत्साहित और प्रसन्न हो जाते हैं।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ अनिल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू बाबा, नवनीत सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू प्रजापति, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, धर्मवीर यादव, रामेंद्र गुप्ता, देवेश गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, अरुण कीर्ति सक्सेना, संजीव दयाल सक्सेना, विशाल शर्मा, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, मक्खन लाल सैनी, सोनू शर्मा, अखिलेश बिसारिया, विजय चौहान, राहुल शर्मा, मिंटू गुप्ता, सचिन सिंह, जगन सिंह लोधी, प्रेमपाल यादव, विनोद कश्यप, राजीव लोचन, ओपी सक्सेना, संतोष प्रसाद आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मिलक खानम थाने में मिशन शक्ति के साथ ही कन्या पूजन किया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** मिलक खानम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के द्रष्टिगत चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत थाने में कन्या पूजन किया गया।

इस दौरान महिला सुरक्षा दल ने महिलाओं को सुरक्षा की जानकारी थाना मिलक खानम द्वारा दी गई इस दौरान क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे व थाना प्रभारी निशा खटाना सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सैफनी इंट्रीगल डिग्री कॉलेज में छात्रों को बांटे स्मार्टफोन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

सैफनी/रामपुर। नगर पंचायत के अध्यक्ष फैजान खान ने इंट्रीगल डिग्री कॉलेज में एक समारोह आयोजित कर मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। यह पहल शिक्षा को बढ़ावा देने और डिजिटल लर्निंग में छात्रों की मदद करने के उद्देश्य से की गई है। घ्कार्यक्रम के दौरान, अध्यक्ष फैजान खान ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन आज के दौर में शिक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है, जो छात्रों को ज्ञान के व्यापक संसार से जोड़ता है।कॉलेज स्टाफ ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। घ्स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे, और उन्होंने अध्यक्ष फैजान खान का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर नगर पंचायत के कई सदस्य (मेंबर) और कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे। उपस्थित



गणमान्य व्यक्तियों में अरविंद जोशी, छोटे गब्बर और जाबिर शामिल रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम में बांटी मिठाइयां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर ताशका स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस दौरान उप निदेशक समाज कल्याण अजय वीर सिंह ने वृद्ध जनों को फल और मिठाइयां बांटी और प्रत्येक वृद्धजन के स्वास्थ्य के बारे में बातचीत की।

उन्होंने विभाग द्वारा वृद्धजनों को प्रदान की जा रही सेवाओं और सुविधाओं के बारे में जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी से विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा कि वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए और उनका नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण भी होना चाहिए। निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन की उपलब्धता में कोई लापरवाही न हो साथ ही साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी मौजूद रहीं।

# मिलक में चल रही रामलीला में हुआ मेघनाथ का वध

- मेघनाथ का पुतला धू-धू होकर जल उठा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बुधवार को हुई रामलीला के प्रारंभ में रावण को कुंभकरण के वध की जानकारी होती है। इससे वह विच. लित हो जाते हैं। रावण ने पुत्र इंद्रजीत को युद्धभूमि में जाने का आदेश दिया।

मेघनाद युद्ध भूमि में लक्ष्मण जी से युद्ध करता है। मेघनाद अपनी कुलदेवी निकुंबला का यज्ञ करता है। विभीषण बताते हैं कि मेघनाद ने कुलदेवी को मना लिया गया तो वह अमर हो जाएगा। विभीषण के बताए गुप्त रास्ते से लक्ष्मण जी, हनुमान जी वानर सेना के साथ कुलदेवी के यज्ञ का विध्वंस करने के लिए जाते हैं। दोनों ओर से घनघोर युद्ध होता है। लक्ष्मण जी के बाण से मेघनाद मर जाता है। इसके बाद रामलीला मैदान पर मेघनाद के 90 फीट के विशाल



पुतले का दहन किया जाता है। आतिशबाजी देख दर्शक हुए आनंदित हुए।

इस अवसर पर राम लीला कमेटी के सभी पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बन्नू बिरादरी का सांस्कृतिक उत्सव, लंका दहन से गूंजा हामिद गेट परिसर

- बन्नू बिरादरी द्वारा किया गया लंका दहन
- अहंकार पर धर्म की विजय, लंका दहन ने छोड़ी अमिट छाप
- जयकारों से गूंजा आकाश: हनुमान ने किया लंका दहन का जीवंत मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के ऐतिहासिक हामिद गेट के सामने मंगलवार की रात बन्नू बिरादरी द्वारा आयोजित लंका दहन का मंचन भक्तिभाव और उत्साह का अद्भुत संगम बना। चारों ओर श्रद्धा और रोमांच का ऐसा वातावरण छाया कि उपस्थित जनसमूह देर रात तक मंत्रमुग्ध बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं के सम्मान से हुआ। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बन्नू बिरादरी के मेधावी बच्चों को मुख्य अतिथि सरदार तरनदीप सिंह ग्रोवर और विशिष्ट अतिथि अमित मेंहदीरत्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे मंचन का वातावरण और भी प्रेरणादायी बन गया।

सम्मान समारोह के बाद लंका दहन का मंचन प्रारंभ हुआ। मंच पर दृश्य जीवंत हुआ जब राक्षसों ने हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी। इसके बाद जैसे ही हनुमान जी ने अपनी गदा उठाई और सोने की लंका में कूद पड़े, पूरा मंच दहकती ज्वालाओं से आलो. कत हो उठा। रावण की स्वर्णमयी लंका हनुमान की शक्ति और वीरता के आगे भस्म हो गई। यह दृश्य इतना अद्भुत और जीवंत प्रतीत हुआ कि



दर्शकों के जय बजरंगबली के जयकारे पूरे माहौल में गूंज उठे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरदार तरनदीप सिंह ग्रोवर ने कहा कि लंका दहन केवल एक धार्मिक प्रसंग नहीं है, बल्कि यह संदेश देता है कि अन्याय और अहंकार का अंत निश्चित है। हनुमान जी की यह लीला हमें सिखाती है कि धर्म और सत्य की विजय सदैव होती है।

विशिष्ट अतिथि अमित मेंहदीरत्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखते हैं। आज की युवा पीढ़ी को हनुमान जी की तरह साहस और निष्ठा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

बन्नू बिरादरी के अध्यक्ष संजय नरूला ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल धार्मिक मंचन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में एकता, संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवित रखना है। जब नई पीढ़ी ऐसे आयोजनों को देखती है तो उनके भीतर भी धर्म, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की भावना जागृत होती है। यही इस महोत्सव की सबसे बड़ी सफलता है।

कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए थे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी से आयोजन बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

बन्नू बिरादरी द्वारा आयोजित यह लंका दहन केवल मंचन भर नहीं था, बल्कि आस्था, भक्ति और संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन था। इसमें हनुमान जी की वीरता और धर्म की विजय का ऐसा संदेश दिया गया जिसने उपस्थित दर्शकों के हृदयों पर अमिट छाप छोड़ दी।

इस मौके पर रमेश नरूला, विनोद कोहली, ओम प्रकाश भाटिया, जुगेश चंद्र अरोड़ा (कुक्कू भाई), जगमोहन मोना, संजय नरूला, राजीव भाटिया, कपिल कोहली, वेद प्रकाश आहूजा, राजू सेठी, मनीष कथूरिया, सुमित कुमार, विजय गिरोटी, शिवम कुक्कू अरोड़ा, सुरेंद्र खन्ना, अमित सहगल, सरदार गुरप्रीत सिंह, हरमेश भाटिया, जीतू नरूला, अमित मेहंदीरत्ता, ललित भाटिया, सनी अरोरा, सतीश भाटिया आदि मौजूद रहे।

## नौवीं नवरात्रि को भक्तों ने माता की पूजा अर्चना कर कन्याओं को जिमा कर लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर में बुधवार को नवरात्रि पर्व के रहते माता दुर्गा की भक्तों ने की पूजा अर्चना बताते चले की नवी नवरात्रि को भक्तों ने माता के नवें स्वरूप की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी भक्तों ने अपने रखे उपवासों को खोल अन्न से बने भोजन का माता का भोग लगाकर कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया। उसके उपरांत स्वयं ग्रहण किया वही प्राचीन महाभारत कालीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम पर नगर निवासी आशुतोष पाठक एडवोकेट ने अपने परिवार सहित विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे का प्रसाद का आनंद सैकड़ों लोगों ने प्राप्त किया तथा दूसरी ओर संजय चौधरी ने अपने आवास पर अपने परिवार सहित कन्याओं का पूजन कर अपने हाथों से भोजन कराकर दान दक्षिणा दे कर कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।





# रामपुर में गूंजा भक्ति और उत्साह का संगम

- भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाओं ने बांधा समां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड आस्था, भक्ति और संस्कृति का जीवंत संगम बन गया। मानो अयोध्या और वृंदावन की पावन छवि एक साथ रामपुर की धरती पर अवतरित हो गई हो। देर रात तक गूं. जते भजन, दमदार संवाद और "जय श्रीराम" के उद्घोष ने ऐसा दिव्य वातावरण रचा कि हर दर्शक भाव-विभोर हो उठा। दिन का आरंभ भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अमर मित्रता पर आधारित मंचन से हुआ। कलाकारों ने इस प्रसंग को इतनी मार्मिकता से प्रस्तुत किया कि दर्शकों की आंखें नम हो गई और हर किसी के मन में मित्रता के पवित्र बंधन की महिमा बस गई।

शाम ढलते ही पूरा मैदान दीपमालाओं और मंत्रोच्चार से आलोकित हो उठा। रात्रि 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और एक के बाद एक रोचक प्रसंग प्रस्तुत किए। कुंभकरण वध, मेघनाथ वध और अहिरावण वध जैसे प्रसंगों का ऐसा सजीव मंचन हुआ कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर तालियों की गड़गड़ाहट और "जय श्रीराम" के नारों से माहौल को गूंजाते रहे।

कार्यक्रम के दौरान सरदार तीरथ सिंह, मेंथा व्यवसाई मुकुल अग्रवाल और राहुल गुप्ता को समिति की ओर से शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल की



अगुवाई और नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और गरिमामयी बना दिया।

रामलीला का यह आयोजन केवल रामकथा का मंचन नहीं रहा, बल्कि पूरे नगर का आध्यात्मिक उत्सव बन गया। इसमें भक्ति, आस्था और संस्कृति का ऐसा अद्भुत समागम हुआ जिसने हर दर्शक के हृदय पर अमिट छाप छोड़ दी। अब यह महोत्सव न केवल धार्मिक परंपरा, बल्कि शहर की सांस्कृतिक धरोहर और सामूहिक आस्था का प्रतीक बन चुका है।

इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल (सोनी ताऊ), सुभाष चन्द्र अग्रवाल (ठेकेदार), ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता (ठेकेदार), वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल और डॉ. सुमित कुमार गोयल सहित अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं।

## श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 साल शहीदी के उपलक्ष में सहज पाठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350 साला शहीदी पूरब के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा सिविल लाइंस रामपुर में दिनांक के 01 अगस्त 2025 की रात्रि 9:00 बजे से 9:30 बजे तक सहज पाठ प्रारंभ हुए थे। जिसमें कॉलोनी एवं आसपास की संगत द्वारा भाग लिया जा रहा है तथा संगती सहज पाठ साहिब 23 नवंबर 2025 शहीदी पूरब पर समाप्त होंगे। सहज पाठ साहिब का आरंभ हुए लागभग 61 दिन हो चुके हैं। सहज पाठ प्रतिदिन गुरुद्वारा साहिब में रात्रि 8.30 बजे से 9:15 बजे तक जगमोहन सिंह निमाड़ा एवं जयदीप सिंह के द्वारा संगति रूप में संगत के साथ सिमरन किए जा रहे हैं। सहज पाठ साहिब में प्रबंधक कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह खुराना के अलावा प्रबंधक कमेटी के मीत प्रधान गुरचरण सिंह आहूजा एवं भूपेंद्र सिंह मेंबर महेंद्र सिंह होरा, पपिंदर सिंह, अमरजीत सिंह, जसमीत सिंह, हरजीत सिंह ; राज सिंह, संतोख सिंह खालसा, धनवंत सिंह, कंवलजीत सिंह कथुरिया आदि उपस्थित रहे।



हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।

इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैं अपने पुत्र शिवम मरदान को गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर रहा हूँ। अब वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मोहन लाल पुत्र वसन्त लाल निवासी मिलक खानम तहसील स्वार जिला रामपुर।**

# भाजपा ने बरेली में सुनियोजित हिंसा कराई

## दमन व नाइंसाफी की सरकार ज्यादा दिनों नहीं चलती: दानिश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली को प्रशासन ने उन्हें घर में ही हाउस अरेट कर लिया। इस दौरान श्री अली ने आरोप लगाया कि योगी सरकार ने बरेली में सुनियोजित हिंसा कर जान बूझकर हालात बिगाड़े। सरकार तानाशाही रवैये से चलायी जा रही है।

दरअसल बुधवार को कांग्रेस का एक डेलीगेशन बरेली जाना था। जिस पर प्रशासन सतर्क हो गया तथा सुबह से ही कलेक्ट्रेट बाईपास स्थित पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली के घर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया गया। इस दौरान श्री दानिश अली ने कहा

**बरेली जाते पूर्व सांसद कुंवर दानिश को किया हाउस अरेस्ट**

कि वह बरेली के हालात जानने के लिए वहां जाना चाहते थे। आरोप लगाया कि प्रशासन ने बरेली के हालात जान बूझकर बिगाड़े। नौजवानों पर बर्बर लाठीचार्ज किया गया तथा आज भी बेकसूरों को पकड़कर जेलो में ठूंसा जा रहा है। सरकार तानाशाही रवैये से चलायी जा रही है। मुस्लिमों को योगी सरकार जान बूझकर निशाना बना रही है। कहा कि दमन व नाइंसाफी ज्यादा दिनों तक नहीं चलती है। उन्होंने बरेली की जनता से आह्वान किया कि वह किसी के बहकावे में न आयें शांति बनाये रखें। वहीं उन्होने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी कि वह मुसलमानों के उत्पीड़न से बाज आये।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। बरेली जाने की सूचना पर पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया को हाउस अरेस्ट कर दिया। इस दौरान श्री कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लगातार प्रदेश में अराजकता फैलायी जा रही है। जिसका सीधा उदाहरण बरेली में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि हिन्दू-मुस्लिमों को लड़ाने का काम किया जा रहा है। जो भी आवाज सरकार के खिलाफ उठती है उसे लाठी के दम पर दबाने काम किया जाता है। आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नामित प्रतिनिधि मंडल को बरेली जाना था। जब इसकी भनक प्रशासन को लगी तो पुलिस ने उन्हें हाउस अरेट कर लिया।

# शादी का झांसा देकर रेप बनाई अश्लील वीडियो

## आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने दी तहरीर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बना लिये। इतना ही नहीं उसके अश्लील वीडियो भी बिना लिया। जिसे दिखाकर युवती का रिश्ता भी तुड़वा दिया गया। बदनामी होने पर युवती प्रेमी के घर पहुंच गयी। जिसे धक्के देकर भगा दिया गया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। क्षेत्र के गांव ककराली निवासी खलील का इस गांव में अपनी रिश्तेदारी में आना-जाना था। एफआईआर के मुताबिक खलील ने किसान की 23 वर्षीय बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। दोनों ने एक-दूसरे को अपने मोबाइल नंबर दे दिए, फिर बातचीत होने लगी। आरोप है कि शादी करने का वादा करते हुए खलील युवती को शारीरिक संबंध बनाने पर मजबूर करता रहा। मुलाक. ात के बहाने बुलाकर कई बार उसके साथ इच्छा विरूद्ध दुष्कर्म किया, इतना ही नहीं चुपके से अश्लील फोटो खींच लिए। इसके बाद युवती ने जब शादी करने की बात कही तो वह अपने वादे से पलट गया। गांव में बदनामी होने पर एक दिन युवती चुपचाप उसके घर पहुंच गई। आरोप है कि खलील ने उसे जान से मारने की धमकी दी, धक्के देते हुए घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने घर लौटकर परिजनों को आपबीती सुना दी लिहाजा चार महीने पहले परिजनों ने बिरादरी में बदनामी होने के डर में खामोशी साधते हुए बेटी की शादी कहीं और तय कर दी। आरोप है कि वहां तक पहुंचे खलील ने मंगेतर को अश्लील फोटो दिखाकर उसका रिश्ता तुड़वा दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने आरोपी खलील को गिरफ्तार कर जेल भेजने की बात कही

# बदमाशों ने युवक से 50 हजार लूटे

## विरोध करने पर बट मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। उधार की रकम लेकर लौट रहे युवक से बदमाशों ने तमंचे की नोक पर 50 हजार की नकदी लूट ली। विरोध करने पर सिर में तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। सूचना देने के बाद दो थानों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। सीओ ने लूट की वारदात को संदिग्ध बताया है।

देहात थाना क्षेत्र के गांव जलील. पुर बक्काल में किसान राकेश सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा रोही. हत बुधवार शाम छह बजे गांव के रहने वाले नितिन के साथ डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर में विशाल के घर से उधार के रुपये लेने गया था। पैसे लेकर घर वापस लौटते समय जैसे ही दोनों चक्कालीलेट के पास पहुंचे उसी दौरान पीछे से दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। सो. चने-समझने का मौका दिए बिना कनपटी पर तमंचा रख दिया। जेबों की तलाशी लेनी शुरू कर दी। रोहित और नितिन ने विरोध किया तो सिर पर तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। इसके बाद बदमाश रोहित की जेब में रखे 50 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। पीड़ितों ने तुरंत ही सूचना डायल 112 पर दी, लेकिन काफी देर गुजरने के बाद भी पुलिस

**सीमा विवाद में कई घंटे उलझी रही दो थानों की पुलिस**

टीम लोकेशन पर नहीं पहुंची। इसके बाद उन्होंने खुद नजदीकी नन्हेड़ा अलियारपुर चौकी पहुंच शिकायत दर्ज कराई। लेकिन पुलिस ने घटनास्थल डिडौली कोतवाली क्षेत्र का होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। घटनास्थल का मुआयना भी नहीं किया। इसके बाद पीड़ित रोहित और नितिन ने शिकायत डिडौली कोतवाली पुलिस से की। इंस्पेक्टर हरिश्वर्धन सिंह ने मौके पर आकर जांच-पड़ताल की तो घटनास्थल देहात थाना क्षेत्र का निकला। आरोप है कि देहात पुलिस ने घायल रोहित का मेडिकल कराने से भी इनकार कर दिया। बुधवार को रोहित ने एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, सीओ अवधभान भदौरिया ने लूट की घटना को संदिग्ध बताया है

# बच्चों के विवाद में युवक की कुल्हाड़ी से हत्या

## परिवार पर किया हमला, पांच के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर**। बच्चों के विवाद में दो परिवार आपस में भिड़ गये। एक पक्ष ने चार भाईयों को लाठी डंडों से पीटकर लहुलूहान कर दिया। जबकि सिर में कुल्हाड़ी मारकर एक की हत्या कर दी। पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।



जानकारी के मुताबिक गांव में किसान नत्थू सिंह और बलवीर सिंह के परिवार रहते हैं। मंगलवार शाम इन दोनों परिवारों के बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। इसी बीच किसी बात को लेकर बच्चों में झगड़ा हो गया जिसने देखते ही देखते बड़ों के बीच हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि रात में बलवीर सिंह ने अपने बेटे रवि, लक्ष्मण, राहुल के अलावा गांव भटपुरा माफी के रहने वाले रिश्तेदार विकास के साथ नत्थू सिंह के बेटे जयप्रकाश, रामपाल सिंह, सोमपाल और धर्मेंद्र पर घर में घुसकर हमला बोल दिया। सड़क पर खींचते हुए धारदार हथियार और लाठी-डंडों से चारों की बुरी तरह पिटाई की। हमले में चारों भाई लहूलुहान हो गए। वहीं, कुल्हाड़ी से सिर पर किए गए वार में खून अधिक बहने से रामपाल सिंह की हालत बिगड़ती चली गई। स्थानीय अस्पताल से चिकित्सकों ने गंभीर हालत में रामपाल सिंह को मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया लेकिन जिला अस्पताल से मेरठ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं, हमले में घायल धर्मेंद्र व सोमपाल की हालत नाजुक बनी हुई है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में जयप्रकाश सिंह की तहरीर पर आरोपी रवि, श्रवण, राहुल, बलवीर व विकास के खिलाफ हत्या व हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा

## सीएम पर आपत्तिजनक पोस्ट का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता, जोया**। मुख्यमंत्री के चित्र पर आपत्तिजनक पोस्ट कर वीडियो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मूढा इम्मा के रहने वाले हबीबुर्रहमान ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर उसे वायरल कर दिया। जिससे माहौल गर्म हो गया। जबकि हिन्दू संगठनों ने पुलिस से आरोपी युवक की शिकायत की। पुलिस ने हबीबुर्रहमान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# इंटरव्यू के बहाने बुलायी गयी किशोरी से बलात्कार

## पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नौकरी दिलाने के नाम पर कारोबारी की भतीजी से दो युवकों ने बलात्कार किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बिजनौर जिले के थाना कोतवाली शहर के एक मोहल्ले में रहने वाले कारोबारी ने नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बाकीपुर निवासी सोनू व एक अज्ञात के खिलाफ भतीजी से दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उनकी भतीजी की उम्र अभी 16 वर्ष है। आरोपी सोनू से उसकी जान-पहचान थी। बीती 21 सितंबर को सोनू ने नौकरी दिलवाने का बहाना बनाकर किशोरी को मंडी धनौरा बुलाया था। कहा था कि तुम्हारा इंटरव्यू होना है, उसके बाद तुम्हें अच्छी नौकरी मिल जाएगी। आरोप है कि धोखा देकर अमरोहा बुलाने के बाद वह उसे अपनी बाइक पर बैठाकर शहर ले आया। यहां बिजनौर रोड पर अटल चौक के पास संचालित एक होम्योपैथिक क्लीनिक के ऊपर बने कमरे में ले गया। किशोरी ने जब सवाल किया तो उसने कहा कि तुम्हारी नौकरी यहीं लगनी है। इसके बाद सोनू ने किशोरी के साथ रेप किया। वह चीखती चिल्लाती रही लेकिन आरोपी ने उसकी एक नहीं सुनी। इसके बाद वह किशोरी को तन्हा छोड़कर वहां से चला गया। आरोप है कि इसके बाद वहां मौजूद एक अन्य युवक ने भी पीड़िता के साथ रेप किया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मेडिकल कराकर पीड़िता के कोर्ट में बयान दर्ज करा दिए हैं। मिशन शक्ति केंद्र टीम द्वारा मंगलवार को आरोपी सोनू की गिरफ्तारी की गई थी। कोर्ट से रिमांड मंजूर होने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया है। दूसरे आरोपी की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, उसे भी जल्द गिरफ्तार करते हुए चालान किया जाएगा।

## लायनेस क्लब ने धूमधाम से मनायी राम नवमी

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा** । नवरात्रि की आभा और भक्ति के बीच बुधवार को लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन ने महा नवमी पर्व को उल्लास और उमंग के साथ मनाया। इस मौके पर माहौल पूरी तरह गरबा और डांडिया की धुनों से गूंज उठा। सभी बहनों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजी-धजी गरबा नृत्य किया और विविध खेलों का आनंद लिया। इस अवसर पर सुधा शर्मा, कंचन, सिम्मी, सीमा, रेनू, कविता, बबीता, एकता, श्वेता, अनुपम, मीनाक्षी, पुष्पा, अमिता, पूनम, बीना, मीनू, विनेश, नयना सहित बड़ी संख्या में सदस्याएं मौजूद रहीं। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर लायनेस क्लब ने नारी शक्ति और सांस्कृतिक रंगों का अद्भुत संगम पेश किया।

# मां भगवती की शोभायात्रा ने मनमोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। श्री राधा माधव सेवक संघ के तत्वाधान में मां भगवती की 29वीं शोभायात्रा बहुत ही भव्य रूप से निकाली

**मण्डी धनौरा पालिकाध्यक्ष ने किया शुभारंभ**

गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियो ने लोगों का मन मोहित कर लिया।

बुधवार की शाम को नगर के बस्ती स्थित नव दुर्गे मंदिर (प्राचीन चामुण्डा मंदिर) से मां भगवती की शोभायात्रा मण्डी धनौरा के नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंघल, श्री रामल. ीला प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, प्रबंधक डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा ने मां भगवती का प्रचंड ज्योति करके शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभयात्रा में मां भगवती का रथ, गणेश जी, मां वैष्णो देवी, जगन्नाथ जी, खाटू श्याम, महाकाल, रामदरबार, हनुमान, लंका दहन, महारास



की झांकियां सम्मिलित रहीं। शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर मायापुरी, अग्रसेन मार्केट, श्री रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क,अवन्तिका मार्केट, बस्ती रोड, थाना चौराहा, रेलवे स्टेशन रोड, टीचर्स कॉलोनी, अतरपुरा से वापस थाना चौराहा होते हुए पुराने रामलीला मैदान बस्ती में जाकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में शामिल बैंड बाजों व डीजे से भक्ति गीतों के स्वर फूटते रहे। इस अवसर पर प्रमोद सिंघल, नितिन बंसल, विपिन कौशिक, पंकज कौशिक, राहुल गोयल नीलू, नितिन गोयल, अंशू, शोभित गोयल, हर्ष गर्ग, प्रियांशु, वैभव गोयल, अंकुर गोयल, राम गुप्ता आदि मौजूद रहे। शोभायात्रा में सुरक्षा के द्रष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, कस्बा प्रभारी जोगेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ शोभायात्रा के साथ में चले।

# नवमी पर कन्याओं को जिमांया, भेंट किए उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रामनवमी के अवसर पर घर घर देवी के रूप में कन्याओं को पूजा गया। लोगों ने कन्याओं को उपहार वितरित किए। देवी मंदिरों में दिन भर पूजा अर्चना होती रही। नवरात्र संपन्न होने पर लोगों ने घरों में प्रसाद के रूप में हलवा पूरी बनाया। लोगों को कन्याएं तलाशने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके लिए लोग इधर-उधर दौड़ते नजर आए। मंदिरों में देवी मां की विशेष आरती हुई। मंदिरों में श्रद्धालुओं की आस्था देखने को

**कन्याओं को तलाशनें में श्रद्धालु ओं को रही दौड़ भाग**

मिली, सबसे ज्यादा भीड़ बस्ती स्थित नवदुर्गे मंदिर पर देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां सिद्धादात्रि की पूजा के बाद कन्यापूजन व भोज कराकर व्रत खोला। सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु स्थानीय मंदिरों में मां के दर्शन के लिए पहुंचे। इसी तरह ग्रामीण इलाके के मंदिरों में भी भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को उपहार स्वरूप वस्त्र, नकद धनराशि,



खेलने के सामने आदि भेंट किए। वहीं नगर पालिका अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा देवी व ईओ ललित कुमार के निर्देश पर कर्मचारियों ने मंदिरों पर सफाई करके चूना भी छिड़कवाया।

### कोर्ट के आदेश पर महिला समेत चार के खिलाफ मुकदमा

# साले की पत्नी ने किसान के घर साथियों संग की मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान के साले की पत्नी ने तीन साथियों के साथ घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया। किसान व उसकी पत्नी को पीटकर घायल कर दिया। जबकि रेप के झूंठे मुकदमे में फंसाने को सैदनगली थाने में तहरीर दे दी। फैसले के बदले मोटी रकम की डिमांड की जा रही है। कोर्ट के आदेश पर महिला समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

मामला सैदनगली थाने से जुड़ा हुआ है। यहां रहने वाले एक किसान के साले की पत्नी गाजियाबाद में रहती है। किसान का आरोप है कि उसने बीते साल गाजियाबाद के महिला थाने में ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ एक मुकदमा कराया था। इसके बाद एक मुकदमा सैदनगली थाने में दर्ज करा दिया। दोनों मुकदमे में फैसला करने के नाम पर महिला मोटी रकम मांग रही है। आरोप है कि बीती 28 अगस्त की दोपहर दो बजे महिला अपने तीन साथियों के साथ घर में घुस आई और गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर चारों ने मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव में आई किसान की पत्नी के साथ भी मारपीट की। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा होने

**दुष्कर्म का आरोप लगा पहले भी ऐंठ चुकी फैसले के नाम पर मोटी रकम**

पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोप है कि महिला ने अब सैदनगली थाने में दोबारा रेप का झूठा प्रार्थना दिया है। जिसे वापस लेने के बदले में वह पैसों की मांग कर रही है। पैसा नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दे रही है। महिला के उत्पीड़न से आजिज किसान ने आत्महत्या करने की धमकी दी है। मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा किसान ने कोर्ट की शरण ली। इस मामले में अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट तृतीय ने महिला समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। आरोप है कि महिला इससे पूर्व भी पीड़ित रेप का झूठा आरोप लगाकर किसान से 70 हजार रुपये वसूल चुकी है।

# 12 दिन मौत से लड़कर हार गया चालक

## उत्तराखंड के ऋषिकेश में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सड़क दुर्घटना में घायल कैंटर चालक 12 दिन जिंदगी बचाने के लिए मौत से लड़कर आखिरकार जिंदगी की जंग हार गया। कैंटर चालक की मौत से परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव दाउदपुर जागीर निवासी राकेश पुत्र गंगाराम कैंटर पर चालक था। वह हरियाणा के वल्लभगढ़ की फर्म का कैंटर चलाते थे। 18 सितंबर को राकेश कैंटर चलाने के लिए हरियाणा गये थे। उसी रात 11:00 बजे राकेश का कैंटर चलाते समय हरियाणा के फरीदाबाद के थाना छायसा इलाके में एक्सीडेंट हो गया था। गंभीर हालत में उन्हें दिल्ली एडमिट कराया गया था। उसके बाद परिजन उनका उपचार कराने के लिए मेरठ ले गये थे। लेकिन जब यहां पर भी हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन ऋषिकेश के एम्स में इलाज कराने के लिए ले गये थे। मंगलवार की शाम घर लाते समय रास्ते में राकेश आयु 30 वर्ष की मौत हो गई। कैंटर चालक 12 दिन जिंदगी बचाने के लिए मौत से लड़ता रहा। चालक की मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। परिजन राक. ेश के शव को लेकर घर आ गये। उसके बाद यहां से पुलिस ने राकेश के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राक. ेश अपने पीछे पत्नी गुड्डी वह दो बच्चों को रोते बिलखते छोड़ गये है।

# किसान ने फांसी के फंदे पर झूलकर जान दी

## लकवे की बीमारी से परेशान होकर उठाया कदम



**हसनपुर**। लकवा बीमारी से पीड़ित किसान ने फांसी के फंदे पर झूल कर खुदकुशी कर ली। थाना आदमपुर क्षेत्र में 40 वर्षीय किसान संजय सैनी ने आत्महत्या कर ली। संजय सैनी पिछले चार वर्षों से लकवा के कारण बीमार थे। और मान. सिक रूप से अस्वस्थ थे। 30 सितंबर को वह खेत में सिंचाई के लिए गये थे। बुधवार सुबह उनका शव पुटसल मार्ग के किनारे एक आम के बाग में पापड़ी के पेड़ पर प्लास्टिक की



रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका मिला। राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुँची और साक्ष्य जुटाये। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने आत्महत्या की पुष्टि की और बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा विधिक कार्यवाही की जा रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी सविता और दो बच्चों 16 वर्षीय हिमांशु और 14 वर्षीय मोनिका को छोड़ गया है

## लक्ष्मण व मेघनाद के मध्य हुआ भीषण युद्ध



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। स्व.रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क बस्ती में श्री श्रीरामलीला प्रबंध समिति के तत्वाधान में चल रही रामलीला में रावण अंगद संवाद के बाद युद्ध की घोषणा हुई। जिसके पश्चात मेघनाद लक्ष्मण युद्ध, युद्ध में लक्ष्मण के शक्ति लगना, हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण जी के प्राण बचाने आदि लीला का मंचन श्री आदर्श गोविन्द बिहारी रामलीला रासलीला संस्थान, वृंदावन के कलाकारों किया गया । इस दौरान अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, विपिन कौशिक, डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, सोनू गर्ग, डॉ.निरंजन प्रसाद गर्ग, जनार्दन कौशिक, प्रमोद सिंघल, संजीव सिंघल, सुबोध सिंघल, गौरव गोयल आदि मौजूद रहे।

# मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी दफ्तर में जमा कराई

**● बीसीसीआई ने पद से हटाने की चेतावनी दी थी, बिना एशिया कप ट्रॉफी भारत लौटी थी भारतीय टीम**

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चीफ और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी आफिस में जमा करा दी है।

रविवार, 28 सितम्बर को हुए एशिया कप फाइनल के बाद भारतीय टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था। इसके बाद एसीसी के किसी अन्य अधिकारी से टीम को ट्रॉफी देने की जगह नकवी इसे अपने साथ होटल ले गए थे। वे इस बात पे अड़ गए थे कि भारतीय टीम को वही ट्रॉफी देंगे। इसके दो दिन बाद मंगलवार को



एसीसी की सालाना बैठक हुई। इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है। इसके बाद नकवी ने ट्रॉफी ने जमा कराई है। अब यह ट्रॉफी भारत को कैसे दी जाएगी इस पर फैसला बाकी है। मंगलवार को बीसीसीआई ने एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में भारत ने चैंपियन बनने के बावजूद ट्रॉफी नहीं दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस पर नकवी ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लिखित में कहीं से यह सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी नहीं लेगी। उन्होंने कहा- श्मैं तो वहां बिना वजह एक कार्टून की तरह खड़ा था। 29 सितम्बर को बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा था कि वह इस मामले को नवंबर में होने वाली आईसीसी मीटिंग में भी रखेंगे।

# सिनर ने जीता चाइना ओपन का खिताब

**● जैनिक सिनर ने पुरुष एकल फाइनल में अमेरिका के लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर दूसरा चाइना ओपन खिताब जीता**

**बीजिंग, वार्ता।** इटली के जैनिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल फाइनल में अमे. रिकी युवा खिलाड़ी लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर अपना दूसरा चाइना ओपन खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने डायमंड कोर्ट पर शानदार शुरुआत की, दो बार सर्विस तोड़ी और पहला सेट सिर्फ़ 34 मिनट में जीत लिया। 19 वर्षीय टिएन, जो 52वें स्थान पर हैं और अपना पहला एटीपी फ़ाइनल खेल रहे थे, ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही अपना स्तर बढ़ा दिया और पहले चार गेम तक अपनी पकड़ बनाए रखी।

लेकिन सिनर ने पांचवें और सातवें गेम में सर्विस तोड़कर मैच पर कब्ज़ा कर लिया। 5-2 के स्कोर पर चैंपियनशिप के लिए सर्विस करते हुए, 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने अपना तीसरा मैच पॉइंट हासिल करके एक घंटे 12 मिनट में सीधे सेटों में जीत हासिल की। यह सिनर का लगातार तीसरा बीजिंग फ़ाइनल था। उन्होंने 2023 में सेमीफ़ाइनल में कार्लोस अल्काराज को हराने



के बाद खिताबी मुकाबले में दानिल मेदवेदेव को हराकर जीत हासिल की थी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान मिचेल मार्श (85 ) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में 21 गेंदें शेष रहते न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। छठे ओवर में मैट हेनरी ने ट्रैविस हेड (18 गेंदों में 31 रन) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट 12वें ओवर की पहली गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट (18 गेंदों में 29 रन) के रूप में गिरा। उन्हें जेमीसन ने पगबाधा आउट किया।

### बांग्लादेश के प्रमुख कोच को आया हल्का स्ट्रोक

**कोलंबो, वार्ता।** बांग्लादेश महिला टीम के प्रमुख कोच सरवर इमरान को सोमवार को कोलंबो में हल्का स्ट्रोक आया, जहां टीम पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले विश्व कप मैच की तैयारी कर रही है। टीम मैनेजर एसएम गोलाम फ़ैयाज ने ईएसपीएन क्रिकइंफो को यह खबर दी और बताया कि इमरान अब स्थिर हालत में हैं। फैयाज ने कहा कि (सरवर) इमरान सर को कुछ दिन पहले चक्कर आ रहे थे और सोमवार को यह जारी रहा। हम उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने हल्का ब्रेन स्ट्रोक पाया। मैनेजर ने बताया कि इमरान को मंगलवार को अस्पताल से छुटी मिल गई। वह अब टीम होटल में आराम कर रहे हैं। हालांकि वह मंगलवार के अभ्यास सत्र में शामिल होना चाहते थे। फैयाज ने कहा कि हमने सर से आज आराम करने को कहा। वह उम्मीद कर रहे हैं कि कल (बुधवार) हमारे साथ ग्राउंड पर जाएंगे।

### ग्रीव्स, रदरफोर्ड वारिकन को क्रिकेट वेस्टइंडीज का अनुबंध मिला

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने 2025-26 के लिए पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय अनुबंधों की अपनी सूची में तीन बदलाव किए हैं, जिसमें पूर्व टेस्ट कप्तान क्रेग ब्रैथवेट, जोशुआ दा सिल्वा और कावेम हॉज शामिल नहीं हैं। उनकी जगह जस्टिन ग्रीव्स, शेरफेन रदरफोर्ड और जोमेल वारिकन को 15 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय रिटेनर्स की सूची में, तेज गेंदबाज जैनिलिया ग्लासगो और शॉनिशा हेक्टर को 13 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है, जबकि शमिलिया कॉनेल, चेरी एन फ्रेजर, चेडियन नेशन और रशदा विलियम्स इस सूची का हिस्सा नहीं हैं। कोर ग्रुप यथावत रहेगा।

# टी-20 रैंकिंग में अभिषेक का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**● 14 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा पाइंट्स वाले भारतीय बल्लेबाज, गेंदबाजी में वरुण नंबम्बर-1**

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर सईम अयूब पुरुषों की टी20 रैंकिंग में नए नंबर 1 ऑलराउंडर बने हैं, जबकि भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा रेटिंग प्वाइंट का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

उन्होंने पुरुषों की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में अपनी बढ़त को और बढ़ाया है। अयूब ऑलराउंडरों की रैंकिंग में चार स्थान ऊपर जाकर पहले स्थान पर पहुंचे और उन्होंने भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को पीछे छोड़ा। अयूब ने एशिया कप की छह पारियों में आठ विकेट लिए थे। हालांकि उन्होंने सात पारियों में सिर्फ़ 37 रन बनाए



और चार बार शून्य पर आउट हुए। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर आ गए हैं, जबकि नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी और ज़िम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। अभिषेक श्रीलंका के खिलाफ अर्द्धशतक लगाने के बाद 931 रेटिंग अंक तक पहुंचे हैं। उन्होंने अब डाविड मलान के 2020 में बनाए गए 919 अंकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अभिषेक ने पिछले साल ही डेब्यू किया था और उन्होंने एशिया कप में 44-85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से 314 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड जीता।

अब उनके पास इंग्लैंड के फ़िल सॉल्ट से 82 अंकों की बढ़त है, जो दूसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि भारत के तिलक वर्मा तीसरे पर हैं। जॉस बटलर चौथे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि एशिया कप में 261 रन बनाने के बाद पथुम निसंका नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों में वरूण चक्रवर्ती ने एशिया कप में सात विकेट लेकर पहला स्थान बरकरार रखा है। कुलदीप यादव 17 विकेट लेने के बाद नौ स्थान ऊपर बढ़कर 12वें पर पहुंच गए हैं। शाहीन शाह अफरीदी 12 स्थान ऊपर बढ़कर संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर हैं, जबकि बांग्लादेश के रिशाद हुसैन छह स्थान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# जब किसी देश का नेतृत्व इस तरह के आयोजन में दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है: पार्सन्स

**● हाल के वर्षों में भारत के पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स ने बुधवार को कहा कि जब किसी देश का नेतृत्व इस तरह के आयोजन में दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है।

हाल के वर्षों में भारत के पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की हैं और यहां आयोजित इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 इस प्रगति की आकांक्षाओं का जीवंत उदाहरण हैं। आज यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में वैश्विक पैरा खेल जगत की दो प्रमुख हस्तियों अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स और वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख पॉल फिट्जगेराल्ड ने मीडिया के समक्ष भारत की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत के पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की हैं।

हाल ही में तीसरी बार आईपीसी अध्यक्ष बने पार्सन्स ने कहा कि यहां विकास साफ दिखता है। सरकार का सहयोग स्पष्ट है और हम भारत में पैरा खेलों की पारिस्थितिकी को और बेहतर समझने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है लेकिन गति सकारात्मक है। जब किसी देश का नेतृत्व दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है। हमने यह अनुभव रियो 2016 में किया था। आज भारत भी वही वादा और संभावना दिखा रहा है। फिट्जगेराल्ड ने इस आयोजन को ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि हर विश्व चैम्पियनशिप एक अवसर होती है दुनिया को यह दिखाने का कि 1-2 अरब दिव्यांग लोगों के लिए क्या संभव है।

यह न सिर्फ उत्कृष्टता और उच्च प्रदर्शन दिखाने का मौका है, बल्कि एक समुदाय के रूप में जुड़ने का भी माध्यम है। 2015 में दोहा विश्व चैम्पियनशिप में भारत ने सिर्फ दो पदक जीते थे। पिछले साल कोबे में भारत ने 17 पदक हासिल किए। यहां नई दिल्ली में पदक तालिका पहले से ही तेजी से बढ़ रही है। सरकार का समर्थन और खेल सुविधाओं का नवीनीकरण नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है।

# विंडीज ने नेपाल को हराकर सांत्वना जीत हासिल की

**● विंडीज ने नेपाल को 122 रनों पर ऑलआउट किया फिर 13 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोए मैच जीता**

**शारजाह, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने मंगलवार (30 सितम्बर) को शारजाह में खेले गए अंतिम टी-20 मैच में नेपाल को हराकर सांत्वना जीत हासिल की। श्रृंखला में चौंकाने वाले तरीके से हारने के बाद, वेस्टइंडीज ने जोरदार वापसी की और पहले नेपाल को केवल 122 रनों पर ऑल आउट कर दिया, फिर 13 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोये लक्ष्य हासिल कर लिया।

उत्साहित नेपाली टीम ने कुशल मल्ला द्वारा अकील हुसैन की गेंद पर चौका और कुशल भुर्टेल द्वारा दो छक्के लगाकर अच्छी शुरुआत की। हालांकि उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन नेपाल के सलामी बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 37 रन जोड़कर एक मजबूत आधार तैयार किया। लेकिन जैसे ही जेसन होल्डर और होसेन ने जम चुके बल्लेबाज़ों को आउट किया, नेपाल की पारी का अंत होने में समय नहीं लगा। रेमन सिमंड्स ने रोहित पौडेल का बड़ा विकेट लिया और गुलसन झा रन आउट हो गए, जिससे नेपाल का स्कोर 85/4 हो गया। एक साझेदारी की सख्त जरूरत के चलते, नेपाल ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सिमंड्स ने चार विकेट लिए और नेपाल पारी के आखिरी ओवर में ऑलआउट हो गया। जवाब में, वेस्टइंडीज को पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और आमिर जंगू ने इसका पूरा फ़ायदा उठाया। हालांकि, अकीम ऑगस्टे ने शुरुआत में ही अपना प्रभाव छोड़ा। एक छक्का जड़ने के बाद, जो छत पर जा लगा, उन्होंने लगातार बाउंड्री पार कराई और वेस्टइंडीज का स्कोर सिर्फ़ तीन ओवर में 30/0 हुई।

# विंडीज के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड को बरकरार रखने उतरेगा भारत

**● इंग्लैंड में धमाकेदार वापसी करने वाले कप्तान गिल अनुभवी खिलाड़ियों का साथ पाकर टीम की कमान संभालेंगे**

**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुरुवार से शुरु हो रहे पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ 23 साल से टेस्ट मैचों में अजेय भारत इस बार भी जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। इंग्लैंड में धमाकेदार वापसी करने वाले युवा कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का साथ पाकर टीम की कमान संभालेंगे। नए खिलाड़ी साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और नितीश रेड्डी टीम में शामिल हैं। भारत की बल्लेबाजी लाइनअप में गहराई



और बहुमुखी प्रतिभा है। राहुल और यशस्वी जायसवाल ओप. निंग करेंगे, सुदर्शन तीसरे नंबर पर, गिल चौथे नंबर पर, रेड्डी, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और खतरनाक स्पिनर कुलदीप यादव निचले क्रम में हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का गेंदबाजी आक्रमण भी खतरनाक है। बुम. राह अपनी गेंदबाजी से, मोहम्मद सिराज अपनी आतिशी गेंदबाजी से और स्पिनर बीच के ओवरों में दमदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं जो कि वेस्टइंडीज के अनुभवी बल्लेबाजों को भी परेशान कर सकता है। वेस्टइंडीज की चुनौती इसलिए बहुत बड़ी है, क्योंकि टीम में शमर जोसेफ और अल्जारी जोसेफ नहीं हैं। ऐसे में जेडन सील्स तेज गेंदबाजी का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि कप्तान रोस्टन चेज, शाई होप, ब्रैंडन किंग और जॉन कैंपबेल को किसी तरह टीम को संभालना होगा। टीम के अधिकांश खिलाड़ियों ने 15 से कम टेस्ट मैच खेले हैं। पिच की बात की जाये तो यहां शुरुआत में रन बनते हैं लेकिन धीरे-धीरे यह टर्न लेती है और बाद में बल्लेबाजों के लिए मुश्किल है।

# तमीम इकबाल ने बीसीबी चुनावों से नामांकन लिया वापस

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने छह अक्टूबर को होने वाले बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनाव से अपनी बुधवार को उम्मीदवारी वापस ले ली है। बाए हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने आज औपचारिक रूप से अपना नामांकन पत्र वापस लेने के लिए बीसीबी मुख्यालय का दौरा किया। बाद में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप जानते हैं कि आज हमने अपना नामांकन वापस ले लिया है। मुझे मिलाकर हममें से लगभग 14-15 लोगों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस वापसी का कारण सभी को पता है मुझे नहीं लगता कि आपको कोई विवरण या स्पष्टीकरण देने की आवश्यकता है। तमीम ने शुरुआत में बीसीबी चुनाव में निदेशक पद के लिए चुनाव लड़ने में रुचि दिखाई थी, लेकिन आखिरी समय में उन्होंने



अपना मन बदल लिया। नामांकन दाखिल करने के बाद, उन्होंने खुले तौर पर इस प्रक्रिया में सरकारी हस्तक्षेप का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मैं शुरू से ही एक बात कहता रहा हूं और अब आप सभी इस बारे में स्पष्ट हैं। यह चुनाव किस दिशा में जा रहा है या इसे कैसे संचा. लित किया जा रहा है। जो भी किसी भी समय सही लगता है, जो भी वे करना चाहते हैं, किया जा रहा है। वास्तव में चुनाव नहीं है और यह किसी भी तरह से क्रिकेट के अनुकूल नहीं है। मुझे यकीन है कि जब चुनाव आयोग आज नाम वापस लेने वालों की सूची देगा, तो आप उनके नाम

# कैथरीन ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 5000 मीटर टी54 और 800 मीटर टी53 स्पर्धाओं में पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकीं कैथरीन डेब्रनर ने बुधवार सुबह 3:16:81 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मीटर टी54 का खिताब भी अपने नाम किया। इसी के साथ वह इस

**● कैथरीन ने बुधवार सुबह 3:16:61 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मी. टी54 का खिताब अपने नाम किया**

चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली एथलीट बनीं।

गत चैंपियन झोउ झाओकियान (चीन) 800 मीटर के बाद दूसरी बार दूसरे स्थान पर खिसक गईं। चीनी खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में 100 मीटर और 400 मीटर स्प्रिंट में डेब्रनर को मात देने की उम्मीद कर रही होंगी, लेकिन डेब्रनर के पास पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में चार स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव है और वह इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

पुरुषों की शॉट पुट एफ36 स्पर्धा में व्लादिमीर स्विरिडोव (न्यूट्रल पैरा एथलीट) ने अपने अंतिम प्रयास में 17.01 मीटर का शानदार थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। पिछली बार सर्कल में प्रवेश करने पर, रूस में जन्मे इस एथलीट ने 16-93 मीटर का थ्रो फेंककर गत चैंपियन यासीन गुएनिची से बढ़त हासिल की थी, लेकिन आखिरी प्रयास में गुएनिची उनसे आगे निकल गए।

गुएनिची पहले दो राउंड के बाद 16.57 मीटर और 16.74 मीटर के थ्रो के साथ आठ एथलीटों के समूह में सबसे आगे थे,

# बुमराह के दोनों टेस्ट में खेलने का फैसला पहले मैच के बाद: गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा है की तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वेस्ट इंडीज के खिलाफ दोनों टेस्ट में खेलने का फैसला पहले मैच के बाद किया जाएगा। गिल ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। इंग्लैंड में यह लगातार चर्चा का विषय रहा क्योंकि सीरीज से पहले ही ऐलान किया गया था कि बुमराह पांच में से सिर्फ़ तीन टेस्ट खेलेंगे ताकि उनकी फ़िटनेस मैनेज हो सके। अब क्या होगा? गिल ने कहा कि हम फ़ैसला मैच-दर-मैच लेंगे। हम यह भी देखेंगे कि टेस्ट मैच कितना लंबा गया और हमारे तेज गेंदबाज ने कितने ओवर डाले। कुछ भी पहले से तय नहीं है। हम फ़ैसला तब करेंगे जब टेस्ट खत्म होगा और देखेंगे कि हमारे तेज गेंदबाज कैसा महसूस कर रहे हैं और उनकी बॉडी कैसी है। वहीं एक बल्लेबाज के रूप में मुझे नहीं लगता कि यह शारीरिक थकान है, बल्कि यह ज़्यादा मानसिक है। गेंदबाजों के लिए यह थोड़ा अलग है। फ़िलहाल मैं तरोताजा महसूस कर रहा हूं और मेरा शरीर तैयार है। मैं सिर्फ़ इस हफ्ते और अगले हफ्ते पर ध्यान दे रहा हूं और उसी हिसाब से फ़ैसले लूंगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि बुमराह के दोनों टेस्ट में खेलने पर फ़ैसला पहले मैच के बाद ही होगा।

## हम ऐसी विकेट पर खेलना चाहते हैं, जो गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को कुछ दे: शुभमन गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि पिछली घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 3-0 के हार के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना बहुत ज़रूरी हो गया है। अहमदाबाद टेस्ट से एक दिन पहले पत्रकारों से बात करते हुए गिल ने कहा, षपिछले कुछ सालों में अगर आप टेस्ट मैच देखें तो वे पांच दिन तक नहीं चले हैं। इसलिए हमारा लक्ष्य हार्ड क्रिकेट खेलना है। इंग्लैंड में हमने जितने भी टेस्ट खेले, सभी पांचवे दिन तक गए,।

मेरा मानना है कि आप हमसे यही उम्मीद कर सकते हैं कि हम अच्छा, सख्त और धैर्य वाला क्रिकेट खेलेंगे और आसान विकल्प नहीं तलाशेंगे। हमारे पास किसी भी तरह की स्थिति में दबदबा बनाने की क़ाबिलियत है। हमारे पास जो प्रतिभा है, उससे हम किसी भी परिस्थिति से वापसी कर सकते हैं। पिछले कुछ सालों में जब भारत ने टेस्ट क्रिकेट के लिए टीमों की मेजबानी की है तो अक्सर टर्निंग पिचें तैयार की गई हैं। इस साल इंग्लैंड में भारत ने 2-2 की सीरीज में अच्छा मुक़ाबला किया, तो अब कैसी पिच की उम्मीद करनी चाहिए? गिल ने कहा कि मैं उन चर्चाओं पर कुछ नहीं कह सकता, जो मेरे आने से पहले हुई, लेकिन हम ऐसी विकेटों पर खेलना चाहेंगे जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को कुछ दे।लेकिन यह भी सच है कि जब भी कोई टीम भारत आती है तो असली चुनौती स्पिन और रिवर्स स्विंग होती है। अगर टीमें स्पिन को अच्छे से खेल पाती हैं और रिवर्स स्विंग को चुनौती दे पाती हैं तो उन्हें अच्छी क़ामयाबी मिल सकती है। तो इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आप ऐसी विकेट पर खेलना चाहेंगे, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद दे। इंग्लैंड में भारत ने तेज गेंदबाजी पर आधारित आक्रमण चुना था और सिर्फ रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर जैसे ऑलराउंडर्स ही स्पिनर थे, जबकि कुलदीप यादव को पांचों टेस्ट में नहीं खिलाया गया।

# एनसीआरबी की रिपोर्ट

नेशनल रिकॉर्ड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोट्र्स सार्वजनिक की है। रिपोर्ट के आंकड़े बता रहे हैं कि अपराधों पर इस तरह का नियंत्रण नहीं हो पा रहा है जिस तरह की सरकारें दावा करती हैं। 2023 में कुल अपराधों की बात करें, तो 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए हैं, जो 2022 की तुलना में 7 फीसदी ज्यादा हैं। यह देखना बेहद दुखद है कि इन अपराधों में सबसे बड़ी संख्या महिलाओं को लेकर है। महिलाओं पर 4 लाख 48 हजार अपराध दर्ज हुए हैं। जो दस साल में सबसे ज्यादा हैं। यह देखना भी बेहद दिलचस्प है कि उप्र समग्र अपराध हत्या अपहरण और सड़क दुर्घटनाओ में उच्च स्थान पर है। वहीं महिलाओं के खिलाफ अपराध और दुष्कर्म मामले में राजस्थान सबसे आगे है। रंगदारी में जरूर महाराष्ट्र सबसे आगे निकलता दिखाई दे रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार राज्यो में हत्या और अपहरण मामलों में उप्र व बिहार ऊपर हैं। इससे साफ है कि गंभीर अपराध इन दोनो राज्यो में अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि सड़क हादसों के मामले में भी उप्र टॉप पर है। देशभर में साइबर क्राइम के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इस संबंध में 86 हजार 420 केस दर्ज हुए। इनमें भी साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। साइबर के सबसे कम मामले सिक्किम में दर्ज किए गए। हत्या के मामले में यूपी, बिहार के बाद महाराष्ट्र और एमपी का नंबर आया है। केंद्रशासित प्रदेशों की बात करें, तो हत्याओं की सबसे अधिक वारदात देश की राजधानी दिल्ली में हुईं। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि यह तब है जब तमाम सरकारें यह दावा करती हैं कि हमने अपराधों पर अंकुश पा लिया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट साफ संकेत दे रही है कि सरकारों के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। भले ही वह अपने बयानों के माध्यम से वहां के मुख्यमंत्री व अन्य नेतागण बड़ी बातें करते हों लेकिन जमीनी हकीकत इससे इतर है। यूपी की ही बात करें तो सीएम योगी आदित्यनाथ अपराधों को लेकर बेहद सख्त दिखाई देते हैं, पुलिस ने बाकायदा अपराधियों के खिलाफ हॉफ एनकाउंटर भी चलाया हुआ है, लेकिन रिपोर्ट से साफ है कि यह कवायद जमीन पर कोई रंग लाती दिखाई नहीं दे रही है, बल्कि सच्चाई यह है कि अपराध घटने के बजाए और बढ़ोतरी की तरफ इशारा कर रहे हैं। यूं तो यह रिपोर्ट 2023 के आंकड़ों पर आधारित है और 2024 के आने बाकी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जिस तरह के हालात हैं, उसको देखकर नहीं लगता कि यह आंकड़े 2023 से इतर होंगे। रोज हम देखते हैं कि किस तरह समाचार पत्रों में अपराधों की घटनाओं की बाढ़ सी आई हुई होती है, जो इशारा करती है कि अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है और पुलिस की सारी कवायद अपराधियो में वह खौफ पैदा नहीं कर पा रही है, जिस तरह का खौफ होना चाहिए। यह कहानी किसी एक राज्य की नहीं है। कमोबेश देश के मुख्य राज्यों का यही हाल है। निश्चित रूप से अपराधों का बढ़ता ग्राफ हमें गंभीर चिंतन की तरफ ले जाने के लिए मजबूर करता है, लेकिन क्या हमारी राज्य सरकारें इस पर गंभीरता से विचार करेंगी।

## कश्मीरियों को बंदूक का डर दिखा रही भाजपा



कश्मीर में लोगों को जबरन, यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है, जब मैं स्टूडेंट थी, तो हम अपनी इच्छा से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन अब यह दबाव डालकर करवाया जा रहा है, यह सरकार की विफलता है, हमारे खेल मैदान छीने जा रहे हैं, अगर युवाओं से ये सार्वजनिक स्थान छीन लिए गए, तो असंतोष बढ़ेगा, पुलिस हमारी रक्षक हैं, शहीदों का स्मारक कहीं और भी बनाया जा सकता है, जम्मू-कश्मीर में ऐसी जगहों की कमी नहीं है।

**महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख**

# राष्ट्र साधना के सौ वर्ष





नरेंद्र मोदी

100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ए हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए,नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ए हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमई यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में खुध्द को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण,महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है।

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम् से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आजादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेना. नियों को संघ संरक्षण देता रहा। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते है, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है। समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है।

प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना। यह हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं। अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया। स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है। जो दुर्गम हैं जहां पहुंचना सबसे कठिन है।

संघ दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है। अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती। विद्या भारती, एकल विद्यालय। वनवासी कल्याण आश्रम। आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं। समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियां हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, यह हिन्दू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। यह एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर ह्न हिन्दू पतितो भवेत' की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया।

वर्तमान सरसंघचालक आदरणीय मोहन भागवत जी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है। जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ए खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है।

संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण यह संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं। स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है। आज हमारी सामा. जिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विक. सित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुनः प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**प्रधानमंत्री बनने के बाद शास्त्री जी जब पहली बार अपने घर काशी आ रहे थे, तब पुलिस-प्रशासन उनके स्वागत के लिए चार महीने पहले से ही तैयारियों में जुट गया था। चूंकि उनके घर तक जाने वाली गलियां काफी संकरी थी, जिसके चलते उनकी गाड़ी का वहां तक पहुंचना संभव नहीं था, इसलिए प्रशासन द्वारा वहां तक रास्ता बनाने के लिए गलियों को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया। शास्त्री जी को जब यह बात पता चली तो उन्होंने तुरंत संदेश भेजा कि गली को चौड़ा करने के लिए किसी भी सूरत में कोई भी मकान तोड़ा न जाए, मैं पैदल ही घर जाऊंगा। 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आज हम 121वीं जयंती मना रहे हैं।**

# सादगी और ईमानदारी का दूसरा नाम थे शास्त्री



श्वेता गोयल

भारत के प्रधानमंत्री बनने से पहले लाल बहादुर शास्त्री भारत सरकार में विदेश मंत्री, गृहमंत्री और रेल मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके थे। एक बार वे रेल के एसी कोच में सफर कर रहे थे। उस दौरान वे यात्रियों की समस्या जानने के लिए जनरल बोगी में चले गए। वहां उन्होंने अनुभव किया कि यात्रियों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे वे काफी नाराज हुए और उन्होंने जनरल डिब्बे के यात्रियों को भी सुविधाएं देने का निर्णय लिया। रेल के जनरल डिब्बों में पहली बार पंखा लगवाते हुए रेलों में यात्रियों को खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैंट्री की सुविधा भी उन्होंने शुरू करवाई। एक अन्य अवसर पर रेल में यात्रा करते वक्त शास्त्री जी उस समय भड़क गए थे, जब विशेष रूप से उनके लिए रेल कोच में कूलर लगाने की व्यवस्था की गई। शास्त्री जी उस समय रेल मंत्री थे और बम्बई जा रहे थे। गाड़ी चलने पर शास्त्री जी अपने पीए से बोले कि बाहर तो बहुत गर्मी है लेकिन डिब्बे में काफी ठंडक है। तब उनके पीए कैलाश बाबू ने कहा, सर, डिब्बे में कूलर लग गया है, इसीलिए डिब्बे में इतनी ठंडक है। शास्त्री जी को गुस्सा आया और उन्होंने अपने पीए से पूछा कि बगैर मुझसे पूछे कूलर कैसे लग गया? आप लोग कोई भी कार्य करने से पहले मुझसे पूछते क्यों नहीं? क्या इतने सारे लोग, जो इस गाड़ी में चल रहे हैं, उन्हें गर्मी नहीं लगती होगी? उन्होंने कहा कि होना तो यह चाहिए था कि मुझे भी जनरल डिब्बे में ही सफर करना चाहिए था लेकिन वह संभव नहीं है किन्तु जितना हो सकता है, उतना तो किया ही जाना चाहिए। उन्होंने सख्त लहजे में पीए को निर्देश दिया कि अगले स्टेशन पर गाड़ी जहां भी रुके, वहां सबसे पहले इस कूलर को निकलवाइए। इस प्रकार मथुरा स्टेशन पर शास्त्री जी कूलर हटवाकर ही माने।

1964 में शास्त्री जी जब प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ इंपाला शेवरले कार भी मिली थी लेकिन उसका उपयोग वे बहुत ही कम किया करते थे। वह गाड़ी किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही निकाली जाती थी। एक बार की बात है, जब शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री किसी निजी कार्य के लिए यही सरकारी कार उनसे बगैर पूछे निकालकर ले गए और अपना काम पूरा करने के पश्चात कार चुपचाप लाकर खड़ी कर दी। जब शास्त्री जी को इस बात का पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा कि गाड़ी कितने किलोमीटर चलाई गई? ड्राइवर ने बताया, चौदह किलोमीटर। उसके बाद शास्त्री जी ने उसे निर्देश दिया कि रिकॉर्ड में लिख दो, चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज। शास्त्री जी इतने से ही शांत नहीं हुए, उन्होंने पत्नी ललिता को बुलाया और निर्देश दिया कि निजी कार्य के लिए गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए उनके निजी सचिव से कहकर वह सात पैसे प्रति किलोमीटर की दर से सरकारी कोष में पैसे जमा करवा दें। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन हेतु आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिता को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रूपए मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रूपए ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं। पत्नी का यह जवाब मिलने के बाद शास्त्री जी ने संस्था को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार से उनके परिवार को केवल चालीस रूपए ही भेजे जाएं और बचे हुए दस रूपए से किसी और जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अहिंसा गांधी का शास्त्र, भारत की पहचान व नई पीढ़ी की चुनौती



वीरेश तरार

भारत के इतिहास में महात्मा गांधी का नाम केवल स्वतंत्रता संग्राम के नायक के रूप में ही नहीं, बल्कि एक ऐसे पथप्रदर्शक के रूप में दर्ज है जिन्होंने दुनिया को यह दिखाया कि बिना हथियार, बिना बारूद और बिना हिंसा के भी सबसे बड़ी साम्राज्यवादी ताकत को हराया जा सकता है। दो अक्टूबर को जब हम गांधी जयंती मनाते हैं, तो यह केवल उनके जन्म की स्मृति नहीं होती, बल्कि यह हमारे लिए एक अवसर होता है कि हम गांधी के विचारों को, उनके शास्त्रों को और उनके मूल्यों को आज की परिस्थितियों में परखें। यह सच है कि आजादी के संघर्ष के समय गांधी ने जिस अहिंसा के शस्त्र को चुना था, वही आगे चलकर दुनिया की अनेक लड़ाइयों और आंदोलनों का भी आधार बना। लेकिन यह भी सच है कि आज की नई पीढ़ी अहिंसा की ताकत को उतना नहीं समझती जितना उसे समझना चाहिए।

गांधी का अहिंसा का मार्ग अचानक पैदा नहीं हुआ। यह एक लंबे अनुभव, अध्ययन और आत्मचिंतन की प्रक्रिया का परिणाम था। बचपन से ही वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे। जैन साधुओं और वैष्णव भक्ति परंपरा का वातावरण उनके जीवन को प्रभावित करता रहा। अहिंसा उनके लिए केवल एक नीति नहीं थी, बल्कि यह एक गहरी आध्यात्मिक अनुभूति थी। बाद में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में रहकर उन्होंने जब उपनिवेशवाद की क्रूरता और नस्लीय भेदभाव को देखा, तब उन्होंने यह ठान लिया कि लड़ाई का रास्ता तलवार और बंदूक से नहीं, बल्कि सत्य और अहिंसा से ही निकलेगा। सत्याग्रह का प्रयोग सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में हुआ। रंगभेद के खिलाफ भारतीयों की आवाज को संगठित करने के लिए गांधी ने न केवल जनजागरण किया, बल्कि उन्हें यह विश्वास भी दिलाया कि बिना हिंसा के, शांतिपूर्ण ढंग से भी हम सत्ता को झुका सकते हैं। यह प्रयोग सफल रहा और गांधी को जीवनभर का मार्ग मिल गया। भारत लौटने के बाद चंपारण सत्याग्रह, खेड़ा और अहमदाबाद मिल आंदोलन से लेकर नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन तक हर जगह गांधी ने यही रास्ता अपनाया। परिणाम यह हुआ कि भारत के सामान्य किसान, मजदूर, स्त्री, पुरुष, शिक्षित और अशिक्षित सभी लोग इस अहिंसा की सेना के सिपाही बन गए। बंदूक के सामने निहत्थे खड़े हो जाना, डंडे खाने के बाद भी जवाब में पत्थर न उठाना, यह आसान नहीं था। लेकिन इसने ब्रिटिश हुकूमत को भीतर से हिला दिया।

यहां यह समझना जरूरी है कि अहिंसा का अर्थ कायरता नहीं है। गांधी कहते थे कि कायरता और हिंसा में से चुनाव करना पड़े तो मैं हिंसा को चुनूंगा, लेकिन अहिंसा कायरता नहीं है, यह वीरता का सर्वोच्च रूप है। हिंसा तो पलभर में प्रतिशोध की आग में भड़क जाती है, लेकिन अहिंसा के लिए धैर्य, साहस और सहनशीलता चाहिए। किसी का थप्पड़ खाकर मुस्कुराना कोई साधारण काम नहीं है, लेकिन जब हजारों लोग यह करने लगें, तो सत्ता की नींव हिल जाती है। यही गांधी का चमत्कार था। भारत ने इसी मार्ग से स्वतंत्रता पाई। दुनिया ने इसे देखा और माना। दक्षिण अफीका के नेल्सन मंडेला ने गांधी के अहिंसावादी सिद्धांत को अपनाया और रंगभेद की जंजीरों को तोड़ा। अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने इसी सिद्धांत के सहारे नस्लीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया और श्वेत सत्ता को झुकाया। म्यांमार में आंग सान सू की ने गांधी का हवाला दिया। इस तरह गांधी का अहिंसा का शास्त्र केवल भारत की धरोहर नहीं रहा, बल्कि यह दुनिया की संपत्ति बन गया, लेकिन आज जब हम अपने देश को देखते हैं, तो गांधी की विरासत कहीं खोती हुई दिखाई देती है। आंदोलनों में पत्थरबाजी, आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा को सामान्य मान लिया गया है। नतीजा यह होता है कि सरकार दमन करती है, लाठीचार्ज होता है, गोलियां चलती हैं और जिनके लिए सहानुभूति पैदा होनी चाहिए, वही अपराधी घोषित कर दिए जाते हैं। हाल ही में किसानों का आंदोलन इसका एक उदाहरण था। चौदह महीने तक किसान शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली की सीमाओं पर बैठे रहे। न तो कोई हिंसा हुई, न ही कोई बड़ी तोड़फोड़। धीरे-धीरे पूरा देश उनकी आवाज के साथ खड़ा हो गया और आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा। इसी तरह लेह-लद्दाख का आंदोलन भी तब तक सफल रहा जब तक वह अहिंसक था। लेकिन जैसे ही हिंसा की एक चिंगारी उठी, सहानुभूति खत्म हो गई, आंदोलन कमजोर पड़ गया और नेता जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए।

यह बात हमारी समझ में आनी चाहिए कि अहिंसा केवल एक नैतिक मूल्य नहीं है, बल्कि यह एक रणनीति भी है। शांतिपूर्ण आंदोलन से सरकार और समाज को यह संदेश जाता है कि यह संघर्ष किसी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि न्याय के लिए है। हिंसा होते ही यह नैतिक ऊंचाई खो जाती है। गांधी का चमत्कार यही था कि उन्होंने आंदोलन को नैतिक ऊंचाई पर टिकाए रखा। विदेशी अखबारों से लेकर ब्रिटिश संसद तक में यह चर्चा होती थी कि भारत के लोग कितने अनुशासित और कितने शांतिप्रिय होकर संघर्ष कर रहे हैं। यह अनुशासन ही हमारी ताकत बना।



आज जरूरत है कि हम इस अनुशासन को फिर से जीवित करें। नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि अहिंसा कोई पुरानी, बासी या अव्यावहारिक चीज नहीं है। बल्कि यह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी गांधी के समय थी। आज जब दुनिया में आतंकवाद, सांप्रदायिकता, पूंजीवाद और हिंसा का बोलबाला है, तब गांधी की यह सीख और भी जरूरी हो जाती है। एक गोली का जवाब दूसरी गोली से देने का परिणाम केवल मौत और तबाही है। लेकिन एक गोली का जवाब मौन रहकर, सीना तानकर खड़े होने से सरकार और समाज दोनों का चेहरा उजागर होता है।

गांधी ने कहा था कि अहिंसा परमो धर्मः केवल ग्रंथों की पंक्ति नहीं है, यह जीवन का मार्ग है। भारत में जैन धर्म, बौद्ध धर्म और वैष्णव परंपरा सबने इसे माना। गांधी ने इसे राजनीति का शस्त्र बना दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शटडाउन से अमेरिका बेहाल

## सरकारी कामकाज ठप, नौ लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर छाया संकट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आज से शटडाउन लागू हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीनेट से फंडिंग बिल को पास नहीं करा पाए। इससे कई गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गए हैं, जिससे करीब 9 लाख सरकारी कर्मचारियों को बिना सैलरी छुट्टी पर भेजने की नौबत आ गई है। दरअसल, मंगलवार देर रात बिल पर वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में 55 और विरोध में 45 वोट पड़े। इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी।

ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। सीनेट में मंगलवार को फंडिंग बिल पर वोटिंग के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के बीच तीखी बहस हुई। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई थी। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर था कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रोकने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। शटडाउन के दौरान, ट्रम्प प्रशासन आफिस आफ मैनेजमेंट एंड बजट (ओएमबी) के जरिए जरूरी और गैर-जरूरी सेवाओं का फैसला कर सकता है। इससे वे डेमोक्रेट समर्थित प्रोग्राम्स जैसे शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य सब्सिडी को गैर-जरूरी कर सकते हैं, जबकि डिफेंस और इमिग्रेशन को जरूरी का दर्जा दे सकते हैं। ट्रम्प ने खुद कहा है शटडाउन से कई अच्छी चीजें होंगी।




■ ट्रम्प फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए, 60 वोटों की जरूरत थी, 55 ही मिले
■ फंडिंग बिल पर वोटिंग के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के बीच तीखी बहस हुई

### छोटे शटडाउन से ट्रम्प को होगा ज्यादा फायदा

**छोटे** शटडाउन से ट्रम्प को ज्यादा फायदा होगा क्योंकि वे अपने एजेंडे को आगे बढ़ा सकते हैं, लेकिन लंबा खिंचने पर आर्थिक नुकसान से उनकी छवि खराब हो सकती है। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका में सरकारी शटडाउन लगने के बाद अब सरकार के पास खर्च के लिए पैसा नहीं होगा। इससे सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली सैलरी से लेकर तमाम दूसरे खर्च रुक जाएंगे।

# फिलीपींस में 6.9 तीव्रता का भूकंप

## 69 की मौत, 150 से ज्यादा घायल, कई मकान और चर्च धराशाई हुए

**मनीला।** फिलीपींस के सेबू प्रांत में मंगलवार रात को 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसकी वजह से 69 लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब 150 घायल है। न्यूज एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया है। रेस्क्यू टीमें मंगलवार रात से ही बचाव अभियान चला रही हैं।

अमेरिकी जियोलाजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने पहले इसे 7.0 तीव्रता का बताया था, लेकिन बाद में कम करके 6.9 कर दिया। भूकंप का केंद्र सेबू आइलैंड के बोगो शहर के पास था। इस शहर की आबादी 90 हजार है। पहले झटके के बाद इलाके में 5 या उससे अधिक तीव्रता के चार और झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के तेज झटकों की वजह से एक चर्च का ऊपरी हिस्सा गिर गया। भूकंप के झटकों के दौरान लोग घरों से बाहर निकल आए और एक दूसरे को पकड़कर खड़े रहे।



■ मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया

भूकंप से एक होटल के फर्श की टाइल टूट गई और लोग भागने पर मजबूर हो गए। एक ब्लागर ने अपने कैमरे में भूकंप के झटकों को रिकॉर्ड किया। वह फिलीपींस के एक बार में बैठा हुआ था। रैम्प वाक शो के दौरान भूकंप के झटकों के बाद महिला माडल रैम्प से कूदकर भाग गईं। रैम्प वाक शो में मौजूद कई दूसरे लोग भी भूकंप के झटकों के दौरान भागते नजर आए। भूकंप में फूड चेन मैकडानल्ड्स के एक आउटलेट की दो मंजिला बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा। इस बिल्डिंग की दीवारें टूट गईं, जिससे वह एक तरफ झुक गई। राहतकर्मियों ने भूकंप में घायल हुए लोगों को रेस्क्यू करके अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पर्याप्त जगह नहीं होने से कई घायलों का बाहर ही इलाज करना पड़ा। फिलीपींस रिंग आफ फायर के पास मौजूद है, ऐसे में यहां भूकंप आना आम बात है। रिंग आफ फायर ऐसा इलाका है, जहां कई कान्टिनेंटल के साथ ही ओशियनिक टेक्टोनिक प्लेट्स भी हैं। ये प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो भूकंप आता है, सुनामी उठती है और ज्वालामुखी फटते हैं। दुनिया के 90 प्रतिशत भूकंप इसी रिंग आफ फायर क्षेत्र में आते हैं। यह क्षेत्र 40 हजार किलोमीटर में फैला है। दुनिया में जितने सक्रिय ज्वालामुखी हैं, उनमें से 75 प्रतिशत इसी क्षेत्र में हैं। जापान, रूस, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका, कनाडा, अमेरिका, मेक्सिको, ग्वाटेमाला, कोस्टा रिका, पेरू, इक्वाडोर, चिली और बोलिविया रिंग आफ फायर के पास हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में भारतीय छात्रा का शव फंदे पर झूलता मिला

**ढाका।** बांग्लादेश की ढाका में भारत की मेडिकल छात्रा निंदा खान (19 साल) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह राजस्थान के झालावाड़ की रहने वाली थीं। वह अड-डिन मोमिन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को परीक्षा में नकल करते हुए पकड़े जाने के बाद कॉलेज प्रशासन ने उसे निष्कासित कर दिया था। इसके कुछ घंटों बाद रविवार तड़के उसका शव हास्टल के कमरे में फांसी से लटका मिला। ढाका पुलिस प्रमुख सैयद मोहम्मद अख्तर ने बताया कि उन्हें सुबह 4:15 बजे सूचना मिली और मौके पर पहुंचने पर छात्रा का शव बरामद किया गया।

### इंडोनेशिया में स्कूल की इमारत ढहने से कम से कम 91 लोग फंसे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बुधवार को कहा कि पूर्वी जावा प्रांत के सिदोअर्जो जिले में 29 सितम्बर को एक स्कूल की इमारत ढहने के बाद कम से कम 91 लोग फंस गए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनपीबी) के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि कल शाम तक, इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी थी और 90 से जयादा घायल हो गए थे, जबकि 26 अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। विभिन्न एजेंसियों के सैकड़ों बचावकर्मियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। भारी मशीनरी के इस्तेमाल से इमारत के ढहने की आशंका की वजह से बचावकर्मियों ने हाथ से खुदाई पर ध्यान केंद्रित किया है। वे मलबे में फंसे लोगों तक खाना और पानी पहुंचा रहे हैं।

### हमास से ट्रम्प की गाजा योजना स्वीकार करने का आग्रह

**मॉस्को।** कतर, मिस्र और तुर्की ने हमास से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया है। एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। ट्रम्प ने सोमवार को गाजा संघर्ष को हल करने के लिए 20-सूत्रीय योजना का प्रस्ताव सामने रखा। इस प्रस्ताव में अन्य बातों के साथ, तत्काल युद्धविराम और 72 घंटों के भीतर बंधकों की रिहाई की मांग की गई है। प्रस्तावित योजना में यह भी निर्धारित किया गया है कि हमास और 'अन्य समूहों' को गाजा शासन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी छोड़नी होगी। प्रस्ताव के मुताबिक गाजा का शासन एक 'तकनीकी, गैर-राजनीतिक फिलिस्तीनी समिति' द्वारा किया जाएगा।

# आतंकवाद की चुनौती से मिलकर निपटेंगे भारत-उज्बेकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत और उज्बेकिस्तान ने आतंकवाद की चुनौती का मिलकर मुकाबला करने तथा इस क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए सूचना साझा करने, क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम तौर तरीकों के आदान-प्रदान की जरूरत पर बल दिया है। दोनों देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद से संबंधित मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर भी चर्चा की।

भारत-उज्बेकिस्तान आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह की नौवीं बैठक मंगलवार को ताशकंद में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद निरोधक) डॉ. विनोद जे. बहाडे और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका सहयोग विभाग के प्रमुख गुलामजोन पिरिमकुलोव ने की। दोनों पक्षों ने वैश्विक स्तर पर और अपने-अपने क्षेत्रों में आतंकवादी समूहों द्वारा उत्पन्न खतरों पर चर्चा की। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिनमें उग्रवाद और कट्टरपंथ का मुकाबला, आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला, आतंकवादी उद्देश्यों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को रोकना, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और आतंकवाद के बीच गठजोड़ और आतंकवादियों की वैश्विक आवाजाही जैसे मुद्दे शामिल हैं। दोनों पक्षों ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की निंदा की। उन्होंने सूचना साझा करने क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से आतंकवाद से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया।

# बेंजामिन नेतन्याहू ने 30 साल में तीन मुस्लिम देशों से मांगी माफी

## कतर से पहले जॉर्डन ने किया था मजबूर

**तेल अवीव।** हमास से जुड़े बड़े लीडर्स राजधानी के एक रिहाइशी काम्प्लेक्स में सीजफायर को लेकर चर्चा करने के लिए इकट्ठा हुए थे।

मीटिंग चल ही रही थी कि इजरायली एयरफोर्स ने रेड सी से बैलिस्टिक मिसाइल से इमारत को निशाना बनाकर हमला कर दिया। हमले में हमास के 5 अधिकारी समेत कतर सेना के एक सैनिक की मौत हो गई। कतर पर हमला ट्रम्प की असफलता माना गया। हमले के 5 दिन बाद ही दोहा में 50 से ज्यादा मुस्लिम देशों के नेता इकट्ठा हुए और इजरायली हमले की निंदा की। दबाव इतना बढ़ा कि 20 दिन बाद नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस से कतर के पीएम को फोन कर माफी मांगी।



■ तुर्की को इजरायल ने मुआवजा भी दिया था

उन्होंने साफ कहा कि इजरायल दोबारा कभी कतर पर हमला करने की गलती नहीं करेगा। कतर, अमेरिका का मित्र देश है। अमेरिका उसे 1992 से सुरक्षा गारंटी दे रहा है। बदले में कतर, अमेरिका को अरबों का निवेश देता है। इसी साल मई में कतर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को 3400 करोड़ का लग्जरी प्लेन गिफ्ट किया था। यह पहली बार नहीं है जब इजरायल को अपनी आक्रामक नीतियों की वजह से मुस्लिम देशों से माफी मांगनी पड़ी है। इससे पहले भी नेतन्याहू जार्डन और तुर्की से माफी मांग चुके हैं बेंजामिन नेतन्याहू जून 1996 में पहली बार इजरायल के प्रधानमंत्री बने थे। पद संभालने के बाद ही उन्होंने हमास को टारगेट करना शुरू किया। उन्होंने हमास में तेजी से उभर रहे नेता खालिद मेशाल को मारने के लिए खुद मोसाद के 6 एजेंट्स चुने। खालिद मेशाल उन दिनों हमास का प्रवक्ता था और जार्डन में रह रहा था। 25 सितम्बर 1997 का दिन चुना गया जब उसकी हत्या होनी थी।

# इजरायली हमलों से फिर दहला गाजा, 16 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी पर इजरायल के हवाई हमले लगातार जारी हैं। बुधवार को कम से कम 16 फलस्तीनी नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है। यह हमले ऐसे समय हो रहे हैं जब पूरी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शांति योजना पर हमास की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है।

मृतकों में वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने गाजा सिटी के अल-फलाह स्कूल में शरण ली थी। अधिकारियों के मुताबिक स्कूल पर दो बार हमला हुआ। अस्पतालों ने बताया कि हमलों में राहतकर्मी भी मारे गए। सुबह एक और हमले में पांच लोगों की मौत तब हुई जब वे पीने के पानी की टंकी के पास खड़े थे। गाजा सिटी के शिफा अस्पताल ने एक व्यक्ति के शव को लिया, जिसकी मौत अपार्टमेंट पर हमले में हुई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक दंपति की मौत हुई, जबकि बुरेज शिविर में एक व्यक्ति मारा गया। मंगलवार को तुर्की चौनल टीआरटी के पत्रकार यहया बरजाक भी एक हमले में मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि अब तक इजरायली अभियान में 66000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है और करीब 1.70 लाख लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग आधी है। हालांकि मंत्रालय नागरिक और आतंकी में अंतर नहीं करता। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में एक 20 सूत्रीय शांति योजना पेश की है। इसमें हमास से बंधकों की रिहाई, गाजा छोड़ने और हथियार डालने की शर्त रखी गई है।

■ अस्पतालों ने बताया कि हमले में राहतकर्मी भी मारे गए

# शांति प्रस्ताव पर फैसले के लिए हमास के पास 3-4 दिन का समय

**वाशिंगटन।** हमास ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा शांति प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने से पहले इसपर विचार करेगा और अन्य फलस्तीनी गुटों के साथ भी चर्चा करेगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही ट्रम्प के प्रस्ताव का समर्थन कर चुके हैं, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि हमास इस पर तैयार है या नहीं।

प्रस्ताव में कहा गया है कि हमास प्रभावी रूप से आत्मसमर्पण करे और निशस्त्रीकरण करे, बदले में गाजा में लड़ाई समाप्त होगी। फलस्तीनियों के लिए मानवीय सहायता और गाजा में पुनर्निर्माण का वादा किया गया है। ट्रम्प का कहना है कि हमास के पास प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के लिए 'तीन या चार दिन' का ही समय है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमास या तो प्रस्ताव पर सहमत होगा और अगर ऐसा नहीं होता है, तो इसका अंत बहुत दुखद होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके नवीनतम शांति प्रस्ताव में हमास के लिए बातचीत की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। कतर और मिस्र के अधिकारियों ने हमास के वार्ताकारों के सामने यह ट्रम्प का प्रस्ताव रखा है, जो इसकी समीक्षा कर रहे हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि अगर हमास इस समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो इजरायल को हमास को तबाह करने के लिए उनकी सरकार का पूरा समर्थन होगा। ट्रम्प ने कहा कि मैं उन्हें जो करना है, करने दूंगा। वे इसे बहुत आसानी से कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि वह जब भी संभव हो, वे गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए तैयार है। ट्रम्प के प्रस्ताव में कहा गया है कि सहायता की आपूर्ति इजरायल या हमास के हस्तक्षेप के बिना होगी और सहायता आपूर्ति संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों, और रेड क्रिसेंट के माध्यम से की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र की जिनेवा प्रवक्ता एलेसेंड्रा वेलुची ने कहा कि यूएन शांति प्रयासों को लेकर विभिन्न पक्षों के संपर्क में है। हम सभी मध्यस्थता का स्वागत करते हैं। पोप लियो ने हमास से ट्रम्प के शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की और तत्काल युद्धविराम और हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई का आह्वान दोहराया।

■ डेडलाइन के बाद ट्रम्प की अंजाम भुगतने की धमकी

# नेपाल, भूटान व श्रीलंका के लोगों को रुपये में ऋण दे सकेंगे भारतीय बैंक

**मुंबई।** रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्राधिकृत डीलर बैंक नेपाल, भूटान और श्रीलंका के लोगों को रुपये में ऋण दे सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही नियमों को अधिसूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेपाल, भूटान और श्रीलंका के नागरिकों के अलावा वहां के बैंकों को भी रुपये में कर्ज दिया जा सकेगा। इसके अलावा एक और बड़े बदलाव के तहत अब फाइनेंशल बेंचमार्क इंडिया लिमिटेड को अमेरिकी डॉलर, यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी येन के अलावा दूसरी मुद्राओं के लिए भी संदर्भ दर जारी करने के निर्देश दिये गए हैं।

# 3 मौतों के बाद POK में लोगों का गुस्सा चरम पर

## पाकिस्तान के सभी एंट्री पॉइंट बंद करने की धमकी दी

**जिनेवा।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में इन दिनों उबाल है और विरोध प्रदर्शन के दौरान तीन प्रदर्शनकारियों की मौत से लोगों का गुस्सा और भड़क गया है। पीओके का विरोध प्रदर्शन इस कदर व्यापक हो गया है कि विदेशों में बसे पीओके के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं।

यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के अध्यक्ष शौकत अली कश्मीरी ने स्विट्जरलैंड में न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में कहा कि यह विरोध प्रदर्शन लोगों की बुनियादी जरूरतों को लेकर है। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग बीते दो वर्षों से अपने बुनियादी अधिकारों के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शौकत अली कश्मीरी ने कहा कि जॉइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले लोग बीते दो वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। यह आंदोलन बुनियादी जरूरतों को लेकर है। बीते 77 वर्षों से पीओके के लोगों को बुनियादी अधिकारों और जरूरतों से दूर रखा गया। पहले राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने मंच से विरोध प्रदर्शन कर रहीं थीं। फिर सभी राजनीतिक पार्टियों और आम लोगों ने मिलकर एक जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी का गठन किया। बीते दो वर्षों से ये कमेटी ही आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी के अध्यक्ष ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की सरकार को कठपुतली सरकार बताया और आरोप लगाया कि ये कठपुतली सरकार लोगों की वैध और सही मांगों को भी पूरा करने में नाकाम रही। लोग बिजली की किल्लत, बेरोजगारी और संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कठपुतली सरकार उनकी जायज मांगों को भी पूरा नहीं कर पा रही है। यूकेपीएनपी के नेताओं ने धमकी दी कि आने वाले समय में आंदोलन और तेज होगा क्योंकि लोग अब सोशल मीडिया के जरिए जुड़े हुए हैं।



# नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए छटपटा रहे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलता है तो यह उनके देश का अपमान होगा। उन्होंने अपने इस दावे को दोहराया कि उन्होंने कम से कम सात अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई है।

ट्रम्प का यह ताजा बयान ऐसे समय में सामने आया, जब एक दिन पहले उन्होंने गाजा में जारी युद्ध को खत्म करने के लिए शांति योजना की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अगर हमास इस प्रस्ताव को स्वीकार करता है, तो यह आठवां संघर्ष होगा, जिसे उन्होंने मध्यस्थता करके खत्म किया होगा। ट्रम्प ने कहा क्या आपको नोबेल पुरस्कार मिलेगा? बिल्कुल नहीं। यह पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा जिसने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा यह हमारे देश का बड़ा अपमान होगा। मैं इसे (अपने लिए) नहीं चाहता, मैं चाहता हूं कि यह देश को मिले। उन्होंने आगे कहा, इसे देश को मिलना चाहिए क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति का यह दावा दस अक्टूबर से पहले आया है, जब इस साल नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की जाएगा। ट्रम्प लंबे समय से इस बात से परेशान हैं कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को 2009 में यह पुरस्कार मिला था, जो डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं। अपने ताजा संबोधन में ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उन्होंने इस साल जनवरी से सात संघर्षों को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि अगर गाजा शांति योजना सफल हो जाती है तो हमारे पास ऐसे आठ युद्ध होंगे, आठ महीनों में आठ युद्ध। यह बहुत अच्छा है। गाजा शांति योजना की पेशकश उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका यात्रा के दौरान की थी। पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सात महीने में सात संघर्ष खत्म किए हैं। उन्होंने कहा कहा जा रहा था कि ये संघर्ष खत्म नहीं होंगे। कुछ 31 साल से चल रहे थे। इनमें एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध खत्म किए और सभी मामलों में हजारों लोग मारे जा रहे थे।



■ ट्रम्प ने दोहराया सात संघर्षों को रोकने का दावा





